Page 11 | खेल

जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित

Page 09 | देश



**वैभव को खेलता देख आई सचिन तेंदुलकर की याद लेकिन माईकल क्लार्क ने कहा-टेस्ट के...**



**ममता बनर्जी से मिले उत्तर प्रदेश के पूर्व अखिलेश यादव, चुनाव पर उठाए सवाल**

कृष्ण पक्ष, श्रावण, विक्रम संवत् 2083 • औरंगाबाद • शनिवार • 09 मई 2026 • वर्ष 28 • अंक 156 • पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 2.00

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
| --- | --- |
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 1,39,950 | ₹ 2,75,000 |

## आज का इतिहास

**1653 :** भारत की विश्वविख्यात ऐतिहासिक इमारत ताज महल का निर्माण 22 वर्ष के निरंतर परिश्रम के बाद पूरा हुआ।

**2009 :** नासा ने चांद पर पानी की खोज के लिए टोही यान को अंतरिक्ष में भेजा।

## न्यूज बाइट्स

### नीतीश कुमार के विकास कार्यों को आगे बढ़ाएंगे निशांत कुमार

**पटना (नि.सं.)।** बिहार सरकार में नव नियुक्त स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार ने शुक्रवार को कहा कि उनके पिता एवं पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पिछले 20 वर्षों में किए गए विकास कार्यों को आगे भी पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ जारी रखा जाएगा। निशांत कुमार ने शुक्रवार को स्वास्थ्य मंत्री के रूप में पदभार ग्रहण किया। पदभार संभालने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने उन्हें जो महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है, उसका वह पूरी ईमानदारी एवं समर्पण भाव से निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में विकास और सुशासन की जो नींव रखी गई है, उसे और अधिक मजबूती देने तथा विकास कार्यों को नई गति प्रदान करने का प्रयास किया जाएगा। नव नियुक्त मंत्री ने स्वास्थ्य विभाग को और बेहतर बनाने तथा आम लोगों तक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने की दिशा में कार्य करने की प्रतिबद्धता भी जताई।

बिहार में ईवी चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने की तैयारी

# सुरक्षित परिचालन को बढ़ावा : ढाबों और पेट्रोल पंपों पर लगेंगे चार्जिंग स्टेशन

- केंद्र सरकार द्वारा राज्य को शीघ्र ही लगभग 400 इलेक्ट्रिक बसें उपलब्ध कराई जाने वाली हैं। इन बसों के परिचालन से पूर्व राज्य में चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर की मुकम्मल तैयारी सुनिश्चित की जाएगी



निज संवाददाता | पटना

बिहार में इलेक्ट्रिक वाहनों के सुगम एवं सुरक्षित परिचालन को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार ईवी चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर को तेजी से विकसित करने की तैयारी में जुट गई है। इसको लेकर शुक्रवार को परिवहन सचिव राज कुमार की अध्यक्षता में मोटर वाहन कंपनियों, पेट्रोलियम कंपनियों एवं विभिन्न ओईएम प्रतिनिधियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजमार्गों सहित प्रमुख सड़कों के किनारे स्थित ढाबों, होटल, मोटल, पेट्रोल पंप एवं अन्य उपयुक्त स्थलों पर ईवी चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

परिवहन सचिव राज कुमार ने कहा कि राज्य में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को बढ़ावा देने के लिए मजबूत चार्जिंग नेटवर्क विकसित करना सरकार की प्राथमिकता है, ताकि आम लोगों को निर्बाध एवं सुविधाजनक चार्जिंग सुविधा उपलब्ध हो सके। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा बिहार को जल्द ही लगभग 400 इलेक्ट्रिक बसें उपलब्ध कराई जाएंगी। इन बसों के परिचालन से पहले राज्य में चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर की पूरी तैयारी सुनिश्चित की जाएगी, ताकि सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को आधुनिक, पर्यावरण अनुकूल एवं अधिक प्रभावी बनाया जा सके। बैठक के दौरान विभिन्न कंपनियों एवं ओईएम से चार्जिंग स्टेशन की स्थापना, तकनीकी मानकों, आवश्यक सुविधाओं एवं बेहतर संचालन व्यवस्था को लेकर सुझाव भी मांगे गए। वाहन कंपनियों के प्रतिनिधियों ने बताया कि वर्तमान में अलग-अलग कंपनियों द्वारा अपने उपभोक्ताओं के लिए अलग-अलग मोबाइल एप संचालित किए जा रहे हैं, जिनके माध्यम से चार्जिंग स्टेशन की जानकारी दी जाती है। इस पर परिवहन सचिव ने कहा कि परिवहन विभाग एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म विकसित करेगा, जिसमें राज्य के सभी ईवी चार्जिंग स्टेशनों की जानकारी एक ही मंच पर उपलब्ध होगी। साथ ही इनकी लोकेशन गूगल मैप्स पर भी प्रदर्शित की जाएगी, ताकि आम लोगों को आसानी से चार्जिंग स्टेशन की जानकारी मिल सके। बैठक में यह भी निर्देश दिया गया कि जिन स्थानों पर वर्तमान में ईवी चार्जिंग स्टेशन संचालित हैं या भविष्य में स्थापित किए जाने प्रस्तावित हैं, उनकी विस्तृत सूची गूगल लोकेशन के साथ परिवहन विभाग को उपलब्ध कराई जाए। परिवहन विभाग ने बताया कि विभिन्न मोटर वाहन कंपनियों एवं तेल कंपनियों के समन्वय से राज्य में ईवी चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जाएंगे। कंपनियों की सहमति मिलने के बाद परिवहन विभाग एवं संबंधित कंपनियों के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किए जाएंगे और इसके बाद परियोजना के क्रियान्वयन की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। बैठक में राज्य परिवहन आयुक्त आरिफ अहसन, संयुक्त सचिव इंदु कुमार सहित विभिन्न वाहन निर्माता कंपनियों, पेट्रोलियम कंपनियों एवं चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़े प्रतिनिधि मौजूद रहे।

ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा

# जीविका दीदियों को जल्द मिलेगी दूसरी किश्त पांच किश्तों में होगा दो लाख का भुगतान

निज संवाददाता | पटना

बिहार सरकार में ग्रामीण विकास मंत्री का पदभार संभालने के बाद श्रवण कुमार ने बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि जीविका दीदियों को जल्द ही दूसरी किश्त की राशि भेजी जाएगी। उन्होंने बताया कि इसकी तैयारी चल रही है और कुल दो लाख रुपए की सहायता राशि पांच किश्तों में दी जाएगी। मंत्री ने कहा कि यदि कोई जीविका दीदी स्वरोजगार या नया रोजगार शुरू करना चाहती हैं, तो उन्हें 10 लाख रुपए तक की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि चुनाव से पहले राज्य की 1.81 करोड़ जीविका दीदियों को पहली किश्त के रूप में



10-10 हजार रुपए दिए जा चुके हैं। इधर, मद्य निषेध मंत्री मदन सहनी ने भी शुक्रवार को विभाग की जिम्मेदारी संभाली। इस दौरान उन्होंने कहा कि शराबबंदी लागू होने के बावजूद शराब की बिक्री की शिकायतें मिल रही हैं। इसे रोकने के लिए सरकार सख्त कदम उठाने जा रही है। वहीं भाजपा नेता दिलीप जायसवाल ने राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की कमान संभालते हुए कहा कि यह विभाग काफी चुनौतीपूर्ण है और पारदर्शिता के साथ कार्य किया जाएगा। नव नियुक्त स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार ने भी शुक्रवार को पदभार ग्रहण किया। उन्होंने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है, उसका वह पूरी ईमानदारी से निर्वहन करेंगे। स्वास्थ्य विभाग में अपने पहले कदम को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि पहले वह विभाग को समझेंगे, सीखेंगे और फिर काम करेंगे। निशांत कुमार ने कहा कि उनके पिता एवं पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार को आगे बढ़ाने का काम किया है और वह उसी विकास यात्रा को आगे बढ़ाने का प्रयास करेंगे।

## पं. बंगाल के नए सीएम होंगे सुवेंदु अधिकारी

**कोलकाता(ए.)।** बंगाल की राजनीति में एक नए अध्याय की शुरुआत हो रही है। तमाम अटकलों और कयासों पर विराम लगाते हुए भाजपा ने सुवेंदु



अधिकारी को बंगाल का नया मुख्यमंत्री चुन लिया है। शुक्रवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में हुई नवनिर्वाचित 206 विधायकों(सुवेंदु दो सीटों से जीते हैं) की बैठक में सुवेंदु को सर्वसम्मति से भाजपा विधायक दल का नेता चुना गया। आज भव्य समारोह के बीच नई सरकार का शपथ ग्रहण होगा।

## बिहार बीएड प्रवेश परीक्षा में होंगे 120 सवाल, नहीं होगी नेगेटिव मार्किंग

निज संवाददाता | पटना

राज्य स्तरीय बिहार बीएड प्रवेश परीक्षा 2026 को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी सामने आई है। आगामी 7 जून को आयोजित होने वाली इस प्रवेश परीक्षा में अभ्यर्थियों से कुल 120 बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जाएंगे। सबसे बड़ी राहत की बात यह है कि परीक्षा में किसी प्रकार की नेगेटिव मार्किंग नहीं होगी। परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को प्रत्येक सही उत्तर के लिए अंक दिए जाएंगे, जबकि गलत उत्तर पर कोई अंक नहीं काटा जाएगा। इससे परीक्षार्थियों को सभी प्रश्नों का उत्तर देने में सहूलियत मिलेगी और वे बिना डर के सवालों का प्रयास कर सकेंगे। जानकारी के अनुसार, राज्य के विभिन्न बीएड कॉलेजों की लगभग 38 हजार सीटों पर नामांकन के लिए यह संयुक्त प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षा की तैयारी को लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन एवं संबंधित एजेंसियों द्वारा आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। बीएड प्रवेश परीक्षा को लेकर अभ्यर्थियों में उत्साह देखा जा रहा है।

## भीषण सड़क हादसा : तीन ऑर्केस्ट्रा कलाकारों की मौत, नौ घायल

**छपरा (नि.सं.)।** छपरा में शुक्रवार की सुबह हुए भीषण सड़क हादसे में तीन ऑर्केस्ट्रा कलाकारों की मौत हो गई, जबकि नौ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा छपरा-सीवान मुख्य मार्ग स्थित एनएच-531 पर बनवार फ्लाईओवर ब्रिज के समीप हुआ। दुर्घटना बालू लदे तेज रफ्तार ट्रक और सामने से आ रही पिकअप वैन के बीच जोरदार टक्कर से हुई। टक्कर इतनी भीषण थी कि पिकअप वैन के परखच्चे उड़ गए और वाहन सड़क किनारे करीब 15 फीट गहरी खाई में जा गिरा। हादसे के बाद सड़क पर चारों ओर चीख-पुकार मच गई और खून बिखर गया। स्थानीय लोग घायलों और शवों को संभालते नजर आए। मृतकों में दो पुरुष और एक महिला शामिल हैं। मृतकों की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र निवासी जितेंद्र मांझी और संजीत मांझी के रूप में हुई है, जबकि महिला की पहचान समाचार लिखे जाने तक नहीं हो सकी थी। सभी कलाकार सारण जिले के खैरा थाना क्षेत्र स्थित जिया म्यूजिक ग्रुप से जुड़े थे और सीवान जिले के चैनपुर में आयोजित कार्यक्रम से लौट रहे थे।

# 11 मई से एक्युप्रेशर पखवाड़ा अंतर्गत लगेंगे हजारों निःशुल्क चिकित्सा शिविर

- डॉ. अजय प्रकाश ने दी अभियान की जानकारी
- एक्युप्रेशर महागुरु डॉ. सर्वदेव प्रसाद गुप्त की प्रेरणा से हो रहा आयोजन
- बिहार, झारखंड, यूपी, दिल्ली, पंजाब, राजस्थान समेत कई राज्यों में लगेंगे शिविर

निज संवाददाता | पटना

संपूर्ण भारत में 11 मई से 26 मई तक सप्तम राष्ट्रीय एक्युप्रेशर पखवाड़ा के अंतर्गत हजारों निःशुल्क एक्युप्रेशर चिकित्सा एवं प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे। इस अभियान का उद्घाटन 11 मई को बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज, बिस्कोमान गोलंबर स्थित परिसर में किया जाएगा। राष्ट्रीय एक्युप्रेशर पखवाड़ा के संयोजक डॉ. अजय प्रकाश ने बताया कि एक्युप्रेशर महागुरु डॉ. सर्वदेव प्रसाद गुप्त की प्रेरणा से यह व्यापक अभियान संचालित किया जा रहा है। इसके तहत बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, नई दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश तथा तमिलनाडु सहित बांग्लादेश एवं नेपाल में भी निःशुल्क शिविर लगाए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि आयोजित होने वाले एक हजार से अधिक शिविरों में लगभग दो लाख लोग एक्युप्रेशर चिकित्सा का लाभ प्राप्त करेंगे। यह चिकित्सा पद्धति सरल, सुरक्षित एवं बिना दवा के विभिन्न रोगों के उपचार में सहायक मानी जाती है। पखवाड़ा के समापन अवसर पर 26 मई को पटना के अधिवेशन भवन में 32वें राष्ट्रीय एक्युप्रेशर-एक्युपंक्चर सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन में सभी शिविर संयोजकों एवं सहयोगियों को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा।

## बिहार में बदला मौसम का मिजाज, आंधी-बारिश से गर्मी से राहत

**पटना(नि.सं.)।** बिहार में मई की भीषण गर्मी के बीच मौसम ने अचानक करवट ले ली, जिससे लोगों को लू और उमस से बड़ी राहत मिली है। शुक्रवार शाम करीब चार बजे राजधानी पटना सहित कई जिलों में अचानक आसमान में काले बादल छा गए और कुछ ही देर में दिन में अंधेरे जैसा माहौल बन गया। इसके बाद तेज हवा, धूलभरी आंधी और बारिश ने मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल दिया। तेज हवाओं और बारिश के कारण कई इलाकों में लोगों को दुकानों और घरों में शरण लेनी पड़ी। सड़क पर चल रहे वाहन चालकों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। कई जगहों पर दृश्यता कम होने से यातायात प्रभावित हुआ। भारतीय मौसम विभाग ने अगले 72 घंटों को बिहार के लिए बेहद संवेदनशील बताया है। विभाग के अनुसार राज्य में प्री-मानसून गतिविधियां तेजी से सक्रिय हो गई हैं, जिसके कारण मौसम लगातार बदल रहा है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि कई जिलों में 70 किलोमीटर प्रति घंटे तक की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। इसके साथ गरज-चमक, आकाशीय बिजली तथा हल्की से मध्यम बारिश की संभावना भी जताई गई है। पटना, गया, भागलपुर, अररिया, किशनगंज और पश्चिमी चंपारण समेत कई जिलों में आंधी-बारिश और ठनका को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने लोगों को खराब मौसम के दौरान खुले मैदान, पेड़ों और बिजली के खंभों से दूर रहने की सलाह दी है। प्रशासन ने भी अनावश्यक रूप से घरों से बाहर नहीं निकलने की अपील की है। बदले मौसम की वजह से राज्य के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई है।

BAYC Institute स्थापित 1972
बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज
गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7
नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स
भारत का पहला कॉलेज
डॉक्टर बनें
एक्युप्रेशर, योग, नेचुरोपैथी, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन
Proposed Green Campus in 60,000 Sq.Ft.
DIPLOMA COURSE
DAT Acupressure Therapy | DY Yoga | DEMS Electrohomeopathy Medicine
DAYS Acupressure Yoga | DHMS Herbal Medicine | DNYS Naturopathy Yoga
अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : 10th | अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : 10th
BACHELOR DEGREE COURSE
MBBA Acupressure & Magnet | BTMS Traditional Medicine | BEMS Electrohomeopathy Medicine
BAYS Acupressure Yoga | BAcu. Acupuncture | MBAS Medicine in ALT Science
अवधि: 3 वर्ष | योग्यता : 10+2 | अवधि: 4½ वर्ष | योग्यता : 10+2
MASTER DEGREE COURSE
MD (Acu Yoga) MD (TM) | MD (EH)
अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : मेडिकल ग्रेजुएट | अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : BEMS
PROFESSIONAL COURSE
BLIS | MLIS | BBA | MBA
TRADITIONAL COURSE
MA (Yoga) | Yoga Teacher Course | BA | MA
100% रिजल्ट एवं रोजगार
Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised
DIRECT ADMISSION | REGULAR CLASSES | ONLINE CLASSES | EXPERIENCED FACULTIES
एक्युप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।
कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।
डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त अध्यक्ष
डा. अजय प्रकाश सचिव
9572607696, 9304942855, 9334278279 Apply Online: www.bayc.in
Email: baycpatna@gmail.com | Website: www.indianacupressure.com

HIMALAYA GROUP OF INSTITUTIONS
HIMALAYA GROUP OF INSTITUTIONS PATNA
Affiliated To :- Aryabhatta Knowledge University, Patliputra University, M.M.H.A & P.University, Bihar University of Health Science
Approved By :- N.M.C., B.C.I., P.C.I., I.N.C., N.C.I.S.M., A.I.C.T.E., N.C.T.E., N.C.V.T. (Govt. of India) B.N.R.C., S.B.T.E. (Govt. of Bihar)
COURSES OFFERED
Admissions Open
MEDICAL COURSES: MBBS B.A.M.S.
MANAGEMENT COURSES: MBA | MCA BBA | BCA PGDM
LAW COURSES: LLM | LLB B.A. LLB BBA LLB
PARA MEDICAL COURSES: Diploma Degree Master Degree Lateral Entry
PHARMACY COURSES: M. Pharm B.Pharm B.Pharm (Lateral) D.Pharm
NURSING COURSES: ANM | GNM B.Sc. Nursing P.B. B.Sc. Nursing M.Sc. Nursing
Diploma in ENGINEERING COURSES: Regular / Lateral Civil | Electrical Mechanical Computer Sci.
ITI COURSES: Electrician | Fitter Mech. Diesel Electronics Mech.
EDUCATION COURSES: B.Ed. D.El.Ed.
बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड की सुविधा उपलब्ध
TRAINING WITH 100% PLACEMENT Assistance
MIG 44, Near Shalimar Sweets, Opposite Bata Showroom, Lohiyanagar, Kankarbagh, Patna-20, Bihar
0612-2355110, 9031624635

## संक्षिप्त समाचार

### पिकअप ने बाइक में टक्कर मारी, एक युवक की मौत, चचेरा भाई गंभीर रूप से घायल



**नालंदा।** नालंदा में पिकअप ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि चचेरे भाई की हालत गंभीर है। मृतक की पहचान निवासी विनय साव के पुत्र हरेंद्र कुमार( 20 ) के रूप में की गई है। घटना खुदागंज थाना क्षेत्र के पचरुखिया मोड़ की है। मृतक के भाई बिट्टू ने बताया कि हरेंद्र अपने चचेरे भाई विकास कुमार के साथ पचुरुखिया गांव से राजमिस्त्री का काम कर घर लौट रहा था। रास्ते में हादसे के शिकार हो गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि हरेंद्र की मौके पर ही जान चली गई। चचेरे भाई विकास को इलाज के लिए पावापुरी मेडिकल कॉलेज में एडमिट कराया गया है। परिजन ब्रह्मदेव गोप ने आरोप लगाते हुए कहा कि अस्पताल कर्मियों द्वारा बार-बार बुलाए जाने के बावजूद पोस्टमार्टम कर्मी घर से नहीं आए। डीएम के आदेश लाने जैसी बातें कहकर उनलोगों को प्रताड़ित किया गया। रात करीब 1:00 बजे से ही अस्पताल में खड़े रहे। गरीबों की सुनने वाला कोई नहीं है और व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। वहीं, इस संबंध में खुदागंज थानाध्यक्ष दुर्गेश गहलोत ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह प्रतीत होता है कि तेज रफ्तार बाइक ने पिकअप में पीछे से टक्कर मारी है। दुर्घटना के बाद चालक अपनी गाड़ी छोड़कर मौके से फरार हो गया है। पुलिस ने पिकअप और क्षतिग्रस्त मोटरसाइकिल को जब्त कर लिया है। मामले की छानबीन की जा रही है। आवेदन मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### 9 मई को व्यवहार न्यायालय कटिहार में लगने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी पूरी

**कटिहार।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार,कटिहार के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष रणवीर सिंह के निर्देशानुसार अवर न्यायाधीश-सह- सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार कटिहार, कमलेश सिंह देव के आदेशानुसार राष्ट्रीय लोक अदालत के व्यापक प्रचार प्रसार एवं इससे मिलने वाली सुविधाओं को लेकर आमलोगों को जागरूक करने हेतु सभी पराविधिक स्वयंसेवकों को अपने-अपने क्षेत्र में जाकर राष्ट्रीय लोक अदालत जागरूकता कार्यक्रम के तहत जानकारी उपलब्ध कराने को कहा गया है। आदेशानुसार पारा विधिक स्वयंसेवक पवन कुमार ने लोक अदालत से मिलने वाले मुफ्त कानूनी सलाह सहायता के बारे विस्तार पूर्वक जानकारी दिया अगर किसी भी न्यायालय में मुकदमा लंबित है। रुपये पैसे के अभाव में न्याय नहीं मिल पा रहा है, तो जिला विधिक सेवा प्राधिकार कटिहार निःशुल्क कानूनी सलाह,सहायता,सेवा, तथा वकील और त्वरित न्याय मुहैया करवाती है। 09 मई को व्यवहार न्यायालय कटिहार में लगने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने को लेकर पारा विधिक स्वयं सेवक पवन कुमार के द्वारा आम नागरिक को सशक्तिकरण की दिशा में घूम घूम कर इलाके,चौक चौराहा पर एवं कोर्ट परिसर में राष्ट्र लोक अदालत एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार कटिहार से मिलने वाली मुफ्त कानूनी सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। पवन कुमार ने बताया कि जो भी सुलहनीय वाद-विवाद,श्रम विवाद,बैंक ऋण से संबंधित विवाद, पानी बिल विवाद,वन विभाग से संबंधित विवाद,बिजली बिल विवाद,पारिवारिक विवाद,भूमि विवाद, मोटर दुर्घटना दावा विवाद ,शमानीय प्राकृति अपराधिक विवाद, अन्य फौजदारी और दीवानी मामले जो सुलहनीय वाद है। सुलह समझौता के आधार पर निःशुल्क समस्या का निपटारा किया जाता है,लोक अदालत में वकील फीस और कोर्ट फीस भी नही लगता है।

### मस्जिद से नमाज पढ़ कर घर वापस आने के क्रम बालक को ट्रैक्टर ने कुचला

#### बालक अस्पताल में जीवन मौत के बीच जूझ रहा

**कटिहार।** जिले के प्राणपुर थाना क्षेत्र के 10 वर्षीय नूर सलाम नमाज पढ़ कर मस्जिद से घर आ रहा था। इसी बीच सड़क पार करने के दौरान सीमेंट से लदा ट्रैक्टर ने बच्चे को कुचल डाला। सिरण्डा चौक पर घटना को देख ग्रामीणों ने घायल बच्चें को इलाज हेतु तुरंत मेडिकल कॉलेज कटिहार भेजा। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी प्राणपुर पुलिस को दिया। प्राणपुर थाना अध्यक्ष विजय प्रकाश ने दलबल के साथ घटनास्थल पहुंचकर आक्रोशित ग्रामीणों को रोड जाम करने से मना किया तथा घायल बच्चों के इलाज को लेकर तत्परता दिखाया। मेडिकल कॉलेज घायल को मैक्स पूर्णिया रेफर किया। घायल बच्चें के पिता मोहम्मद निजाम ने बताया कि 10 वर्षीय मेरा बेटा मदरसा में पढ़ता था। जुम्मे के दिन मस्जिद में नमाज पढ़ कर घर आ रहा था। सिरण्डा चौक के समीप सीमेंट से लदा ट्रैक्टर ने कुचल डाला। बच्चा मैक्स पूर्णिया में जीवन मौत से जूझ रहा है। घटना के बाद गांव में किसी तरह का अप्रिय घटना ना हो इसके लिए जदयू प्रखंड अध्यक्ष लड्डू सिंह,बस्तौल पंचायत के मुखिया मुजाहिद आलम, मुखिया प्रतिनिधि प्रमोद सिंह,समाजसेवी अताउर रहमान,मोहम्मद कादिर सहित दर्जनों ने आपसी ताल मेल को लेकर शांति समिति की बैठक भी की। बैठक में सीमेंट से लदा ट्रैक्टर को किसी तरह की क्षति न हो एवं बच्चे का इलाज समुचित ढंग से हो सके आदि विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा हुई। थाना अध्यक्ष विजय प्रकाश ने बताया कि घटना के बाद माहौल तनावपूर्ण था। जिसे लेकर घटनास्थल के समीप दो चौकीदार प्रतिनियुक्त किया गया है। लिखित आवेदन के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। इधर कटिहार-प्राणपुर एनएच 31 सड़क जौनियां के समीप बजाज गोगो एवं टोटो के आमने-सामने टक्कर होने से बजाज गोगो सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरा। हालांकि ड्राइवर एवं सवार दो महिला सुरक्षित निकल गई। घटना की जानकारी मिलते ही प्राणपुर पुलिस दोनों वाहन को जप्त कर थाना लाकर आगे की कार्रवाई किया जा रहा है।

# वीरायतन की संस्थापक पद्मश्री चंदना जी को श्रद्धांजलि देने हिसुआ में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

## ताई मां ने धर्म को कर्म जोड़कर की मानवता की सेवा - साध्वी संप्रज्ञा

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता





**हिसुआ।** मानवता और सेवा की प्रतिमूर्ति, विरायतन की संस्थापिका पद्मश्री आचार्य चंदना ताई मां के महाप्रयाण के बाद हिसुआ में उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। शुक्रवार को हिसुआ प्रखंड सभागार में एक विशाल श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, जहाँ समाज के हर वर्ग ने अपनी प्रिय 'ताई मां' को याद किया । जितेंद्र राज आर्यन की अध्यक्षता और ओंकार शर्मा कश्यप के संचालन में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में वीरायतन की मुख्य कर्ताधर्ता साध्वी संप्रज्ञा जी भी उपस्थित रही। चिकित्सक डॉ रवि निवास, अनूप जैन, बबलू जैन आदि ने हिसुआ आगमन पर उनका स्वागत किया। श्रद्धांजलि सभा का प्रारंभ ताई मां के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस दौरान वातावरण ताई मां के संस्मरणों और उनके द्वारा किए गए मानवीय कार्यों की गूँज से अत्यंत भावुक रहा। दान की।राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक उपेंद्र भाई त्यागी, नवादा सदर 2 के एसडीपीओ राहुल कुमार , प्रखंड विकास पदाधिकारी देवानंद सिंह, अंचल अधिकारी सुमन सौरव, राजस्व अधिकारी मो आरिफ , सर्किल इंस्पेक्टर राजेश कुमार, थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार आदि ने पुष्पांजलि कर श्रद्धांजलि दी। अधिकारियों ने पद्मश्री चंदना जी को आधुनिक युग में सेवा की मूर्ति तथा 'करुणा की देवी' बताया।

**परोपकार ही मानव जीवन का मूलः** श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए आचार्य संप्रज्ञा जी ने ताई मां के संघर्षपूर्ण और प्रेरणादायी जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ताई मां ने केवल उपदेश नहीं दिए, बल्कि सेवा को ही अपना धर्म बनाया। विरायतन के माध्यम से उन्होंने शिक्षा और स्वास्थ्य की जो अलख जगाई है, उसे अक्षुण्ण रखना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उनका मूल मंत्र परोपकार ही मानव जीवन की सार्थकता है। पद्मश्री से सम्मानित ताई मां ने राजगीर की धरती से जिस 'विरायतन' की नींव रखी थी, आज उसकी शाखाएं विश्व भर में मानवता की सेवा कर रही हैं। उपस्थित जनसमूह ने संकल्प लिया कि ताई मां द्वारा दिखाए गए सत्य, अहिंसा और सेवा के मार्ग पर वे सदैव अग्रसर रहेंगे। हिसुआ की इस सभा ने यह सिद्ध कर दिया कि ताई मां भले ही देह रूप में हमारे बीच न हों, लेकिन उनकी करुणा और परोपकार की चेतना युगों-युगों तक समाज का मार्गदर्शन करती रहेगी।

इस श्रृद्धाजंलि सभा में बिहार नागरिक परिषद की सदस्य शोभा देवी, प्रख्यात समाजसेवी डॉ. रवि निवास, अरविंद चंद्रवंशी,पार्षद सुधीर सिंह, उत्तम कुमार, रंजीत उर्फ बब्लू जैन, गुड्डू जैन, डॉ. विपिन , विश्वजीत कुमार, डॉ. रमेश कुशवाहा, चक्रवर्ती सम्राट अशोक कुशवाहा ट्रस्ट के डॉ. सुभाष सुमन , मुसाफिर कुशवाहा, सुजीत कुशवाहा, डॉ संतोष कुमार , पतंजलि के मनोज शर्मा, तमसा महोत्सव के सचिव डॉ. शैलेन्द्र कुमार प्रसुन, मधुकांत पांडेय, डॉ राजेश कुमार , शिक्षाविद कुमार गौतम, नवादा के कवि दयानंद गुप्ता , उत्पल भारद्वाज , श्याम सुंदर , राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से जुड़े सनोज कुमार, धर्मेंद्र कुमार , सन्नी कुमार सहित सैकड़ों की संख्या में हिसुआ के गणमान्य नागरिकों ने अपनी उपस्थिति ने अपनी बात रखी। प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

देवी मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकली भव्य कलश यात्रा

## अखंड रामधुनी में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, 09 मई को होगा दुगोला सांस्कृतिक कार्यक्रम



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**कौआकोल।** प्रखंड के देवनगढ़ पंचायत अंतर्गत बन्दैली कला गांव में देवी मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर शुक्रवार को नव भारती युवा क्लब के सौजन्य से 24 घंटे की अखंड रामधुनी का आयोजन किया गया। धार्मिक माहौल में श्रद्धालुओं की भारी सहभागिता देखने को मिली।

इस अवसर पर गांव स्थित मंदिर परिसर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई,जो जोरावरडीह होते हुए सोखोदेवरा स्थित जेपी सूर्य मंदिर पहुंची। वहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिवत जल भराई की गई। इसके बाद श्रद्धालु पुनः पूजा मंडप पहुंचे, जहां पंडित रघुनंदन पांडेय एवं पंडित कुंदन पराशर द्वारा पूजा-अर्चना एवं प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान प्रारंभ कराया गया। आयोजन समिति के अनुसार 09 मई को दुगोला सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में बोकारो (झारखंड) के व्यास अनिल यादव तथा शेखपुरा (बिहार) के व्यास कमलेश चौहान के बीच सांस्कृतिक मुकाबला आकर्षण का केंद्र रहेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में भूषण यादव उर्फ भगत जी सहित समस्त ग्रामीण बढ़-चढ़कर योगदान दे रहे हैं।

# जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में नगर विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक सम्पन्न

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**नवादा।** जिला पदाधिकारी, नवादा रवि प्रकाश की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में नगर विकास एवं आवास विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के विभिन्न नगर निकायों में संचालित विकास योजनाओं की प्रगति की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। बैठक में बताया गया कि मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में कुल 14 योजनाओं का चयन किया गया है। नगर परिषद नवादा अंतर्गत नगर भवन परिसर स्थित तालाब एवं पार्क के जीर्णोद्धार कार्य की समीक्षा के दौरान जिला पदाधिकारी ने बुडको के परियोजना निदेशक को पार्क के चारों ओर वृक्षारोपण सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया।नगर परिषद नवादा क्षेत्र अंतर्गत सिविल कोर्ट के पीछे से प्रोजेक्ट कन्या इंटर विद्यालय होते हुए गोवर्धन मंदिर तक तथा हरिश्चंद्र स्टेडियम से प्रसाद विगहा तक सड़क निर्माण कार्य प्रक्रियाधीन है। जिला पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को इन कार्यों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से शीघ्र पूर्ण कराने का निर्देश दिया।

बैठक में बुडको के परियोजना निदेशक श्री अभिषेक कुमार ने जानकारी दी कि नगर परिषद वारिसलीगंज अंतर्गत व्यावसायिक क्षेत्रों एवं प्रमुख चौराहों पर सीसीटीवी अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इसका कंट्रोल रूम वारिसलीगंज थाना एवं नगर परिषद कार्यालय, वारिसलीगंज में संचालित किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त नगर परिषद वारिसलीगंज के वार्ड संख्या-20 में साम्बे मेन रोड, चमरटोली से डाक बाबा एवं पोखर तक सड़क निर्माण कार्य प्रगति पर है।

नगर परिषद हिसुआ अंतर्गत हिसुआ-नवादा मुख्य मार्ग से अंदर बाजार होते हुए महादेव मोड़ तक पेवर ब्लॉक सहित निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। साथ ही व्यावसायिक क्षेत्रों एवं प्रमुख चौराहों पर सीसीटीवी अधिष्ठापन का कार्य भी पूरा हो चुका है। इसका कंट्रोल रूम हिसुआ थाना एवं नगर परिषद कार्यालय, हिसुआ में संचालित किया जा रहा है। जिला पदाधिकारी ने कार्यपालक पदाधिकारी, हिसुआ को बस स्टैंड का संचालन शीघ्र प्रारंभ कराने का निर्देश दिया।

नगर पंचायत रजौली के वार्ड संख्या-01 में आंगनबाड़ी केंद्र से धनार्जय नदी तक मिट्टी भराई, ईंट सोलिंग एवं पथ निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। वहीं उक्त मार्ग पर नाला एवं ढक्कन निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित मानकों एवं गुणवत्ता के साथ समय सीमा के अंदर पूर्ण किए जाएं। बैठक के दौरान जिला पदाधिकारी ने कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद नवादा, हिसुआ, वारिसलीगंज एवं नगर पंचायत रजौली को नियमित रूप से कार्यस्थलों का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की सतत निगरानी करने तथा प्रतिवेदन तैयार कर मुख्यालय को समर्पित करने का निर्देश दिया। बैठक में कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद नवादा, हिसुआ, वारिसलीगंज, नगर पंचायत रजौली, परियोजना निदेशक बुडको सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# गलत तरीके से स्वास्थ्य बीमा का पैसा निकालने के आरोप में धर्मशीला हॉस्पिटल पर प्राथमिकी दर्ज

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नवादा।** जिले के स्वास्थ्य विभाग में तैनात संबंधित अधिकारियों व स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा जारी भ्रष्टाचार और एक बहुचर्चित निजी अस्पताल में कथित रूप से पांच रुपए में इलाज की घोषणाओं का सच उजागर करने के लिए शुक्रवार को पूर्व श्रम राज्यमंत्री राजबल्लभ प्रसाद ने पथरा इंग्लिश स्थित अपने आवास पर एक प्रेस सम्मेलन का आयोजन कर महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की । उपस्थित पत्रकारों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पांच रुपए में संपूर्ण इलाज का दावा करने वाले धर्मशीला देवी मल्टीस्पेशलिस्ट हॉस्पिटल नवादा के संचालकों पर हैरतअंगेज आरोपों के तहत एफआईआर दर्ज की गई है । उन्होंने एफआईआर कॉपी दिखाते हुए स्पष्ट किया कि इस अस्पताल में बड़े पैमाने पर आयुष्मान कार्ड की खरीद फरोख्त कर करोड़ों रुपए के सरकारी राजस्व की हेरा फेरी तो पूर्व से की जा रही है किंतु स्वास्थ्य बीमा के फर्जी दस्तावेजों पर करोड़ो रुपए का बीमा राशि हड़पने का नया खुलासा हुआ है । उन्होंने आशंका जाहिर की है कि पांच रुपए में संपूर्ण इलाज का झांसा देकर आयुष्मान कार्ड का दुरुपयोग और स्वास्थ्य बीमा का हेर फेर बड़े पैमाने पर किया जा सकता है क्योंकि पूर्व में कई ऐसे उदाहरण सामने आ चुके हैं । इस कार्य में सदर अस्पताल नवादा में तैनात कई स्वास्थ्यकर्मी भी शामिल हैं जो गंभीर जांच का विषय है । इस संदर्भ में मुफस्सिल थाना नवादा में सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी है जिसका कांड संख्या 155/ 2026 दिनांक 7 - 5- 2026 है । राजबल्लभ प्रसाद द्वारा प्रस्तुत एफआईआर कॉपी के अनुसार इस मुकदमे के सूचक जितेंद्र कुमार BOSM बजाज जेनरल इंश्योरेंस लिमिटेड के कर्मी हैं । उन्होंने आरोप लगाया है कि अवैध प्रक्रिया एवं फर्जी कागजातों के तहत बीमा कंपनी से स्वास्थ्य बीमा की राशि हड़प ली गई है जो जांच का विषय है । इस संदर्भ में लिखित दस्तावेजों के अनुसार शंभू कुमार , निशांत शर्मा , गौरव कुमार , रोहित कुमार , सिमरन कुमारी इत्यादि के नाम पर धर्मशीला देवी अस्पताल द्वारा करोड़ों रुपए बीमा राशि का दावा पेश किया गया जिसमें से अधिकतर राशि स्वीकृत भी कर ली गई और भुगतान भी लिया जा चुका है । अस्पताल के संचालक की सच्चाई सामने आने पर वहां के संचालक के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर जांच कार्य शुरू कर दी गई है । उन्होंने संबंधित जांच अधिकारियों समेत जिम्मेदार वरिष्ठ अधिकारियों से अनुरोध किया है कि धर्मशिला देवी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल केंदुआ नवादा के संचालकों के विरुद्ध उच्च स्तरीय जांच की जाय और तबतक तत्काल प्रभाव से अस्पताल को शील कर दिया जाय ताकि जनहित में कोई अन्य मरीज की जान जोखिम में न हो और समय रहते सरकारी राजस्व की क्षति को भी रोका जा सके ।

# हरदिया पंचायत के सुदूरवर्ती गांवों में 10 खराब चापाकलों की मरम्मती, ग्रामीणों में खुशी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




चापाकल की मरम्मती में जुटे कर्मी

**रजौली।** रजौली प्रखंड के हरदिया पंचायत अंतर्गत सुदूरवर्ती और जंगली क्षेत्र के गांवों में खराब पड़े चापाकलों की मरम्मती का कार्य तेज कर दिया गया है। बीडीओ संजीव झा के निर्देश पर शुक्रवार को पीएचईडी के कनीय अभियंता सत्येंद्र कुमार की देखरेख में मरम्मती दल ने पिपरा और परतौनिया गांव में 10 खराब चापाकलों को दुरुस्त किया। कनीय अभियंता सत्येंद्र कुमार ने बताया कि संवेदक रवि कुमार एवं अन्य कर्मियों के सहयोग से पिपरा में शंभू मांझी के घर, जितेंद्र मांझी व विदेशी मांझी के घर तथा सामुदायिक भवन के पास लगे चापाकल ठीक किए गए। वहीं परतौनिया में देवी मंडप, विदेशी भुइयां के घर, चोरडीहा में विनोद यादव और वासुदेव यादव,शम्भू मांझी व जितेंद्र मांझी के घर के समीप खराब पड़े चापाकलों की मरम्मती की गई। ग्रामीण विदेशी मांझी, फुलवा देवी और अर्जुन मांझी समेत अन्य लोगों ने बताया कि पहाड़ी और जंगली क्षेत्रों में सामान्य दिनों में भी पेयजल की समस्या रहती है। गर्मी बढ़ने पर जल स्तर नीचे चले जाने से गंदा पानी पीने की मजबूरी हो जाती है। कई दिनों से चापाकल खराब होने के कारण परेशानी और बढ़ गई थी। खराब चापाकलों के चालू होने से ग्रामीणों में खुशी है। लोगों ने प्रशासन की इस पहल के लिए आभार जताया। कनीय अभियंता ने कहा कि प्रखंड के अन्य सुदूरवर्ती गांवों में भी खराब चापाकलों को चिह्नित कर मरम्मती का कार्य लगातार जारी रहेगा।

# नालंदा में सोने-चांदी के जेवरात ले भागे बदमाश

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**नालंदा।** नालंदा के सिलाव थाना क्षेत्र अंतर्गत हैदरगंज कड़ाह गांव में गुरुवार की रात चोरों ने जमकर उत्पात मचाया। बेखौफ बदमाशों ने वार्ड संख्या-12 में स्थित चार बंद घरों को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। एक ही रात में हुई चोरी की इन ताबड़तोड़ वारदातों से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है, वहीं पुलिस की गश्ती व्यवस्था पर भी गंभीर सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं। चोरी की पहली घटना मो. शमीर के घर में हुई, जिनका परिवार फिलहाल दिल्ली में है। घर की देखरेख कर रहे उनके बुजुर्ग पिता रात में ताला बंद कर दूसरे मकान में सोने चले गए थे, लेकिन सुबह जब वे वापस लौटे तो घर के मुख्य द्वार का ताला टूटा हुआ मिला। चोरों ने कमरे के अंदर रखी गोदरेज की अलमारी को कटर से काटकर उसमें रखे करीब दो लाख रुपये से अधिक के जेवरात चोरी कर लिए। इसी रात चोरों ने मो. कैसर इमाम और कैसर इमाम 'झालर वाले' के बंद घरों को भी अपना निशाना बनाया। दोनों परिवारों के घर से बाहर रहने का फायदा उठाकर अपराधियों ने इत्मीनान से कमरों की तलाशी ली और कीमती सामान समेत गहने बटोर ले गए। चौथी वारदात मो. नसीम के घर में हुई, जो महज दो दिन पहले ही दिल्ली गए थे। उनके घर से भी करीब 80 हजार रुपये नकद और जेवरात गायब मिले हैं।इस सामूहिक चोरी की घटना के बाद ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा है। स्थानीय लोगों का सीधा आरोप है कि गांव के पास देर रात तक जुआरियों और नशेड़ियों का जमावड़ा लगा रहता है, जो इस तरह की घटनाओं को अंजाम देने की फिराक में रहते हैं। ग्रामीणों ने पुलिसिया दावों पर तंज कसते हुए कहा कि जब पुलिस नियमित गश्त का ढिंढोरा पीटती है, तो फिर चोरों के हौसले इतने बुलंद कैसे हैं कि उन्होंने एक साथ चार घरों को खंगाल दिया। इधर, मामले को लेकर सिलाव थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि फिलहाल एक घर में चोरी की आधिकारिक सूचना मिली हुई है और लिखित आवेदन मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस कुछ जगहों पर बिजली के तार काटे जाने की शिकायतों की भी जांच कर रही है।

# जल शक्ति अभियान अंतर्गत समीक्षा बैठक आयोजित जल संरक्षण कार्यों में तेजी लाने का निर्देश

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**नवादा।** डीआरडीए सभागार, नवादा में उप विकास आयुक्त श्रीमती नीलिमा साहू की अध्यक्षता में जल शक्ति अभियान अंतर्गत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित जल संरक्षण एवं जल संचयन से संबंधित योजनाओं एवं कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान "जल संचय जन भागीदारी पोर्टल" पर विभिन्न विभागों द्वारा किए गए कार्यों की प्रविष्टि की समीक्षा की गई। उप विकास आयुक्त ने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि जल संरक्षण से संबंधित कराए गए कार्यों की प्रविष्टि एक सप्ताह के अंदर अनिवार्य रूप से पोर्टल पर सुनिश्चित करें।

समीक्षा के क्रम में आहर, तालाब, पइन, सोख्ता गड्ढा, कुआँ एवं अन्य जल संरचनाओं के जीर्णोद्धार कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने तथा निर्धारित समय सीमा के भीतर लक्ष्य प्राप्त करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण वर्तमान समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है तथा सभी विभाग आपसी समन्वय स्थापित करते हुए अभियान के लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करें। बैठक में यह भी पाया गया कि कुछ विभागों द्वारा निर्धारित लक्ष्य अभी तक पूर्ण नहीं किए गए हैं। इस पर संबंधित विभागों को एक सप्ताह के भीतर लंबित कार्यों को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। बैठक में निदेशक, एनईपी रवि जी, जिला मिशन प्रबंधक विश्वजीत प्रसाद, जिला समन्वयक अविनाश कुमार, जिला परियोजना प्रबंधक, जीविका चंदन कुमार सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# गयाजी में किसान की हत्या बॉडी पर बुलेट के निशान

## सड़क किनारे मिली लाश, करीब 12 घंटे से लापता थे, किसी ने मिलने के लिए बुलाया था

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता





**गयाजी**। गयाजी के वजीरगंज थाना क्षेत्र में अपराधियों ने किसान की गोली मारकर हत्या कर दी। सड़क किनारे शव मिला है। पास में ही बाइक गिरी हुई थी। मौके से खोखा मिला है। घटना गोविंदपुर गांव के पास की है। मृतक की पहचान सातन बिगहा निवासी महताब खान(40) के तौर पर हुई है। गुरुवार शाम किसी से मिलने के लिए घर से करीब 6 बजे निकले थे। इसके बाद से परिजनों से संपर्क नहीं हुआ। खोजबीन के बाद भी कोई सुराग नहीं मिला। शुक्रवार की ग्रामीण मनैनी-गोविंदपुर मार्ग से गुजर रहे थे। सड़क किनारे एक शख्स को बाइक समेत गिरा देखा। पास जाकर देखा तो महताब खान गिरे हुए थे। शरीर पर गोली लगने के तीन अलग अलग निशान है। सूचना मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई।

**जांच के लिए पर एफएसएल की टीम पहुंची:** थानाध्यक्ष नीरज कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला गोली मारकर हत्या का है। परिजनों और ग्रामीणों से पूछताछ की जा रही है। हर बिंदु पर जांच चल रही है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि किसान को किसने बुलाया था और हत्या के पीछे वजह क्या रही। घटनास्थल पर एफएसएल टीम को भी बुलाया गया है, ताकि हत्या से जुड़े साक्ष्य जुटाए जा सके।

**पत्नी साथ नहीं रहती:** ग्रामीणों के अनुसार महताब खान निसंतान थे। पत्नी से भी वर्षों पहले नाता खत्म हो चुका था। देखभाल उनकी भतीजी करती थी। ऐसे में हत्या के पीछे रंजिश, जमीन विवाद या अन्य कारणों को लेकर गांव में तरह-तरह की चर्चा हो रही है। हालांकि पुलिस अभी किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंची है।

# अवधेश हत्याकांड में लाइनर गिरफ्तार, तलवार और बाइक बरामद



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गयाजी**। गयाजी पुलिस ने अवधेश शर्मा हत्याकांड में दूसरे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल की गई तलवार और बाइक बरामद की गई है। आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। इस मामले में दो दिन पहले पुलिस ने एक शूटर रोशन कुमार को डेल्हा थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया था। 19 अप्रैल को परैया के खारपर मुख्य सड़क पर बाइक सवार दो अपराधियों ने अवधेश की कनपटी में गोली मारकर हत्या कर दी थी। दूसरे अपराधी के पकड़े जाने की जानकारी टिकारी एसडीपीओ सुशांत चंचल ने दी। अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

**आरोपी लाइनर की भूमिका में था:** एसडीपीओ सुशांत कुमार चंचल ने बताया कि मामले की जांच के लिए टीम का गठन किया गया था। टीम ने पारंपरिक सूचना और तकनीकी शाखा की मदद से हत्या में शामिल दूसरे अपराधी प्रदीप कुमार प्रदीप कुमार उर्फ विक्रम को उपरहुली से पकड़ा है। पूछताछ में बताया कि हत्या को लेकर रौशन को पैसा दिया था। खुद लाइनर की भूमिका में काम कर रहा था।

**हत्या मामले में जेल भी गया था:** वहीं, परैया थानाध्यक्ष सुनीता कुमारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है। इस हत्याकांड में शामिल अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीम छापेमारी कर रही है। जल्द ही सभी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। मृतक अवधेश शर्मा परैया थाना का हिस्ट्रीशीटर था। वह हत्या के दो अलग-अलग मामलों में जेल जा चुका था। हत्या भी उन्हीं दो मामलों से जोड़कर देखा जा रहा है।

# संक्षिप्त समाचार

### पीजीडीएसएम कोर्स में एडमिशन के लिए उम्र सीमा 45 वर्ष कामकाजी लोगों के लिए हाइब्रिड मोड में चलेगी क्लास

**नालंदा**। राजगीर स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए नामांकन प्रक्रिया में संशोधन किया गया है। पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन स्पोर्ट्स मैनेजमेंट (PGDSM) कोर्स के लिए आयु सीमा को 40 से बढ़ाकर अब 45 वर्ष कर दिया गया है। यह निर्णय विशेष रूप से उन खेल प्रेमियों और पेशेवरों के लिए लिया गया है जो बढ़ती उम्र के बावजूद खेल प्रबंधन के क्षेत्र में विशेषज्ञता हासिल करना चाहते हैं। इसके साथ ही विश्वविद्यालय ने कामकाजी लोगों की सुविधा के लिए पाठ्यक्रम के संचालन माध्यम में भी बड़ा बदलाव किया है। अब PGDSM पाठ्यक्रम हाइब्रिड यानी मिश्रित मोड में संचालित किया जाएगा, जिसमें ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरह की शिक्षा का समावेश होगा। सेवारत कर्मियों के लिए विश्वविद्यालय ने विशेष रियायतें दी हैं। अब सरकारी, अर्ध-सरकारी, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (PSU), स्वायत्तशासी निकायों और निजी क्षेत्रों में कार्यरत कर्मी भी इस पाठ्यक्रम में प्रवेश ले सकेंगे, बशर्ते वे अपने नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाण पत्र (NOC) प्राप्त कर लें। इन कर्मियों की नियमित दिनचर्या को प्रभावित किए बिना शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से कक्षाएं साप्ताहांत (Weekend) और राजपत्रित छुट्टियों के दिनों में आयोजित की जाएंगी। बुनियादी सुविधाओं के संदर्भ में विश्वविद्यालय ने यह स्पष्ट किया है कि यदि प्रवेश के समय छात्रावास की व्यवस्था पूरी नहीं होती है, तो BPES, PGDSC और PGDSM जैसे पाठ्यक्रमों को गैर-आवासीय रूप में चलाया जाएगा और ऐसी स्थिति में छात्रों से छात्रावास या मेस का शुल्क नहीं वसूला जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी 15 मई 2026 तक ऑनलाइन आवेदन जमा कर सकते हैं। पात्रता मानदंड, शुल्क और चयन प्रक्रिया से जुड़ी जानकारी विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट bsur.bihar.gov.in पर उपलब्ध है। आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों को पोर्टल के 'एडमिशन' सेक्शन में जाकर 'ऑनलाइन अप्लाई' लिंक का उपयोग करना होगा। इस सत्र में मुख्य रूप से तीन पाठ्यक्रमों में नामांकन की प्रक्रिया चल रही है, जिसमें शारीरिक शिक्षा एवं खेल में स्नातक (बीपीईएस) का चार वर्षीय पाठ्यक्रम शामिल है। जो नई शिक्षा नीति 2020 के मानकों के अनुरूप संचालित होगा। इसके लिए कुल 50 सीटें आवंटित की गई हैं। वहीं, खेल प्रशिक्षण में रुचि रखने वाले युवाओं के लिए एक वर्षीय स्नातकोत्तर डिप्लोमा (पीजीडीएससी) पाठ्यक्रम भी उपलब्ध है, जिसमें एथलेटिक्स, क्रिकेट, कबड्डी, बास्केटबॉल और वॉलीबॉल जैसे खेलों के लिए कुल 100 सीटें निर्धारित की गई हैं।

### बिहारशरीफ में लागू होगा आईडीएमएस सिस्टम, हादसे रोकने के लिए लगेंगे स्मार्ट एआई कैमरे

**नालंदा**। राज्य की सड़कों पर यातायात प्रबंधन को अत्याधुनिक बनाने और सड़क हादसों की दर में प्रभावी कमी लाने के उद्देश्य से परिवहन विभाग एक बड़ी पहल करने जा रहा है। विभाग की इस नई योजना के तहत अब प्रमुख मार्गों और संवेदनशील चौराहों पर आईटीएमएस यानी इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम को लागू किया जाएगा। इस सिस्टम के धरातल पर उतरने के बाद न केवल यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित होगा, बल्कि सड़क सुरक्षा का ढांचा भी पहले से कहीं अधिक मजबूत और चाक-चौबंद नजर आएगा। नालंदा जिला परिवहन पदाधिकारी रंजीत कुमार ने बताया कि राज्य परिवहन आयुक्त के निर्देश पर वर्तमान में उन स्थलों का बारीकी से चयन किया जा रहा है, जो दुर्घटना के लिहाज से संवेदनशील माने जाते हैं। इन ब्लैक स्पॉट्स के साथ-साथ उन मार्गों की भी सूची तैयार की जा रही है, जहां वाहनों का दबाव अत्यधिक रहता है। जहां प्रवर्तन कार्यों की सबसे ज्यादा आवश्यकता महसूस की जाती है। इस पूरी कवायद का मुख्य उद्देश्य तकनीक के माध्यम से मानवीय त्रुटियों को कम करना और सुगम यातायात सुनिश्चित करना है। इस नई व्यवस्था की सबसे बड़ी विशेषता इसमें इस्तेमाल होने वाली एआई यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित तकनीक है। चिह्नित स्थानों पर उच्च क्षमता वाले स्मार्ट सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए जाएंगे, जो न केवल वाहनों की गति और यातायात नियमों के उल्लंघन पर नजर रखेंगे, बल्कि चालकों के चेहरों की पहचान करने में भी सक्षम होंगे। इससे दुर्घटना की स्थिति में या नियम तोड़ने पर वाहन चालक की पहचान करना बेहद सरल हो जाएगा। इसके साथ ही, एआई आधारित ई-चालान और निरंतर निगरानी की सुविधा से यातायात पुलिस को बिना सड़क पर मौजूद रहे अपराधियों और लापरवाह चालकों पर अंकुश लगाने में बड़ी सफलता मिलेगी। यह प्रणाली भविष्य में सड़क सुरक्षा और कानून व्यवस्था के समन्वय में एक मील का पत्थर साबित होगी।

### जर्जर मार्केट शेड से हादसे की आशंका, लोगों में दहशत

**किशनगंज**। नगर पंचायत पौआखाली मुख्य बाजार स्थित सरकारी मार्केट शेड इन दिनों जर्जर अवस्था में पहुंच चुका है। वर्षों पूर्व निर्मित यह शेड अब पूरी तरह खस्ताहाल हो गया है, जिससे दुकानदारों और बाजार आने वाले लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। जानकारी के अनुसार मार्केट शेड की छत कई स्थानों से टूट चुकी है। वहीं लोहे के एंगल और सीमेंट के हिस्से भी कमजोर होकर नीचे गिरने लगे हैं। बरसात और तेज हवा के दौरान स्थिति और अधिक खतरनाक हो जाती है। बाजार क्षेत्र में प्रत्येक रविवार और गुरुवार को काफी भीड़ रहती है, ऐसे में लोगों की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता जताई जा रही है। दुकानदारों ने बताया कि जर्जर शेड के कारण बाजार में अव्यवस्था बढ़ गई है और हर समय दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। कई लोगों ने बताया कि डर के कारण ग्राहक भी शेड के नीचे खड़े होने से बचते हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन एवं नगर पंचायत से मांग की है कि पुराने और खतरनाक हो चुके मार्केट शेड को जल्द हटाकर नया शेड बनाया जाए। साथ ही बाजार क्षेत्र में पार्किंग समेत अन्य बुनियादी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएं। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में यह जर्जर ढांचा किसी बड़े हादसे का कारण बन सकता है।

# गयाजी में ईंट से मार कर शख्स की हत्या

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



◆ **परिजन बोले- गाली देने से मना करने पर गांव के लड़कों ने मर्डर किया**

**गयाजी**। गयाजी के बोधगया थाना क्षेत्र अंतर्गत सोनू बीघा गांव में एक व्यक्ति की ईंट से मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान मुन्ना यादव के रूप में हुई है। घटना के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है। मरने और मारने वाले दोनों एक ही गांव के हैं।

हत्या की वजह घर के सामने आपस मे गाली गलौज कर रहे लड़को को रोका जाना है। परिजनों के अनुसार गांव में बारात आई हुई थी। गांव के 5-6 लड़के मुन्ना यादव के घर के पास पहुंचे और आपस मे एक दूसरे के साथ गाली-गलौज करने लगे। इसी दौरान विवाद बढ़ गया और आरोपियों ने मुन्ना यादव पर ईंट से हमला कर दिया।

**पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा:** ईंट से छाती में गंभीर चोट लगने के कारण मुन्ना यादव बेसुध होकर गिर पड़े। उन्हें आनन-फानन में अस्पताल ले जाया गया। लेकिन उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मगध मेडिकल अस्पताल भेज दिया।

**थानाध्यक्ष बोले- केस दर्ज हुआ:** पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। लेकिन अभी तक आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। थानाध्यक्ष मनोज कुमार का कहना है कि केस दर्ज कर लिया गया है। जल्द ही पूरे मामले का खुलासा कर दिया जाएगा। फिलहाल सभी आरोपी फरार हैं। उन्होंने बताया कि इस मामले में चार लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया गया है। सभी एक ही गांव के हैं।

# नाबालिग समेत 4 लड़कियों का रेस्क्यू, आर्केस्ट्रा की आड़ में जबरन डांस कराया जाता था

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

◆ **एमपी-छत्तीसगढ़ का संचालक गिरफ्तार**



**नालंदा**। नालंदा के सिलाब में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। वार्ड नंबर-06 स्थित एक किराए के मकान से चार लड़कियों का रेस्क्यू किया है। जिसमें 3 नाबालिग है। सभी आर्केस्ट्रा में जबरन डांस करने के लिए मजबूर किया जाता था। मौके से एक महिला समेत चार संचालकों की गिरफ्तारी हुई है।

पुलिस के अनुसार, इन लड़कियों को मानव तस्करी के जरिए लाया गया था। डांस करने से मना करने पर प्रताड़ित किया जाता था। राजगीर डीएसपी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि यह छापेमारी शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक नालंदा के निर्देश पर गठित एक संयुक्त टीम की ओर से की गई। इस टीम में एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट (AHTU), महिला थाना और सिलाव थाना के पुलिसकर्मी शामिल थे। जिन्होंने 'एसोसिएशन फॉर वॉलेन्ट्री एक्शन' के साथ समन्वय स्थापित कर इस ऑपरेशन को अंजाम दिया।

**आरोपियों में महिला भी शामिल:** पुलिस ने रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान मौके से आर्केस्ट्रा चलाने वाले तीन पुरुष और एक महिला सहित कुल चार संचालकों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रोशनी कुमारी (भोजपुर), अनुप कुमार वंशल (मध्य प्रदेश), पवन कुमार (नूरसराय, नालंदा) और धीरज प्रकाश (छत्तीसगढ़) के रूप में हुई है। पुलिस ने इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। इस अभियान में पुलिस पदाधिकारियों के साथ-साथ जिला बाल संरक्षण इकाई और स्वयंसेवी संस्थाओं के सदस्य भी सक्रिय रूप से शामिल रहे।

# 'सभी धर्मों को राष्ट्रहित में एकजुट रहना होगा'

## धर्म संस्कृति संगम में पहुंचे बिहार के राज्यपाल, बोले- मेरा हर धर्म से गहरा लगाव रहा है

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**गयाजी**। गयाजी के मगध यूनिवर्सिटी कैंपस में में चल रहे चार दिवसीय धर्म संस्कृति संगम के तीसरे दिन शुक्रवार को भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बिहार के राज्यपाल सैयद अता हसनैन राज्यपाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य इंद्रेश कुमार मुख्य वक्ता रहे। पूरे परिसर में आध्यात्मिक ऊर्जा, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और धर्माचार्यों के संदेशों ने माहौल को देश भक्तिमय बना दिया।

**राष्ट्रहित में एकजुट रहना होगा:** राज्यपाल ने बिहार को धर्मों और संस्कृतियों के संगम की धरती बताया। उन्होंने कहा कि नालंदा, गयाजी, बोधगया पूरी दुनिया को एकता और सहअस्तित्व का संदेश देते हैं। जन्म से मुस्लिम होने के बावजूद मेरा हर धर्म से गहरा लगाव रहा। हिंदू, सिख, ईसाई और बौद्ध परंपराओं से भी प्रेरणा ली। भारत की असली ताकत विविधता में एकता है। देश की सुरक्षा केवल सीमाओं की नहीं, बल्कि समाज की आंतरिक एकता और जागरूकता से जुड़ी है। सभी धर्मों को राष्ट्रहित में एकजुट रहना होगा।

**विभाजन और विवाद का मतलब नहीं:** वहीं, इंद्रेश कुमार ने कहा कि बिहार से ऐसा संदेश उठना चाहिए, जो पूरे देश और पड़ोसी देशों तक शांति का स्वर पहुंचाए। भारत सभी धर्मों की मातृभूमि है। जब सभी को इसी भूमि ने ज्ञान दिया तो फिर विभाजन और विवाद का कोई अर्थ नहीं। मां को बांटा नहीं जाता, मां की सेवा की जाती है।

**धर्म, संस्कृति, राष्ट्रीय एकता पर मंथन:** आयोजन समिति ने बताया कि धर्म संस्कृति संगम का मकसद भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिक चेतना, सामाजिक समरसता और राष्ट्र निर्माण की भावना को मजबूत करना है। अलग-अलग सत्रों में धर्म, संस्कृति, राष्ट्रीय एकता और सामाजिक सौहार्द जैसे मुद्दों पर मंथन हो रहा है। इस मौके पर एमयू के कुलपति शशि प्रताप शाही, सामाजिक कार्यकर्ता और उद्योगपति संजय कुमार सिंह मौजूद रहे।

# खाकी वर्दी पहन जमाता था धौंस, फर्जी पुलिसकर्मी अरेस्ट



**नालंदा में डेढ़ साल से कर रहा था ठगी, घर में बना रखा था नकली ऑफिस**

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नालंदा**। नालंदा की लहेरी थाना पुलिस ने खाकी का धौंस दिखाकर आम लोगों और गाड़ी ड्राइवर से अवैध वसूली करने वाले एक शातिर जालसाज को गिरफ्तार किया है। यह आरोपी खुद को पुलिस बताकर यातायात नियमों के उल्लंघन के नाम पर लोगों को डराता था और उनसे मोटी रकम ऐंठता था। पुलिस ने आरोपी के पास से पुलिस की वर्दी, जूते, टोपी और अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की है।

इसने घर में नकली ऑफिस बना रखा था और लोगों से डेढ़ साल से ठगी कर रहा था। हालांकि, अभी तक इसके खिलाफ कोई एफआईआर दर्ज नहीं हुआ था। ना ही ये क्लियर है कि इसने अब तक कितने की ठगी की है। लहेरी थानाध्यक्ष रंजीत कुमार रजक ने बताया कि यह सफलता गुरुवार की शाम गश्ती के दौरान मिली। जब गश्ती टीम नाजो मॉल के पास से गुजर रही थी, तभी एक टोटो ड्राइवर ने भागते हुए पुलिस अधिकारियों को सूचना दी कि एक युवक उसे पुलिसकर्मी बताकर बंधक बनाए हुए है। टोटो ड्राइवर का आरोप था कि वह युवक उसे कभी बिहार थाना तो कभी लहेरी थाना क्षेत्र में घुमा रहा है और चालान काटने के नाम पर 25 हजार रुपये की मांग कर रहा है। सूचना मिलते ही जब पुलिस की टीम संदिग्ध युवक की ओर बढ़ी, तो वह पुलिस की गाड़ी देखकर भागने लगा। हालांकि, मुस्तैद गश्ती दल ने उसे खदेड़कर पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी की पहचान दीपनगर थाना क्षेत्र के डुमरावां निवासी विपिन पासवान के रूप में हुई है।

पुलिस ने जब आरोपी का मोबाइल फोन खंगाला, तो उसमें पुलिस की वर्दी पहने उसकी कई तस्वीरें मिलीं। इसके बाद पुलिस ने आरोपी के घर पर छापेमारी की, जहां उसने एक कमरे को बिल्कुल कार्यालय की तरह सजा रखा था। वहां से दो-तीन सेट पुलिस की वर्दी, जूते, कैप और अन्य सामान बरामद किए गए।

**डेढ़ सालों से कर रहा था फर्जीवाड़ा:** पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ में विपिन ने स्वीकार किया कि वह पिछले डेढ़-दो सालों से इसी तरह फर्जी पुलिसकर्मी बनकर बाइक और टोटो चालकों को डरा-धमकाकर ठगी करता आ रहा था। हालांकि, उसके पास से कोई हथियार बरामद नहीं हुआ है। फिलहाल पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि उसने यह वर्दी और पुलिस के साजो-सामान कहां से हासिल किए थे। इस कार्रवाई में लहेरी थाना के एसआई सर्वेश कुमार, ऋतु रंजन और नीतीश रंजन सहित पुलिस बल की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस अब आरोपी के अन्य संभावित शिकारों और इस गिरोह में शामिल अन्य कड़ियों की तलाश में जुटी है।

# भगवान बाहरी नहीं, मन का श्रृंगार देखते हैं": राधिका प्रियंवदा जी की कथा सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु

## इमामगंज के पाकरडीह महायज्ञ में कृष्ण-गोपियों की रासलीला ने बांधा समां, देर रात तक गूंजता रहा भक्ति रस

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता





कथा वाचन करतीं अंतरराष्ट्रीय कथा वाचिका राधिका प्रियंवदा जी।

**इमामगंज**। प्रखंड के पाकरडीह में आयोजित श्री शतचंडी रुद्र शनि शांति मारुति महायज्ञ में अंतरराष्ट्रीय कथा वाचिका राधिका प्रियंवदा जी की कथा इन दिनों श्रद्धालुओं के बीच विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। उनकी मधुर वाणी और भावपूर्ण कथा वाचन से पूरा यज्ञ परिसर भक्तिमय माहौल में डूब गया। कथा के दौरान श्रद्धालु देर रात तक भक्ति रस में झूमते रहे। राधिका प्रियंवदा जी ने भगवान श्रीकृष्ण की वृंदावन लीला और गोपियों के प्रेम प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन करते हुए कहा कि भगवान बाहरी दिखावे या श्रृंगार को नहीं, बल्कि मन और हृदय की पवित्रता को देखते हैं। उन्होंने बताया कि जब भगवान श्रीकृष्ण यमुना किनारे मधुर बांसुरी बजाते थे, तब उसकी धुन सुनकर वृंदावन की गोपियां सब कुछ छोड़कर उनकी ओर दौड़ पड़ती थीं। कथा के दौरान उन्होंने एक प्रसंग सुनाया, जिसमें एक गोपी बिना श्रृंगार किए ही भगवान श्रीकृष्ण से मिलने जा रही थी। दूसरी गोपी ने उससे पूछा कि बिना सजे-संवरे कृष्ण के पास कैसे जा रही हो? तब उस गोपी ने जवाब दिया कि भगवान बाहरी श्रृंगार नहीं, बल्कि भीतर के प्रेम और भक्ति को देखते हैं। यह प्रसंग सुनते ही पूरा पंडाल तालियों और जयकारों से गूंज उठा। उन्होंने कहा कि मनुष्य को बाहरी आडंबर से अधिक अपने मन और आत्मा को सुंदर बनाने का प्रयास करना चाहिए। भगवान सच्चे प्रेम, निर्मल भाव और भक्ति को ही स्वीकार करते हैं। कथा के दौरान श्रद्धालु भावविभोर होकर भक्ति गीतों और जयकारों में डूबे नजर आए। वीवहीं वृंदावन से आए कलाकारों द्वारा प्रस्तुत भव्य रासलीला ने भी श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। भगवान श्रीकृष्ण और गोपियों की जीवंत प्रस्तुति को देखने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। पूरा यज्ञ परिसर देर रात तक "राधे-राधे" और "जय श्रीकृष्ण" के जयघोष से गूंजता रहा। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि महायज्ञ में प्रतिदिन कथा, भजन, हवन और रासलीला का आयोजन किया जा रहा है, जिससे पूरे क्षेत्र में आध्यात्मिक और भक्तिमय वातावरण बना हुआ है। मालूम हो कि यज्ञ महायज्ञ का संचालन श्री तालिपीठाधीश्वर अनंत विभूषित महंत श्री बाल योगेश्वरानंद ए.एन. स्वामी शनि देव जी महाराज के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। इस मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष एवं पकरी गुरिया पंचायत के मुखिया अविनाश उर्फ टिमन सिंह, श्रीमोहन यादव, डॉ. धर्मेंद्र कुमार, दीपक कुमार सक्सेना, विक्की कुमार अमीन, राजेश यादव, समर कुमार, डॉ. बीके साव, शिक्षक मोतीलाल, श्याम किशोर यादव सहित अन्य सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं मौजूद थे।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### बाइक अनियंत्रित हो पलटी एक युवक घायल

**कोचस (रोहतास)**। स्थानीय थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग 319 पर कटियारा गांव के समीप शुक्रवार को बाइक अनियंत्रित हो पलट गई जिसमे बाइक सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान अर्पित कुमार पिता जगनारायण मौर्य ग्राम हमीरपुर थाना मालियाबाग के रूप मे हुई है। घटना के बारे में बताया जाता है कि युवक बाइक पर सवार हो अपने घर से कोचस की तरफ आ रहा था की कटियारा गांव के निकट बाइक तेज़रफतर होने की वजह से अनियंत्रित हो सड़क किनारे जहां पलटी जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया, स्थानीय लोगों की पहल से घायल को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां मौके पर उपस्थित चिकित्सक डॉक्टर तुषार कुमार ने शरीर में आंतरिक चोट आने की वजह से बेहतर इलाज के लिए सासाराम सदर अस्पताल भेज दिया है।

### स्कॉर्पियो और बाइक की टक्कर से युवक की मौत हादसे में एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल

**डेहरी /रोहतास** । स्कॉर्पियो और बाइक की टक्कर से युवक की मौके पर मौत हो गई। हादसे में एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना डेहरी थाना क्षेत्र में पुलिस लाइन के पास हुई। मृतक की पहचान समहुता गांव निवासी राजा कुमार के रूप में हुई है। वो कटार गांव से शादी में शामिल होकर वापस लौट रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार दूर जा गिरे। हादसे के बाद स्कॉर्पियो चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए वाहन को जब्त कर लिया है और आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी है।

**घायल को सदर अस्पताल किया रेफरः** घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। घायल युवक को तत्काल डेहरी अनुमंडल अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए सासाराम सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

**लोगों ने सड़क जाम कर किया विरोध प्रदर्शनः** इस घटना से आक्रोशित स्थानीय लोगों ने सड़क पर आगजनी कर दी और घंटों तक सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि इलाके में तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण न होने के कारण लगातार ऐसे हादसे हो रहे हैं।

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एएसपी अतुलेश झा स्वयं मौके पर पहुंचे। उनके साथ आधा दर्जन थानों की पुलिस भी तैनात थी। पुलिस अधिकारियों ने लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया और सड़क जाम हटवाया। पुलिस फिलहाल पूरे मामले की जांच में जुटी है और फरार चालक की तलाश जारी है।

### समाजसेवी विभूति सिंह के निधन के पश्चात श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया



**कटिहार**। कटिहार जिला कांग्रेस कमेटी (शहरी) के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह के बड़े भाई, पूर्व कांग्रेस नेता एवं समाजसेवी विभूति सिंह के असामयिक निधन के पश्चात श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। उपस्थित लोगों ने स्वर्गीय विभूति सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित किया। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित लोगों ने कहा कि स्व.विभूति सिंह का जीवन समाज सेवा, सादगी और जनकल्याण के प्रति समर्पित था। उन्होंने सामाजिक कार्यों के क्षेत्र मे अपनी अलग पहचान बनाई। जिसे कभी भुलाया नही जा सकता। उनका हमलोगों के बीच से असमय जाना बड़ी क्षति है। ईश्वर से प्रार्थना है कि उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे एवं शोकाकुल परिवार को इस गहरी दुख की घड़ी को सहने की शक्ति दे। कटिहार के सांसद प्रतिनिधि सह निवर्तमान अध्यक्ष सुनील कुमार यादव, पूर्व अध्यक्ष कटिहार जिला कांग्रेस कमेटी प्रेम राय, सत्यनारायण प्रसाद पूर्व विधायक, सुनीता देवी पूर्व विधायक, वरिष्ठ कांग्रेस नेता संजय सिंह, दिलीप विश्वास, विश्राम सिंह, कटिहार जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता पंकज कुमार तमाखुवाला,बी के ठाकुर, कटिहार नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पुतुल सिंह व रिंकू मिश्रा,बिमल सिंह बेगानी,शंकर सिंह अधिवक्ता,शाहनवाज खान,राज आनंद सिंह,अल्तमस दीवान, सांसद के निजी सचिव गुलाम मोहम्मद शहदुल हक़, प्रो विनोद यादव,शंभू शरण गुप्ता, प्रह्लाद गुप्ता,राजीव चाकी,मो. मशरूर, निक्कू सिंह,डॉ बिपिन सिंह,मसूद रज़ा खान,राजा मिश्रा,जटा शंकर झा, अजित झा,सी बी सिंह,मन्नी पासवान, मो इश्तियाक,भुवन अग्रवाल,संतोष यादव, अमित साह, पप्पू कश्यप,प्रीतम चक्रवर्ती, नवीन खंडेलिया,मुकेश साह,दामोदर चौबे, विश्वनाथ साह,योगेंद्र यादव, मिथिलेश सिंह, बेचैन पाण्डेय, सहित समाज सेवी समरेन्द्र कुणाल,अधिवक्ता प्रवीण कुमार झा, दिग्विजय सिंह, बिपल्ब सिंह,समाजसेवी अजय उपाध्याय आदि ने श्रद्धांजलि दिया।

### उत्क्रमित मध्य विद्यालय मेढ़ौल के छात्र-छात्राओं को वितरण किया पाठ्य पुस्तक

#### पाठ्य पुस्तक मिलते ही बच्चों के चेहरे पर देखा गया नई मुस्कान



**कटिहार**। जिले के कदवा प्रखंड अंतर्गत मोहम्मद पुर पंचायत स्थित में उत्क्रमित मध्य विद्यालय मेढोल में पठन-पाठन करने वाले छात्र-छात्राओं के बीच पाठ्य पुस्तक वितरण किया गया। पाठ्य पुस्तक वितरण से पूर्व पिछले दिनों विद्यालय में हुए वार्षिक परीक्षा का परिणाम भी घोषित किया गया। वर्ग आठ में पठन-पाठन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मान पूर्वक परित्याग प्रमाण पत्र दिया गया। वर्ग एक में नामांकन प्रारंभ है। वर्ग एक में 31 छात्र-छात्राओं का नामांकन किया गया है। आगे नामांकन जारी है।बड़ी संख्या में बच्चों के साथ अभिभावक विद्यालय आते हैं और अपने-अपने बच्चों का नामांकन करवा रहे हैं। इस क्षेत्र में उत्क्रमित मध्य विद्यालय मेढौल में बेहतर पढ़ाई के साथ-साथ अनुशासन का पाठ पढ़ाया जाता है। विद्यालय में अच्छे-अच्छे शिक्षक- शिक्षिकाएं एवं शिक्षा सेवक है,जो बच्चों के हित में लगे रहते हैं। प्रधानाध्यापिका हन्ना हेम्ब्रम कुशल व्यवहार के साथ-साथ कुशल प्रशासिका भी हैं। प्रधानाध्यापिका हन्ना हेम्ब्रम शिक्षक-शिक्षिकाओं के अच्छा तालमेल रखते हुए विधालय का संचालन कर रही हैं। सभी बच्चों को एक समान देखते हैं। उत्क्रमित मध्य विद्यालय मेढौल के प्रधानाध्यापिका हन्ना हेम्ब्रम ने बताया कि वर्ग एक से आठ तक के 270 छात्र-छात्राओं पिछले दिनों रिजल्ट जारी कर प्रगति पत्रक वितरण किया गया। वर्ग 8 में पठन-पाठन करने वाले 26 छात्र-छात्राओं को सम्मान पूर्वक परित्याग प्रमाण पत्र दिया गया। प्रधानाध्यापिका हन्ना हेम्ब्रम ने बताया कि विद्यालय में एक समारोह का आयोजन कर 160 छात्रों के बीच पाठ्य पुस्तक वितरण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षिका चित्ररेखा कुमारी, आशीष कुमार, राजेश कुमार उपस्थित होकर पुस्तक वितरण में काफी सहयोग किया। छात्र-छात्राओं पाठ्य पुस्तक लेते ही काफी खुश नजर आये। पाठ्य पुस्तक मिलते ही बच्चों के चेहरे पर एक नई मुस्कान देखने को मिला। बाल कल्याण समिति के निःवर्तमान सदस्य सह शिक्षा प्रेमी सह वरिष्ठ अधिवक्ता सह समाजसेवी प्रवीण कुमार झा ने विद्यालय पहुंचकर सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामना दिया।साथ ही पाठ्य पुस्तक वितरण समारोह में भी भाग लिया।

# साइकिल मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर एक की मौत, तीन घायल

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**काराकाट /रोहतास**। अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत स्टेट हाईवे-81 बरडीहा-बिहटा मुख्य मार्ग पर गुरुवार की देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया ।काराकाट थाना क्षेत्र के सिकरियां गांव स्थित चांदी टोला के समीप तेज रफ्तार बाइक ने साइकिल सवार को जोरदार टक्कर मार दी,जिससे साइकिल सवार व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मौत हो गई । वहीं एक ही बाइक पर सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए । हादसा रात करीब 9 बजे के आसपास हुआ । प्राप्त जानकारी के अनुसार काराकाट थाना क्षेत्र के सिकरियां गांव निवासी रूपचंद नट के करीब 48 वर्षीय पुत्र महेंद्र नट अपने घर से साइकिल पर सवार होकर बरडीहा गांव में आयोजित एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे । इसी दौरान तेज गति से आ रही बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी । टक्कर इतनी भयावह थी कि महेंद्र नट ने मौके पर ही दम तोड़ दिया । वहीं बाइक पर सवार तीनों लोग सड़क पर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से जख्मी हो गए । घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई । स्थानीय ग्रामीणों की भीड़ घटनास्थल पर जुट गई । सूचना मिलते ही काराकाट थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को संभालते हुए शव को कब्जे में लिया । साथ ही ग्रामीणों एवं पुलिस के सहयोग से घायल तीनों लोगों को प्राथमिक उपचार के लिए सीएचसी गोड़ारी भेजा गया । वहां चिकित्सकों ने उनकी हालत चिंताजनक देखते हुए प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर उपचार के लिए बाहर रेफर कर दिया । पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद मृतक के शव को पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया । शुक्रवार की सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचते ही उनके स्वजनों का दर्द गुस्से में बदल गया । आक्रोशित स्वजनों ने उचित मुआवजे की मांग को लेकर स्टेट हाईवे-81 बरडीहा-बिहटा मुख्य मार्ग को कुछ समय के लिए जाम कर दिया । सड़क जाम की सूचना मिलते ही काराकाट बीडीओ राहुल कुमार सिंह,आरओ ध्रुव कुमार तथा थानाध्यक्ष विवेक कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे । अधिकारियों ने पीड़ित परिवारों को सरकारी सहायता एवं उचित मुआवजा दिलाने का आश्वासन देते हुए समझा-बुझाकर जाम समाप्त कराया । इसके बाद आवागमन पुनः सामान्य हो सका । काराकाट थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि हादसे में घायल तीनों लोगों का इलाज बाहर के अस्पताल में चल रहा है । खबर लिखे जाने तक घायलों की पहचान नहीं हो सकी थी ।

## एसडीएम कक्ष में सबका सम्मान,जीवन आसान योजना के तहत जनता दरबार का किया गया आयोजन



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बिक्रमगंज / रोहतासः** अनुमंडल कार्यालय स्थित एसडीएम कक्ष में शुक्रवार को सबका सम्मान,जीवन आसान योजना के तहत जनता दरबार का आयोजन किया गया । जनता दरबार की अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी प्रभात कुमार ने की । इस दौरान अनुमंडल क्षेत्र से विभिन्न समस्याओं को लेकर बड़ी संख्या में फरियादी पहुंचे । जनता दरबार में कुल 83 मामलों के लिए आवेदन प्राप्त हुए । इनमें भूमि विवाद से संबंधित 22, राशन कार्ड से जुड़े 42 तथा अन्य 19 मामलों में आवेदन पड़े । एसडीएम प्रभात कुमार ने सभी फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता के साथ सुना तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को मामलों के शीघ्र एवं निष्पक्ष निष्पादन का निर्देश दिया । एसडीएम प्रभात कुमार ने कहा कि सरकार की "सबका सम्मान,जीवन आसान" योजना का मुख्य उद्देश्य आम लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है । उन्होंने कहा कि जनता दरबार प्रशासन और आमजन के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का सशक्त माध्यम बन चुका है । उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि भूमि विवाद एवं जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़े मामलों में लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा प्रत्येक आवेदन का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जाए । जनता दरबार के दौरान फरियादियों ने अपनी समस्याओं को सीधे प्रशासन के समक्ष रखा,जिसपर कई मामलों में तत्काल कार्रवाई की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई ।

## लक्ष्मी क्लिनिक के निदेशक डा. पिंटू कुमार थाईलैंड के बैंकाक में होंगे सम्मानित

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**नासरीगंज /रोहतास**। धनाव पंचायत के मौना स्थित लक्ष्मी क्लिनिक के निदेशक डा. पिंटू कुमार थाईलैंड के बैंकाक में होमियोपैथी जगत में अपने उत्कृष्ट योगदान को ले अगले सप्ताह सम्मानित होंगें। उक्त सम्मान केंट होमियोपैथीक लैबोरेटरी एवं मेडिकल कॉलेज के संयुक्त तत्वाधान में बैंकॉक में आयोजित पांच दिवसीय साइंटिफिक सेमिनार व वर्ल्ड होम्योपैथीक सम्मिट में उन्हें बेस्ट होमियोपैथीक चिकित्सक के सम्मान से सम्मानित किया जायेगा। उक्त क्लिनिक के निदेशक मौना के अतिरिक्त डेहरी और बिक्रमगंज में भी अपनी चिकित्सा सेवाएं देते हैं। उक्त किलिनीक में इलाज हेतु सम्सत जिले के सुदूर क्षेत्रों के मरीज इलाज को ले आते हैं और स्वास्थ्य लाभ लेकर जाते हैं। उक्त किलिनीक में गठिया, साइटिका, टायफाईड बुखार, बवासीर, व पुराने एवं जटिल दर्द का सफल इलाज किया जाता है। इनके उपचार से स्वास्थ्य लाभ लेने वाले मरीज उक्त चिकित्सक व किलिनीक का गुणगान करते रहते हैं। उक्त क्लिनिक में गरीब व असहाय चिकित्सकों का निशुल्क इलाज भी उक्त चिकित्सक के द्वारा किया जाता है। लक्ष्मी किलिनीक के निदेशक विगत दो दशकों से होमियोपैथीक चिकित्सा सेवा दे रहे हैं। इनके उक्त सम्मान के लिए चयनित होने पर बड़ी संख्या में लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दिया है। बधाई देने वालों में प्रखण्ड प्रमुख योगेश कुमार, वार्ड पार्षद सन्तोष कुमार, इंजीनियर विशाल कुशवाहा, सोनू कुमार, डा.धर्मेंद्र कुमार, आलोक सोनी, पत्रकार अश्वनी पांडेय, समाजसेवी वीरेंद्र चौधरी समेत अन्य हैं।

# बस अनियंत्रित हो पलटी एक की मौत एक दर्जन यात्री घायल

## दिनारा से कैमूर मोहनिया जाने के क्रम हुई हादसा, अफरा तफरी का बना माहौल

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**कोचस (रोहतास)**। परसथुआ थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग 319 पर शेख बहुआरा व सोहसा के निकट शुक्रवार की सुबह एक अनियंत्रित बस खाई में जा पलटी जिस पर सवार एक 60 वर्षीय वृद्ध की मौत हो गई जबकि लगभग एक दर्जन यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए।

**घटना के बारे मे बताया जाता है...:** घटना के बारे में बताया जाता है कि यात्रियों से भरा बस दिनारा से कोचस होते हुए कैमूर जा रही थी, तभी राष्ट्रीय राजमार्ग 319 पर सोहसा गांव के निकट यात्रियों से भरा बस अनियंत्रित हो खाई मे पलट गई इसमें दबकर एक यात्री की मौत हो गई जबकि डेढ़ दर्जन यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक की पहचान कैमूर जिले के सबार थाना क्षेत्र अंतर्गत बिछीबांध गांव निवासी 60 वर्षीय बिक्की सिंह के रूप में हुई है। जबकि घायलो मे बिसंभर यादवव, गुड्डू यादव, सुषमा देवी, सुशीला,के साथ अन्य यात्री शामिल है।घटना के बाद अफरा तफरी का माहौल बन गया, पलटने के बाद बस में सवार यात्री शीशा तोड़ इधर-उधर कूदने लगे। लेकिन घटना के समय आसपास मौजूद लोगों ने सभी महिला पुरुष घायल यात्रियों को बस से बाहर निकाल एंबुलेंस तथा निजी वाहन के द्वारा उपचार के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां मौके पर उपस्थित चिकित्सक डॉक्टर तुषार कुमार ने सभी की स्थिति नाजुक बताते हुए बेहतर इलाज के लिए वाराणसी के ड्रामा सेंटर रेफर कर दिया है।

**थाना अध्यक्ष ने बताया.:** थाना अध्यक्ष रामचंद्र चौपाल ने बताया कि घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर कानूनी प्रक्रिया पूरी कर अग्रतर कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए शव को परिजनों को शौप सासाराम सदर अस्पताल भेज दिया है। इस घटना मे एक अधेड़ की मौत हुई है।

# बंगाल में सनातनियों का पुनर्जागरणः डॉ दिलीप कुमार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**काराकाट/ रोहतास**। बंगाल में लगभग 800 साल के बाद कोई सनातनी विचार वाली लोकतांत्रिक सरकार चुनकर आई है। भारतीय उपमहाद्वीप में बंगाल एक समृद्ध एवं गौरवशाली राज्य था।तुर्की आक्रमणकारियों से लेकर आधुनिक युग यानी अंग्रेजों के शासन काल और आजादी के लगभग 80 वर्षों तक सनातनियों को शोषण होता रहा।

800 साल पूर्व बंगाल में हिन्दू वंशी शासक यानी सेन वंश का शासन लगभग 160 वर्षों तक था।

सेन वंश के राजाओं का एक महत्वपूर्ण पहलू था कि वह राजनीतिक, धार्मिक और सामाजिक शासन स्थापित करने में सक्षम थे। लेकिन सामंती व्यवस्था ,आंतरिक कलह, और कमजोर नेतृत्व के कारण तुर्की आक्रमणकारियों ने बंगाल में सेन वंश यानी हिंदू शासन को समाप्त कर दिया। भारतीय इतिहास के मध्य काल में 13 वीं शताब्दी में कुतुबुद्दीन ऐबक के कमांडर बख्तियार खिलजी ने बंगाल के नदीया (नवद्वीप) पर आक्रमण कियाऔर बंगाल में मुस्लिम शासन की शुरुआत हुई।

बंगाल में 13 वीं शताब्दी से लेकर आजादी के लगभग 80 वर्षों तक प्रत्यक्ष रूप से या प्रच्छन्न रूप से विदेशी कट्टरपंथी आक्रमणकारियों की मानसिकता वाले लोगों का शासन रहा।तुर्की,अफगानी,मुगल(प्रत्यक्ष रूप से इस्लाम), ईसाई ( फूट डालो और राज करो की नीति पर बंग भंग के सहारे ईसाइयत थोपा), वामपंथी और वामपंथी के समकक्ष तृणमूल कांग्रेस बंगाल में प्रच्छन्न रूप से किसी एक धर्म सम्प्रदाय को खुश करने में लगी रही।

एक दौर था कि बंगाल रोजगार का बहुत बड़ा केन्द्र हुआ करता था। बंगाल में शासन प्रशासन व्यवस्था ऐसी चरमराई कि आज घुसपैठियों को बढ़ावा दिया गया और बंगालवासियों को पलायन करने पर मजबूर किया गया।

800 वर्षों के बाद बंगाल में लोकतांत्रिक तरीके से चुनी गई सरकार एक बार पुनः सनातनियों का पुनर्जागरण हुआ है। यानी राजतंत्र में हिन्दूशाही वंश सेन वंश के बाद लोकतंत्र में हिन्दू विचारधारा वाली सरकार चुन कर आई है।

सनातनियों का पुनर्जागरण सनातन समाज की वापसी , सभ्यता, सांस्कृतिक, स्वाभिमान की रक्षा और राज्य की सुरक्षा ,उतम चरित्र निर्माण जैसे समाज की स्थापना हेतु बंगाल की जनता ने भारत में एतिहासिक मतदान करके विदेशी मानसिकता वाली सरकार को उखाड़ फेंक।

## काराकाट में भयंकर बवंडर तूफानः सैकड़ों पेड़ उखड़े 100 से ज्यादा बिजली खंभे ढहे, लाखों का नुकसान





सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**रोहतास**। जिले के काराकाट प्रखंड में शुक्रवार शाम तेज बवंडर तूफान और बड़े-बड़े ओलों ने तांडव मचा दिया। नगर पंचायत काराकाट, चिल्हा, कंचनपुर (बाद टोला), बेन सागर, श्रीरामपुर, इतिम्हा समेत कई इलाकों में आम जीवन अस्त-व्यस्त हो गया। तेज आंधी के साथ 4 सेंटीमीटर तक के ओले गिरे, जिससे सैकड़ों पेड़ उखड़कर सड़कों पर गिर गए और आवागमन ठप हो गया। कई बिजली के खंभे उड़कर मुख्य सड़कों पर जा धड़े, जबकि बगल के नासरीगंज प्रखंड में भी इसी तरह का कहर बरपा। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह तूफान 1997 वाले भयानक तूफान की याद दिला गया, जब बड़े ओलों और आंधी ने कई घर तबाह कर दिए थे। कंचनपुर बाद टोला के निवासियों ने कहा कि तब भी ऐसा ही कहर हुआ था, लेकिन आज की तबाही ज्यादा भयावह लगी। गोडारी नगर पंचायत में हल्की बारिश हुई, लेकिन कोई नुकसान नहीं। बाद टोला पैक्स राइस मिल पर लगा 30 टन वजनी ड्रायर पोल उखड़ गया। पूर्व पैक्स अध्यक्ष अरविंद प्रसाद के गोदाम, राइस मिल, पॉटरी फार्म के हार्वेस्टर और छतें क्षतिग्रस्त हो गईं। उन्होंने बताया कि करीब 5 लाख रुपये का नुकसान हुआ। तूफान इतना तेज था कि कुछ सूझा ही नहीं।"

काराकाट बिजली विभाग के कनीय अभियंता संजीत कुमार ने कहा कि 10 से ज्यादा ट्रांसफार्मर उखड़ गए, 50 खंभे (11,000 और 33,000 केवी लाइन) तबाह। संख्या बढ़ सकती है, क्योंकि रिपोर्ट्स आ रही हैं। नासरीगंज में भी 4 सेमी ओले और तेज बारिश ने तबाही मचाई। प्रशासन ने राहत कार्य शुरू कर दिया है, लेकिन बिजली-पानी आपूर्ति प्रभावित है। ग्रामीणों ने चेतावनी जारी करने की मांग की है।

# श्रवण कुमार-निशांत कुमार को मंत्रिपरिषद में शामिल करने पर जश्न, मुख्यमंत्री के प्रति जताया आभार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नालंदा**। बिहार सरकार के मंत्रिपरिषद में नालंदा के कद्दावर नेता श्रवण कुमार और युवा चेहरा निशांत कुमार को शामिल किए जाने के निर्णय से जिले के जनता दल यूनाइटेड कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह और हर्ष का माहौल है। कार्यकर्ताओं ने इस फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि श्रवण कुमार और निशांत कुमार के मंत्री बनने से न केवल संगठन को नई मजबूती मिलेगी, बल्कि विकास के कार्यों में भी तेजी आएगी। जदयू कार्यकर्ताओं का मानना है कि पार्टी में निष्ठावान कार्यकर्ताओं को सम्मान देने की परंपरा को पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक बार फिर दोहराया है।

**कार्यकर्ता बोले- सेवा, समर्पण और सादगी के पर्याय माने जातेः** श्रवण कुमार के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कार्यकर्ताओं ने कहा कि वे पार्टी के स्थापना काल से ही एक सच्चे सिपाही की तरह डटे रहे हैं। लगातार आठवीं बार नालंदा विधानसभा क्षेत्र से विधायक निर्वाचित होने वाले श्रवण कुमार राजनीति में सेवा, समर्पण और सादगी के पर्याय माने जाते हैं। जेपी आंदोलन से लेकर समता पार्टी की स्थापना और आज तक के हर राजनीतिक उतार-चढ़ाव में वे पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सबसे भरोसेमंद सहयोगियों में शामिल रहे हैं। जननायक कर्पूरी ठाकुर के सानिध्य में राजनीति का ककहरा सीखने वाले श्रवण कुमार के व्यक्तित्व में लोहिया, जयप्रकाश और नीतीश कुमार के विचारों का समावेश झलकता है। क्षेत्र की जनता के बीच उनकी छवि एक ऐसे सुलभ नेता की है, जिसका दरवाजा हर खासो-आम के लिए हमेशा खुला रहता है।

**◆ जदयू कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल**

**युवाओं और छात्रों में विशेष जोश दिखाः** वहीं, मंत्रिपरिषद में शामिल किए गए निशांत कुमार को लेकर युवाओं और छात्रों में विशेष जोश देखा जा रहा है। पेशे से इंजीनियर और उच्च शिक्षित निशांत कुमार अपनी सादगी और ऊर्जावान कार्यशैली के कारण युवाओं के बीच अत्यंत लोकप्रिय हैं। उनके चयन से यह संदेश गया है कि पार्टी युवाओं की मेधा और सक्रियता को पूरा मान-सम्मान दे रही है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि श्रवण कुमार के अनुभव और निशांत कुमार की युवा ऊर्जा का संगम बिहार के विकास और सुशासन के संकल्प को और अधिक प्रभावी बनाएगा। इस महत्वपूर्ण निर्णय को लेकर जिले के समस्त कार्यकर्ताओं ने सर्वमान्य नेता और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति हृदय से आभार प्रकट किया है। कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि वे सरकार की नीतियों, न्याय के साथ विकास के मॉडल और मुख्यमंत्री के सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाएंगे। उनका मानना है कि ये दोनों नेता मुख्यमंत्री की ओर से पिछले 20 साल में किए गए ऐतिहासिक कार्यों को आगे बढ़ाएंगे और 'समृद्धि यात्रा' के दौरान किए गए वादों को पूरा करने में अपनी अहम भूमिका निभाएंगे।



बधाई देने वालों में मुख्य रूप से वरिष्ठ नेता राजेंद्र प्रसाद, जिलाध्यक्ष मोहम्मद अरशद, जदयू प्रवक्ता डॉ. धनंजय कुमार देव, गुलरेज अंसारी, संजयकांत सिन्हा, रंजीत कुमार, मुन्ना कुमार, मुकेश सिंह, जयराम सिंह, संजय कुशवाहा, डॉ. अरविंद कुमार, शैलेश कुमार, जनार्दन पंडित, अजय चंद्रवंशी, युवाध्यक्ष धीरज पटेल, प्रतीम राज उर्फ सन्नी पटेल, संजीत यादव, सुनील रविदास, निरंजना गुप्ता, राहुल कुशवाहा, इमरान रिजवी, मिंटू चौधरी, अरविंद पटेल, पंकज कुमार सोनी लाल, अमित कुमार रिक्की, हिलसा मुख्य पार्षद धनंजय कुमार, सर्वेश कुमार, शैलेन्द्र गराई, डॉ. सुनील दत्त, बब्लू पटेल और संजीत पासवान सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### स्मैक के साथ नशे का सौदागर गिरफ्तार

**अररिया।** अररिया एसपी जितेन्द्र कुमार की ओर से जिले में सुख नशा के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में ताराबाड़ी थाना पुलिस ने ने नशे के एक कारोबारी को शुक्रवार को एक किलो से अधिक स्मैक के साथ गिरफ्तार किया। ताराबाड़ी थाना के अंतर्गत पटेगना धर्मकांटा के पास अररिया कुर्साकांटा मुख्य मार्ग में पुलिस ने गुप्त सूचना पर यह कार्रवाई की।पकड़ा गया नशे का सौदागर बरदाहा के वार्ड संख्या 11 निवासी 28 वर्षीय मो.मिराज अंसारी पिता मो.सलीम अंसारी है।पुलिस ने इसके पास से 1028 ग्राम स्मैक के साथ एक मोबाइल बरामद किया।मामले को लेकर ताराबाड़ी थाना में कांड संख्या 73/2026 दिनांक 08.08.2016 धारा 8(सी),21(सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज किया गया है।जानकारी शुक्रवार को एसपी जितेन्द्र कुमार ने दी। छापेमारी दल में ताराबाड़ी थानाध्यक्ष रंजीत कुमार,एसआई रमेश प्रसाद,बीरेंद्र कुमार,पीटीसी रंजन कुमार सिंह,गृहरक्षक ब्रह्मदेव सिंह और जमालउद्दीन शामिल थे।

### कला केंद्र में मनाई गई रवींद्रनाथ ठाकुर की जयंती

**भागलपुर।** शहर के कला केंद्र में पीस सेंटर परिधि की ओर से रवींद्रनाथ ठाकुर की 165वीं जयंती मनाई गई। साथ ही परिसर में स्थापित उनकी प्रतिमा और पास के रविन्द्र मंच पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एसएम कॉलेज के हिंदी विभाग की इंटर्नशिप कर रहीं छात्राओं ने भी सहभागिता निभाई। इस अवसर पर वक्ताओं ने रवींद्रनाथा ठाकुर के बहुआयामी योगदान को याद करते हुए कहा कि गीतांजलि के लिए उन्हें नोबेल पुरस्कार मिला। वरिष्ठ संस्कृति कर्मी उदय ने कहा कि वे कवि, गीतकार, कथाकार, उपन्यासकार, चित्रकार और नाटककार थे तथा उनके गीतों की स्वरलिपि 'रवीन्द्र संगीत' के रूप में विश्वभर में पहचानी जाती है। कला केंद्र के प्राचार्य राजीव कुमार सिंह उर्फ राहुल ने उनके बहुभाषी, बहुसांस्कृतिक राष्ट्रवाद पर प्रकाश डाला। रंगकर्मी निरुपम कांति पाल ने भागलपुर आगमन और बंगीय साहित्य परिषद की स्थापना का उल्लेख किया। मौके पर रीया कुमारी, रूचि कुमारी, निधि कुमारी,गीतांजलि गुंजन,सृष्टि सुमन, अलका कुमारी आदि ने अपने विचार रखे। मौके पर मूर्तिकार संजीव कुमार शर्मा ने टैगोर की प्रतिमा रंगकर्मी निरुपम कांति पॉल को भेंट की। कार्यक्रम में जयप्रकाश कुमार, अभिजीत, स्मिता कुमारी आदि थे।

### चंद बूंद खून की उम्मीद पर टिकी बचपन की बेबसी है थैलेसीमिया : डॉ. अंकुर

**भागलपुर।** "सर, मजदूरी करते हैं... दिहाड़ी छूटने के डर और खून न मिलने की मजबूरी में अक्सर अस्पताल आने में देर हो जाती है। मायागंज अस्पताल की ओपीडी में जब 12 साल के बालक के पिता ये शब्द कहते हैं, तो डॉक्टर की आंखें भी नम हो जाती हैं। 8 मई को विश्व थैलेसीमिया दिवस के मौके पर शिशु रोग विभागाध्यक्ष डॉ. अंकुर प्रियदर्शी ने इस बीमारी से जूझते बच्चों के संघर्ष की कहानी बतायी है। डॉ. अंकुर बताते हैं, मेडिकल की किताबों में जिसे हम थैलेसेमिक फेशीज के रूप में एक लक्षण मानकर पढ़ते थे, असल में वे चेहरों पर लिखा दर्द है। बार-बार खून की कमी से बदलती हड्डियों की बनावट, थकी हुई आंखें और उभरा हुआ पेट इन बच्चों की नीयति बन चुकी है। हर 15 दिन में अस्पताल की दहलीज पर सिर्फ इसलिए खड़े होते हैं ताकि उन्हें चंद बूंदें खून की मिल सके और उनकी सांसें चलती रहें। रक्तदान ही एकमात्र सहारा डॉक्टर के अनुसार, सरकार मुफ्त दवाएं, ल्यूकोफिल्टर और डे-केयर सेंटर जैसी सुविधाएं दे रही है, लेकिन असली संकट ब्लड का है। मायागंज अस्पताल में रोजाना 8-10 बच्चों को खून की जरूरत होती है। डॉ. अंकुर ने अपील की है, समाज स्वैच्छिक रक्तदान करें, क्योंकि खून किसी फैक्ट्री में नहीं बनता।

### चैंबर बोला, प्रशासनिक लापरवाही से बिगड़ी स्थिति

**भागलपुर।** विक्रमशिला सेतु की वर्तमान स्थिति को लेकर ईस्टर्न बिहार चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष शरद सालारपुरिया ने कहा कि पुल के क्षतिग्रस्त होने का सही आकलन पहले ही कर लिया जाना चाहिए था, लेकिन समय रहते आवश्यक कदम नहीं उठाए गए। इसका खामियाजा अब पूरे भागलपुर क्षेत्र के लोगों को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में किए जा रहे प्रयास केवल दिखावा साबित हो रहा है और इससे व्यापार को हो रहे करोड़ों रुपए के नुकसान की भरपाई संभव नहीं है। भागलपुर का बाजार लगभग अलग-थलग पड़ गया है, जिससे नवगछिया, कटिहार और खगड़िया जैसे क्षेत्रों से व्यापारिक संपर्क प्रभावित हो गया है। कच्चे माल की कमी और मजदूरों की समस्या से व्यापारियों की परेशानी बढ़ गई है। वहीं वैवाहिक कार्यक्रमों से लेकर सामान्य जनजीवन को भी असर पड़ा है। चैंबर के महासचिव पुनीत चौधरी ने फेरी घाटों पर व्याप्त अव्यवस्था पर चिंता जताते हुए कहा कि घाटों पर अफरा-तफरी और अराजक स्थिति बनी हुई है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि केवल एक घाट पर निर्भर रहने के बजाय शहर के अन्य घाटों से भी नाव और जहाज सेवा शुरू की जाए, ताकि यात्रियों की भीड़ कम हो सके। नावों पर सुरक्षा जैकेट की अनिवार्य व्यवस्था सुनिश्चित की जाए एवं किसी भी दुर्घटना से बचाव के लिए घाटों पर एनडीआरएफ और अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाए। चैंबर ने आम लोगों की सुविधा के लिए मुंगेर पुल मार्ग से विशेष ट्रेनों के परिचालन की मांग भी उठाई। साथ ही मालगाड़ियों में डिब्बों की संख्या बढ़ाकर व्यापारिक वस्तुओं की आपूर्ति सुचारु करने पर जोर दिया। संस्था ने विक्रमशिला सेतु पर दोपहिया, हल्के चारपहिया वाहन और पैदल यात्रियों के आवागमन को जल्द बहाल करने तथा नए पुल निर्माण कार्य में तेजी लाने की भी मांग की है।

### भामाशाह की जयंती मनी, उनकी दानशीलता को किया याद

**भागलपुर।** शाहर के पीपरपांती काली स्थान स्थित शीतला मंदिर में गुरुवार को दानवीर भामाशाह की जयंती हवन-यज्ञ के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का उद्देश्य वैश्य समाज को अपने इतिहास और महापुरुषों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम की शुरुआत भामाशाह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई। इसके बाद वैदिक प्रार्थना एवं मंत्रोच्चार के साथ हवन संपन्न हुआ। इस दौरान संस्था के सदस्यों ने उपस्थित लोगों को भामाशाह के जीवन और उनके योगदान के बारे में जानकारी दी। राष्ट्रीय तैलिक वैश्य संगठन के सदस्य अजय साह ने कहा कि वैश्य समाज के लोगों को अपने पूर्वजों के बारे में पर्याप्त जानकारी नहीं है। भामाशाह ने महाराणा प्रताप को युद्ध के लिए अपनी जीवनभर की कमाई दान कर दी थी, जिससे 25 हजार सैनिकों का 12 वर्षों तक भरण-पोषण संभव हुआ। कार्यक्रम में बैजनाथ शाह, भागीरथ शाह, राजाराम प्रसाद शाह, अरविन्द शाह, अरुण साह, अजय साह, रामदेव साह, डॉ. पूर्णेंदु साह, सुधीर साह, प्रसाद साह, इन्द्रदेव साह, परमानंद साह सहित अन्य लोगों का सहयोग रहा। कार्यक्रम का समापन सामूहिक भोज के साथ हुआ। भामाशाह की जयंती कार्यक्रम में शामिल गणमान्य लोग।

### कारोबार व शिक्षा जगत पर विक्रमशिला सेतु संकट का सर्वाधिक असर पड़ रहा

**भागलपुर।** पूर्वी बिहार की जीवन रेखा विक्रमशिला पुल का ढहना भागलपुर के लिए अभिशाप सिद्ध हो रहा है। भारतीय विश्वकर्मा महासंघ के अध्यक्ष एवं स्वर्णिका ज्वैलर्स कल्याण ज्वैलर्स के मालिक ने कहा की पुल ढहने से भागलपुर की अर्थव्यवस्था चरमरा गई है। व्यवसाय, कृषि, मेडिकल, शिक्षा या कोई अन्य सेक्टर हो पूरी तरह प्रभावित है। हर सेक्टर में 50 प्रतिशत का नुकसान है। सीएम व अंगक्षेत्र के दोनों मंत्रियों से आग्रह है कि जल्द पुल का अस्थायी स्वरूप तैयार कर इसे चालू किया जाए। छात्रों का भविष्य हो रहा ज्यादा प्रभावित: संजय चौहान भागलपुर | विक्रमशिला सेतु की जर्जर स्थिति को लेकर चौहान पब्लिक स्कूल के निदेशक संजय चौहान ने चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि पुल की खराब स्थिति का सबसे अधिक असर शिक्षा व्यवस्था पर पड़ रहा है।उन्होंने सरकार से मांग की कि विक्रमशिला सेतु का निर्माण कार्य तेजी से पूरा कराया जाए। भागलपुर में बड़ी संख्या में छात्र बाहरी क्षेत्रों से पढ़ाई करने आते हैं। पुल का यदि शीघ्र समाधान नहीं निकाला गया तो आने वाले समय में शिक्षा के साथ-साथ व्यापार और आम जनजीवन पर भी इसका व्यापक प्रभाव पड़ेगा।

# नाव से नई नवेली दुल्हन की विदाई बोलीं पहली बार सफर कर रही हूं

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**भागलपुर।** भागलपुर को सीमांचल से जोड़ने वाले विक्रमशिला सेतु का स्लैब टूटने के बाद लोगों की परेशानियां लगातार बढ़ती जा रही है। पुल पर आवागमन प्रभावित होने से व्यापारियों और वाहन चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस बीच मजबूरी में दूल्हा-दुल्हन को भी गंगा नदी पार करने के लिए नाव और स्टीमर का सहारा लेना पड़ रहा है।

**मजबूरी में नाव से सफर:** नवगछिया निवासी उत्तम कुमार की शादी कुछ दिन पहले भागलपुर में हुई थी। शादी के बाद दुल्हन के लेकर अपने घर तले गए। 1 दिन बाद पास दुल्हन मायके आ गई। विक्रमशिला सेतु का स्लैब टूटने के कारण सड़क मार्ग बाधित हो गया। ऐसे में नवविवाहित जोड़े को नवगछिया लौटने के लिए नाव से सफर करना पड़ा। नई नवेली दुल्हन लाल जोड़े में जब नाव पर सवार हुई तो घाट पर मौजूद लोगों की नजरें उसी पर टिक गई। कई लोग इस पल को अपने मोबाइल में कैद करते नजर आए। कुछ लोगों ने इसे मजबूरी का सफर बताया तो कई लोगों ने कहा कि यह पल दूल्हा-दुल्हन के लिए जिंदगी भर यादगार रहेगा।

**मायके गाड़ी से गए थे, अब नाव से जा रहे:** नई नवेली दुल्हन ने मुस्कुराते हुए कहा कि पहली बार नाव से सफर कर रहे हैं, अच्छा लग रहा है। मायके गाड़ी से गए थे, लेकिन लौटने के दौरान नाव से आना पड़ा। डर नहीं लग रहा, बल्कि सफर का आनंद आ रहा है।

**पहली बार नाव पर सफर:** वहीं, उत्तम के दोस्त रुस्तम ने बताया कि हमलोग खगड़िया वाले रूट से अपनी बाइक से गए थे। लौटने के दौरान पता चला कि पुल का हिस्सा टूट गया है, जिसके कारण नाव के सहारे वापस आना पड़ रहा है। पहली बार इस तरह नाव से सफर करने का मौका मिला। शुरुआत में थोड़ा अलग महसूस हुआ, लेकिन सफर काफी अच्छा लग रहा है।

**जानिए क्या है पूरा मामला:** दरअसल, रविवार रात करीब 12:45 बजे विक्रमशिला पुल के एक हिस्सा के गिरने के बाद सड़क मार्ग पूरी तरह बाधित हो गया है भागलपुर की ओर से नवगछिया, सीमांचल की ओर जाने वाले अधिकतर लोगों के लिए नाव ही एकमात्र सहारा है या फिर सड़क मार्ग से मुंगेर-खगड़िया होते हुए नवगछिया जाना पड़ रहा है। नाव से यात्रा के लिए जिला प्रशासन ने सुबह 5 बजे से शाम 5:30 बजे तक ही नाव संचालन की अनुमति दी है, जिसके कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि प्रशासन का दावा है कि यहां ठहरने वाले यात्रियों के लिए खाने, रहने, शौचालय सहित सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं।

## 297 नेपाली शराब के साथ बाइक पर सवार तस्कर गिरफ्तार



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**अररिया।** एसएसबी 56 वीं वाहिनी की बाह्य सीमा चौकी फुलकाहा की विशेष गश्ती टीम ने शुक्रवार को मानिकपुर के पास बाइक पर सवार एक तस्कर को 297 लीटर नेपाली शराब के साथ गिरफ्तार किया।फुलकाहा के मानिकपुर में भारतीय बोर्डर भारत-नेपाल सीमा स्तंभ संख्या 188/4 के नजदीक भारत साइड में लगभग पांच सौ मीटर पर यह कार्रवाई एसएसबी के द्वारा की गई। तस्करी का जब्त नेपाली शराब।990 बोतल बोरा में कार्टन में लेकर तस्कर जा रहा था।कुल 297 लीटर शराब पकड़ा गया।शराब को तीन अलग अलग मोटरसाइकिल पर लेकर तस्कर आ रहा था।जिसमें से एसएसबी की कार्रवाई के दौरान दो तस्कर मोटरसाइकिल छोड़कर भाग निकला,जबकि एक मोटरसाइकिल पर सवार तस्कर को गिरफ्तार कर लिया गया। एसएसबी की कार्रवाई में शराब की ढुलाई में उपयोग में लाए गए तीन मोटरसाइकिल को भी जब्त किया है।गिरफ्तार तस्कर मानिकपुर वार्ड संख्या 12 निवासी 31 वर्षीय छोटु यादव उम्र पिता देव नारायण यादव है,जिसे आवश्यक कागजी कार्रवाई के बाद के बाद आबकारी विभाग अररिया के सुपुर्द कर दिया गया।

# आज राष्ट्रीय लोक अदालत

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**अररिया।** अररिया व्यवहार न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। यह लोक अदालत कल, शनिवार 9 मई को सुबह 10:30 बजे आयोजित की जाएगी, जिसमें आपसी समझौते के आधार पर सुलहनीय वादों का निपटारा किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकार की देखरेख में इस आयोजन के लिए 15 बैंचों का गठन किया गया है। इन बैंचों में न्यायिक अधिकारी, वकील और मीडिएटर अपनी सेवाएं देंगे।

**अदालती फीस माफ कर दी जाएगी:** राष्ट्रीय लोक अदालत में मुख्य रूप से सिविल केस, मोटर दुर्घटना दावा, चेक बाउंस, पारिवारिक विवाद, श्रम विवाद, किराया-बिजली-पानी संबंधी मामले, बैंक रिकवरी और अन्य सुलहनीय आपराधिक मामले शामिल किए जाएंगे। जिन मामलों में दोनों पक्ष समझौते के लिए तैयार होंगे, उनका तुरंत निपटारा किया जाएगा और अदालती फीस माफ कर दी जाएगी। लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य लंबित मामलों को त्वरित गति से सुलझाना और पक्षकारों के बीच सौहार्दपूर्ण समाधान निकालना है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ने बताया कि इसके माध्यम से न सिर्फ समय की बचत होती है बल्कि मुकदमेबाजी की लागत भी कम हो जाती है। पिछले आयोजनों में अररिया में सैकड़ों मामलों का निपटारा हो चुका है, जिससे आमजन को बड़ी राहत मिली है।

**पूरे देश में एक साथ राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन:** जिन लोगों के मामले लोक अदालत में लगे हैं या जो सुलह के लिए तैयार हैं, उन्हें सुबह 10 बजे तक न्यायालय परिसर पहुंचना होगा और सभी संबंधित दस्तावेज साथ लाने होंगे। राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण (NALSA) के निर्देश पर पूरे देश में एक साथ राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है।

## भारत में रहना है तो वंदे मातरम कहना ही होगा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बेगूसराय।** बेगूसराय में केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने वंदे मातरम को लेकर AIMIM चीफ असदुद्दीन ओवैसी की टिप्पणी पर पलटवार किया है। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि भारत में रहने वालों को राष्ट्रगीत का सम्मान करना ही होगा। वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारत माता की वंदना है। ओवैसी जी यह भारत है और यहां शरिया कानून नहीं चलेगा। अगर आपको इस देश में रहना है, तो भारत माता की वंदना यानी वंदे मातरम कहना ही होगा। जो लोग वंदे मातरम का विरोध कर रहे हैं, वे देश की अखंडता और संस्कृति को चुनौती देने का प्रयास कर रहे हैं। जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। संवैधानिक मूल्यों के साथ-साथ राष्ट्र के प्रतीकों का सम्मान सर्वोपरि है।

**अर्बन नक्सल की भूमिका में राहुल गांधी:** गिरिराज सिंह ने आगे कहा कि अब कांग्रेस वह पुरानी पार्टी नहीं रही, बल्कि यह माओवादी मुस्लिम कांग्रेस में तब्दील हो चुकी है। मैं राहुल गांधी को चैलेंज करता हूं कि वे बताएं क्या असम में उनके 98 फीसदी जीते हुए उम्मीदवार मुस्लिम नहीं है। राहुल गांधी चंदन लगाकर और जनेऊ पहनकर घूमते थे, कहां चला गया घूमना। अब लोगों को गुमराह नहीं कर सकते। राहुल गांधी अर्बन नक्सल की भूमिका में रहते हैं, मुस्लिम ही इनका सब कुछ हो गया है। उनकी पार्टी अब अर्बन नक्सल और कट्टरपंथी विचारधारा के प्रभाव में है।

**ओवैसी की पार्टी की जरूरत नहीं:** गिरिराज सिंह ने तंज कसते हुए कहा कि ओवैसी को अब अपनी पार्टी की दुकान बंद कर देनी चाहिए। राहुल गांधी की कांग्रेस अब खुद ही ओवैसी से ज्यादा मुस्लिम उम्मीदवारों को तवज्जो दे रही है। उनकी तुष्टिकरण की राजनीति को आगे बढ़ा रही है। ऐसे में ओवैसी की पार्टी की अब कोई जरूरत नहीं रह गई है। कांग्रेस पर सनातन धर्म के अपमान का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आज हर उस चीज का विरोध कर रही है, जो भारतीय संस्कृति और गौरव से जुड़ी है। चाहे वह नारी शक्ति का वंदन(नारी शक्ति वंदन अधिनियम) हो या सनातन परंपराएं, कांग्रेस ने हमेशा विरोध की राजनीति की है।

# 17.95 लाख कैश के साथ 3 ठग गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**अररिया।** अररिया पुलिस ने साइबर फ्रॉड के एक बड़े गिरोह पर कार्रवाई की है। गुप्त सूचना के आधार पर महलगांव थाना क्षेत्र के पेचैली गांव में छापेमारी कर तीन साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने उनके पास से 17 लाख 95 हजार रुपए नगद, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और फर्जी दस्तावेज बरामद किए हैं। गश्ती के दौरान मिली सूचना पर पुलिस टीम ने पेचैली गांव के वार्ड नंबर-13 स्थित घर पर त्वरित छापेमारी की। पुलिस को देखते ही अपराधी भागने की कोशिश करने लगे, लेकिन पुलिस ने तीन को मौके पर दबोच लिया। हालांकि, गिरोह का मुख्य सरगना फरार होने में सफल रहा। गिरफ्तार किए गए अपराधियों की पहचान रवि कुमार, ब्रजानंद कुमार और करण कुमार के रूप में हुई है। ये सभी पेचैली गांव के वार्ड नंबर-03 के निवासी हैं। छापेमारी के दौरान ट्रंक और रसोई घर से 17,95,000 रुपए नगद बरामद किए गए।

**साइबर फ्रॉड में इस्तेमाल किए गए उपकरण बरामद:** इसके अलावा, पुलिस ने 2 लैपटॉप, 4 मोबाइल फोन, 1 कीबोर्ड, 2 माउस, 1 पेनड्राइव, 2 फिंगरप्रिंट डिवाइस, 4 OTG डिवाइस, 2 USB डिवाइस, कई बैंक पासबुक, चेकबुक और भारी मात्रा में फर्जी आधार कार्ड भी जब्त किए हैं। प्रारंभिक जांच में बरामद लैपटॉप और मोबाइल फोन से फर्जी आधार कार्ड बनाने, फिंगरप्रिंट डेटा और फेस डिटेक्शन से संबंधित संदिग्ध फोटो-वीडियो मिले हैं। यह गिरोह आम लोगों के बैंक खातों में सेंध लगाकर अवैध तरीके से पैसे निकालता था। इस मामले में साइबर थाना अररिया में कांड संख्या-21/26 दर्ज कर लिया गया है। पुलिस फरार मुख्य सरगना और गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में लगातार छापेमारी अभियान चला रही है।

**OTP की सुरक्षा पर ध्यान देने की अपील:** छापेमारी दल में महिला निरीक्षक रोमा कुमारी, महलगांव थाना , निरीक्षक सुमित कुमार सुमन और सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। यह कार्रवाई साइबर अपराध पर अररिया पुलिस की सख्ती को दर्शाती है। बढ़ते साइबर फ्रॉड के मामलों को देखते हुए पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे अपने बैंक खाते, आधार और OTP की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

## 31 बैंच में होगा विभिन्न मामलों एवं वाद विवादों का निपटारा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**भागलपुर।** सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार भागलपुर रंजीता कुमारी के द्वारा शुक्रवार को चेंबर में प्रेस वार्ता कर जानकारी दी गई कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार पटना के निर्देश के आलोक में व्यवहार न्यायालय भागलपुर में 9 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही नवगछिया एवं कहलगांव में भी राष्ट्रीय लोक अदालत लगेगा। राष्ट्रीय लोक अदालत द्वितीय का आयोजन किया जा रहा है। इस बार के लोक अदालत में भागलपुर में 22, नवगछिया में 7 और कहलगांव में 2 बेंच बैठाने का निर्धारण हुआ है। 22 बेंच में से 5 चालान जरूरत पड़ने पर बेंच बढ़ाया जा सकते हैं। नवगछिया एवं कहलगांव को भी कहा गया है जरूरत पड़ने पर चालान की बेंच बढ़ाएं। इस बार चालान की बैंचे जिला स्कूल में बैठाए गए हैं। जिला स्कूल में ही सारी व्यवस्था की गई है। वहां पर ट्रैफिक डिपार्टमेंट के सारे ऑफिसर रहेंगे एवं परिवहन विभाग के पदाधिकारी भी रहेंगे ताकि अधिक से अधिक मामलों का निपटारा किया जा सके।

**पूर्व रेलवे**

**सं.: एफ/सीआर/ डब्ल्यूसी/ एसएलआई/126, दिनांक:** 06.05.2026, मुख्य कारखाना प्रबंधक, पूर्व रेलवे वर्कशॉप, जमालपुर, जिला-मुंगेर, बिहार-811214 द्वारा इच्छुक निविदाकारों, जो निर्धारित समय सीमा के अंदर संदर्भित कार्य के लिए पर्याप्त वित्तीय एवं तकनीकी संसाधनों के साथ प्रमाणित, अनुभवी एवं क्षमता संपन्न हैं, से भारतीय रेलवे पोर्टल www.ireps.gov.in के माध्यम से खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम:** एसएलआई के लिए डेटा रिकॉर्डर के साथ नवीनतम आरडीएसओ/एलकेओ स्पेसिफिकेशन नं. एमपी-0.08.0062 (रिव-00) जून 2016 के अनुसार 140टी बीडी क्रेन के सभी सेंसर, इलेक्ट्रॉनिक्स और हार्डवेयर के साथ अपग्रेडेड एसएलाई के लिए डिजाइन, विकास, फिटमेंट, आरंभ और 07 वर्ष की वारंटी के साथ एसएलआई सिस्टम के नौ (09) अदद संपूर्ण सेट। संपूर्ण नवीनतम स्पेसिफिकेशन का कार्यान्यवन किया जाएगा। **निविदा मूल्य:** रु. 1,47,78,450/-, **निविदा कागजात का मूल्य:** शून्य। **बोली प्रतिभूति/बयाना राशि:** रु. 2,95,600/-, **समापन अवधि:** एलओए जारी करने की तिथि से 03 वर्ष (36) माह । **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 28.05.2026 को 16.00 बजे। **निविदा का प्रकार:** खुली ई-निविदा। **प्रस्ताव की वैधता:** निविदा के खुलने की तिथि से 60 दिन। **वेबसाइट का विवरण और नोटिस बोर्ड का स्थान जहां निविदा का पूरा विवरण देखा जा सकता है आदि:** (www.er.indianrailways.gov.in के साथ हाइपरलिंक्ड **www.ireps.gov.in)** और उप सीएमई (क्रेन) पूर्व रेलवे, लोकोमोटिव वर्कशॉप, जमालपुर के कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस पर। **"कार्य की समान प्रकृति" की परिभाषा:** "फर्म के पास भारत के सरकारी संगठनों/सार्वजनिक उपक्रमों के तहत भारतीय रेलवे के रोलिंग स्टॉक में एसएलआई (सेफ लोड इंडिकेशन) सिस्टम की आपूर्ति, फिटमेंट और आरंभ के सभी प्रमाणपत्र/अनुभव होना चाहिए।" भारतीय रेलवे की किसी भी इकाई या पीयू या केंद्र/राज्य सरकार के प्रतिष्ठानों या सार्वजनिक सूचीबद्ध कंपनी/ट्रस्टों में रु.500 करोड़ और उससे अधिक के औसत वार्षिक कारोबार वाले उपरोक्त कार्यों में से किसी एक या अधिक कार्य पर विचार किया जाएगा।

MISC-33/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**बांका।** बांका के बाराहाट थाना क्षेत्र के डुबरीडीह गांव में एक विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान गांव निवासी विवेक राय की पत्नी सोनी देवी(30) के रूप में हुई है। सूचना मिलने पर बाराहाट थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शुक्रवार को शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए बांका सदर अस्पताल भेज दिया। बताया जा रहा है कि घटना के समय घर में केवल बच्चे मौजूद थे, जबकि परिवार के अन्य सदस्य किसी काम से बाहर गए हुए थे। सोनी देवी अपने कमरे में चली गईं और अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। काफी देर तक मां को बाहर न देखकर बच्चों ने कमरे के पास जाकर देखा तो दरवाजा अंदर से बंद मिला।

**ग्रामीणों ने कमरे का तोड़ा दरवाजा:** बच्चों के शोर मचाने पर आसपास के ग्रामीण और परिजन मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने पहले दरवाजा खोलने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद स्थानीय लोगों ने दरवाजा तोड़कर कमरे में प्रवेश किया, जहां सोनी देवी फांसी के फंदे से लटकी हुई मिलीं। तुरंत बाराहाट थाना पुलिस को सूचना दी गई।

**घरेलू विवाद में आत्महत्या की आशंका:** पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थानीय लोगों की मदद से शव को नीचे उतारा। घटना की खबर मिलते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। शुरुआती जानकारी में घरेलू विवाद को आत्महत्या का कारण बताया जा रहा है। मौत के सही कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। हालांकि, पुलिस सभी पहलुओं से मामले की जांच कर रही है। बाराहाट थाना अध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर आगे की कानूनी कार्रवाई में जुटी हुई है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा।

## महादेवी महिला मंच ने घरेलू महिला को न्याय दिलाने के मार्ग में रोड़ा बनने वालों को दी कड़ी चेतावनी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



अररिया। भारत नेपाल सीमा क्षेत्र में महिलाओं के सशक्तिकरण,सुरक्षा और उत्पीड़न की दिशा में काम करने वाली संस्था महादेवी महिला मंच ने घरेलू हिंसा की शिकार महिला को न्याय दिलाने के मार्ग में रोड़ा बनने वाले प्रभावशाली व्यक्ति को कड़ी चेतावनी दी। शुक्रवार को जोगबनी के खजूरबाड़ी स्थित कार्यालय में प्रेस वार्ता कर मंच की अध्यक्ष मुस्कान कुमारी ने कहा कि उनकी संस्था महिलाओं के सशक्तिकरण के साथ महिलाओं को न्याय और सुरक्षा को लेकर लगातार काम कर रही है।इसी कड़ी में घरेलू हिंसा की शिकार एक महिला को न्याय दिलाने की दिशा में संस्था के काम में समाज के कुछ प्रभावशाली लोग रोड़ा अपना रहे हैं,जो किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं होगी।उन्होंने कहा कि संस्था घरेलू हिंसा की शिकार महिला को न्याय दिलाकर रहेगी। उन्होंने प्रभावशाली व्यक्ति का नाम सार्वजनिक नहीं करते हुए कहा कि कानून और संविधान के तहत उनके ऊपर कार्रवाई के लिए संस्था कानूनविदों से राय ले रही है।उन्होंने प्रभावशाली व्यक्ति के द्वारा संस्था और संस्था के सदस्यों को बदनाम करने के लिए कई तरह के हथकंडे अपना रहे हैं।झूठे मुकदमे में फंसा देने की धमकी दी जा रही है,लेकिन संस्था इन धमकियों से डिगने वाली नहीं है।

## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रीय लोक अदालत में परिवहन मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन

**आरा**। माननीय उच्च न्यायालय पटना एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार पटना के निर्देशानुसार दिनांक 9 मई 2026 शनिवारको आरा व्यवहार न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत में परिवहन मामलों का ऑन-द-स्पॉट निष्पादन किया जाएगा। इस लोक अदालत में परिवहन विभाग से संबंधित लंबित ई-चालान एवं ट्रैफिक मामलों का ऑन-द-स्पॉट निष्पादन किया जाएगा। राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश भोजपुर द्वारा कुल 19 बेंचों का गठन किया गया है, जिसमें सभी प्रकार के सुलहनीय मामलों का निष्पादन किया जाएगा। ट्रैफिक मामलों में पक्षकारों को सुलभ सुविधा उपलब्ध कराने हेतु 3 विशेष बेंच ट्रैफिक एवं ई-चालान मामलों के निष्पादन के लिए निर्धारित की गई है।

### सुकर विकास योजना के तहत 38 लाभुकों के बीच सुकर वितरण

**आरा**। भोजपुर जिले में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने और पशुपालन के माध्यम से स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए सुकर विकास योजना के अंतर्गत लाभुकों के बीच सुकर वितरण किया गया। जिला पशुपालन विभाग द्वारा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के 38 लाभुकों को योजना का लाभ प्रदान किया। अनुसूचित जाति वर्ग के 22 तथा अनुसूचित जनजाति वर्ग के 16 लाभुकों के बीच सुकर इकाइयों का वितरण किया गया। इस योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को पशुपालन से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाना है। बिहार सरकार की सुकर विकास योजना के तहत अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लोगों को स्वरोजगार के लिए 90 प्रतिशत तक अनुदान पर उन्नत नस्ल के सुकर दिए जाते हैं। योजना की एक इकाई में दो मादा और एक नर शामिल हैं। लाभार्थियों को आधार, जाति प्रमाण पत्र समेत जरूरी दस्तावेज के साथ जिला पशुपालन विभाग में आवेदन करना होता है।

**अधिकारियों की मौजूदगी में हुआ वितरण कार्यक्रमः** सुकर वितरण पशुपालन पदाधिकारी डॉ. दिनकर कुमार एवं सहायक कुक्कुट पदाधिकारी डॉ. रवि कुमार की उपस्थिति में हुआ। अधिकारियों ने लाभुकों को सुकर पालन से संबंधित आवश्यक जानकारी भी दी। कार्यक्रम के दौरान पशुओं के उचित रखरखाव, टीकाकरण, साफ-सफाई तथा संतुलित आहार के बारे में विस्तार से बताया गया, ताकि पशुपालक बेहतर तरीके से पालन कर अधिक लाभ अर्जित कर सकें।

### धोबहा थाना के पुलिस कर्मी का वायरल वीडियो गलत

**आरा**। धोबहा थाना के थानाध्यक्ष वर्षा रानी ने बताया कि थाना क्षेत्र के सलेमपुर बाजार पर स्थित एक मिठाई दुकानदार के द्वारा गलत एडिटिंग कर थाना के एक पुलिस कर्मी का वीडियो वायरल किया गया था जो गलत है। उक्त दुकानदार के ऊपर पुलिस को बदनाम करने और सरकारी काम में बाधा डालने के आरोप में जल्द ही एफआईआर दर्ज किया जाएगा। बुधवार को पुलिस को सूचना मिली थी कि सलेमपुर बाजार पर स्थित एक मिठाई की दुकान में शराब की पार्टी चल रही है। सूचना मिलने के बाद पुलिस उक्त जगह पर गई थी। दुकान का गेट बंद था। पुलिस गेट खुलवा रही थी। पूरी घटना क्रम का वीडियो पुलिस के द्वारा बनाया गया है। वहीं दूसरी तरफ वायरल वीडियो में पुलिस की गाड़ी के पास एक व्यक्ति खड़ा है जो वर्दी में नहीं है। वीडियो में कुछ लोगों के द्वारा उक्त व्यक्ति पर शराब पीने का भी आरोप लगाया जा रहा है। लेकिन दैनिक भास्कर इस वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता।

### डॉ. राम प्रसाद सिंह अंतरराष्ट्रीय साहित्य पुरस्कार से सम्मानित होंगे मगही और हिंदी के साहित्यकार

**बक्सर**। मगही अकादमी (गया), मगही लोक, तूतबाड़ी और गया जी के तत्वावधान में आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में डॉ. राम प्रसाद सिंह अंतरराष्ट्रीय साहित्य पुरस्कार 2026 प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। मगही के 'भारतेन्दु' और 'दधीचि' कहे जाने वाले ख्यातिप्राप्त साहित्यकार डॉ. राम प्रसाद सिंह के जन्मदिवस के अवसर पर आगामी 10 जुलाई 2026 को यह प्रतिष्ठित सम्मान दिया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता कर रहे प्रो. उपेन्द्र नाथ वर्मा ने बताया कि चयन समिति इस वर्ष मगही और हिंदी के एक-एक साहित्यकार को पुरस्कृत करेगी, जबकि एक अन्य साहित्यकार को विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा। चयनित होने वाले प्रत्येक साहित्यकार को 11 हजार रुपये की सम्मान राशि, अंगवस्त्र, प्रतीक चिन्ह और प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। पुरस्कारों का चयन पांच सदस्यीय उच्चस्तरीय समिति द्वारा किया जाएगा, जिसमें मगही और हिंदी के वरिष्ठ विद्वान शामिल होंगे। इच्छुक साहित्यकार अपनी दो प्रकाशित कृतियां 20 जून 2026 तक 'प्रो. उपेन्द्र नाथ वर्मा, मगही लोक, तूतबाड़ी, गया-823001' के पते पर भेज सकते हैं। प्राप्त प्रविष्टियों को चयन समिति के समक्ष समीक्षा के लिए रखा जाएगा। वर्ष 1980 से निरंतर संचालित यह गौरवशाली पुरस्कार अब तक कुल 86 साहित्यकारों को दिया जा चुका है। पिछले वर्ष यह सम्मान मगध विश्वविद्यालय, बोधगया में केंद्रीय मंत्रियों और कुलपतियों की गरिमामयी उपस्थिति में दिया गया था। इस वर्ष यह भव्य समारोह 10 या 12 जुलाई को पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के परिसर में आयोजित होगा। इस बैठक में क्षेत्र के कई दिग्गज शिक्षाविदों और साहित्यकारों ने भाग लिया, जिनमें डॉ. अश्विनी, डॉ. चन्द्रदीप, डॉ. दीपा, डॉ. बी.के.पी. वर्मा, डॉ. ब्रजनंदन, डॉ. दिलीप, डॉ. अचल, डॉ. भूपेन्द्र और प्रो. उमाशंकर प्रमुख रूप से शामिल थे।

### 8 साल के बच्चे की मौत

**आरा**। भोजपुर के सिकरहट्टा थाना क्षेत्र के कुरमुरी गांव में एक आठ साल के बच्चे की मौत हो गई है। मृत बालक के परिजनों ने फतेहपुर बाजार स्थित एक मेडिकल स्टोर संचालक पर गलत सुई देने का आरोप लगाया है। घटना की सूचना मिलने पर सिकरहट्टा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए आरा सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

**गलत सुई देने से मौत का आरोपः** मृत बालक की पहचान कुरमुरी गांव निवासी अनिल शर्मा के आठ साल के बेटे अर्जुन कुमार के रूप में हुई है। वह तीसरी कक्षा का छात्र था और बड़ा होकर पुलिस ऑफिसर बनने का सपना देखता था। उसकी असमय मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। घर में मां सरीता देवी समेत सभी परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक के बड़े पापा सुनील कुमार शर्मा ने बताया कि अर्जुन अपने छोटे भाई सार्थक के साथ खेल रहा था। इसी दौरान खेल-खेल में सार्थक ने ईंट से उसके सिर पर मार दिया, जिससे उसके सिर से काफी खून बहने लगा। आनन-फानन में परिवार वाले उसे इलाज के लिए फतेहपुर बाजार स्थित एक मेडिकल स्टोर पर लेकर पहुंचे। आरोप है कि वहां मौजूद दुकानदार ने पहले बच्चे को एक सुई दी और कहा कि उसे कुछ मिठाई खिला दीजिए, फिर दूसरी सुई देंगे।

### दामाद ने ससुर की उंगली दांत से काटी

**आरा**। भोजपुर में पैसे देने से मना करने पर सनकी दामाद ने अपने ही ससुर पर हमला कर दिया। गुस्से में उनके हाथ की उंगली दांत से चबाकर आधी काट डाली। घायल को परिजनों ने आनन-फानन में इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल पहुंचाया। घटना उदवंतनगर थाना क्षेत्र के कसाप गांव की है। घायल कुलदीप राम(45) ने बताया कि बेटी की शादी चौरी के अठपा गांव निवासी वेंकटेश प्रसाद के पुत्र अमरनाथ से की थी। कुछ दिनों से उनकी बेटी मायके में रह रही थी। दामाद भी वहीं था। लगातार खाने-पीने और खर्च के लिए पैसे मांग रहा था। पैसे नहीं मिलने पर वह नाराज होकर घर छोड़कर चला गया था। गुरुवार रात करीब नौ बजे अमरनाथ शराब के नशे में घर पहुंचा। मेरी बेटी के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। चीख-पुकार सुनकर बीच-बचाव करने पहुंचा, तो दामाद ने उन पर हमला कर दिया। पहले मारपीट की और फिर गुस्से में आकर उनके दाहिने हाथ की उंगली दांत से चबा डाली।

# न्यूनतम समर्थन मूल्य नहीं मिलने से बिहार के किसानों को नुकसान

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बक्सर**। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता सुधाकर सिंह ने शुक्रवार सुबह एक लाइव वीडियो जारी कर बिहार के किसानों की बदहाली पर चिंता जताई। उन्होंने न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) पर फसलों की खरीद न होने को लेकर केंद्र और राज्य सरकारों पर गंभीर सवाल उठाए। सिंह ने आरोप लगाया कि गेहूं और मक्का की सरकारी खरीद नहीं होने से किसानों को इस साल भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। सुधाकर सिंह ने याद दिलाया कि 2025 के विधानसभा चुनाव के समय भाजपा और एनडीए सहित लगभग सभी राजनीतिक दलों ने किसानों से वादा किया था। इन वादों में सरकार बनने पर गेहूं, मक्का, दलहन, धान और तिलहन जैसी फसलों पर एमएसपी की गारंटी देना शामिल था।

**किसानों को 6 माह बाद भी नहीं मिला लाभः** हालांकि, उनके अनुसार, सरकार बने लगभग छह महीने बीत चुके हैं, लेकिन किसानों को इन वादों का लाभ नहीं मिला है। उन्होंने मौजूदा खरीद व्यवस्था पर भी सवाल उठाए। सिंह ने कहा कि धान की खरीद भी इसी सरकार के कार्यकाल में हुई थी, और अब गेहूं व मक्का का सीजन चल रहा है, लेकिन खरीद प्रणाली पूरी तरह से अव्यवस्थित है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि पिछले छह महीनों से बिहार की राजनीति में उथल-पुथल जारी है, और भाजपा के मुख्यमंत्री बने भी 20-25 दिन हो चुके हैं, फिर भी किसानों की समस्याओं पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

**70 लाख मीट्रिक टन गेहूं का उत्पादः** सिंह ने बताया कि मौसम की चुनौतियों के बावजूद बिहार के किसानों ने इस साल लगभग 70 लाख मीट्रिक टन गेहूं और 40 लाख मीट्रिक टन मक्का का उत्पादन किया। उन्होंने उल्लेख किया कि केंद्र सरकार ने गेहूं का एमएसपी 2585 रुपए प्रति क्विंटल घोषित किया था, लेकिन किसानों को खुले बाजार में इससे लगभग 300 रुपए प्रति क्विंटल कम कीमत मिली। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि भारत सरकार की अमेरिका और यूरोप के साथ हुई व्यापारिक डील के कारण बाजार में सस्ते विदेशी गेहूं आने की आशंका बढ़ गई है। इस वजह से स्थानीय व्यापारियों ने किसानों से उनकी उपज का उचित मूल्य नहीं दिया। सुधाकर सिंह के अनुसार, केवल इस वर्ष गेहूं की फसल में किसानों को लगभग 21 करोड़ रुपए और मक्का की फसल में 45 करोड़ रुपए का अनुमानित नुकसान हुआ है।

**डेढ़ लाख करोड़ रुपए का घाटाः** सांसद ने कहा कि MSP लागू नहीं होने से बिहार के किसानों को हर साल करीब डेढ़ लाख करोड़ रुपए का घाटा हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार अपने GDP के आंकड़ों में फसलों का मूल्य MSP के आधार पर जोड़ देती है, जबकि वास्तविकता में किसानों को वह कीमत नहीं मिलती। इससे बिहार की अर्थव्यवस्था की सही तस्वीर सामने नहीं आ पाती। उन्होंने कहा कि गेहूं, मक्का और धान की खरीद की जिम्मेदारी फूड मंत्रालय की होती है, लेकिन लंबे समय से यह विभाग एनडीए के पास रहने के बावजूद किसानों की स्थिति में सुधार नहीं हुआ।

# अकबरपुर में नाली-गली तो बनी, पर पानी का अभाव

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बक्सर**। राजपुर प्रखंड की अकबरपुर पंचायत विकास कार्यों की वजह से चर्चा में है। पंचायत में सोलर लाइट, गली-नाली निर्माण और शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में काम हुआ है, लेकिन नल-जल योजना की बदहाल स्थिति ग्रामीणों के लिए बड़ी मुसीबत बनी हुई है। राजपुर प्रखंड मुख्यालय से करीब 10 किलोमीटर और जिला मुख्यालय से लगभग 35 किलोमीटर दूर स्थित अकबरपुर पंचायत 13 गांवों को मिलाकर बनी है। इसमें उसही, ओड़वार, सुगहर, बसही, अकबरपुर, श्रीकांतपुर, मांगोडिही, जलहरा, त्रिकालपुर, सैकुआं, अहियापुर, शाहबाजपुर और सुगहर गांव शामिल हैं। पंचायत की आबादी बड़े क्षेत्र में फैली हुई है और यहां विकास कार्यों की रफ्तार लगातार बढ़ रही है। पंचायत के मुखिया राजेश कुमार सिंह का कहना है कि उनके कार्यकाल में पंचायत की गलियों को सोलर लाइट की रोशनी से जगमगा दिया गया है। गांवों में नाली और गली निर्माण का कार्य तेजी से कराया जा रहा है, जिससे बरसात के दिनों में होने वाली परेशानी में काफी कमी आई है। ग्रामीणों का कहना है कि पहले जहां अंधेरा और कीचड़ बड़ी समस्या थी, वहीं अब स्थिति पहले से काफी बेहतर हुई है। प्रखंड मुख्यालय से दूरीः 10 किलोमीटर कनेक्टिविटीः बस ऑटो के साथ-साथ निजी वाहन से शिकायत पर नहीं होती कार्रवाई : मुखिया मुखिया राजेश कुमार सिंह ने बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार प्रखंड विकास पदाधिकारी से शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि अगर समय रहते पाइपलाइन की मरम्मत नहीं हुई तो गर्मी के दिनों में लोगों की परेशानी और बढ़ सकती है।

# कलिकाल में भगवान की कथा श्रवण श्रेष्ठ भक्तिः आचार्य धर्मेंद्र जी महाराज


सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**ब्रह्मपुर**। महान संत जीयर स्वामी जी महाराज के कृपापात्र विश्वाचार्य ब्रह्मपुर पीठाधीश्वर आचार्य धर्मेंद्र जी महाराज ने धर्मावती नदी के पावन तट अवस्थित भरियार गांव में आयोजित श्रीमद्भागवत सप्ताह कथा में कृपालु कृष्ण की जीवंत बाल लीलाओं का मनोहारी वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण की सभी लीलाएं भक्त कल्याण कारी और श्रद्धा भक्ति जागृत करने वाली है। पूतना के चरित्र का वर्णन करते हुए आचार्य जी ने कहा कि भगवान सबकी मनोकामना पूरा करते हैं। पूर्व जन्म में पूतना दानवीर बली की भगिनी निवेदिता थी, जो वामन भगवान के स्वरूप को देखकर कामना की थी यह ब्रह्मचारी मेरा पुत्र होता। लेकिन, जब वामन भगवान ने बली से दान में तीन पग भूमि मांगी और तीन पग भूमि पूरी नहीं होने पर बली को बंदी बना लिया तो कहा यह विष देकर मार देने लायक है। भगवान ने उसकी मन की बात जानकर कहा तुम्हारी मनोकामना पूरी होगी जब मैं द्वापरयुग में आऊंगा। दूध भी पीला लेना, विष भी दे देना। वहीं निवेदिता पुतना हुई भगवान ने उसे सद्गति प्रदान की। भगवान श्री कृष्ण की माखन चोरी लीला का वर्णन करते हुए कहा कि माखन कोमल, निर्मल होता है, भगवान को कोमलता व निर्मलता प्रिय है। मृदा भक्षण लीला को वर्णन करते कहा कि भगवान गुणातीत, रससातीत है। मिट्टी रज है यानी भगवान रज धारण कर पृथ्वी की क्षमाशीलता धारण कर रहे हैं। नलकूबर और मणिग्रीव के उद्धार की कथा कहते हुए कहा कि ये दोनों कुबेर के पुत्र हैं, तरूण हैं सुन्दर है, अहंकार के कारण देवर्षि नारद का अपमान करते, शाप पाते हैं और अम्लार्जुन के वृक्ष बनते हैं।

# विवाहिता की गला दबाकर हत्या

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**आरा**। भोजपुर में गला दबाकर विवाहिता की हत्या कर दी गई। मायके पक्ष ने पति और ससुराल वालों पर बाइक के लिए गला दबाकर जान से मारने का आरोप लगाया है। मृतका की पहचान छपरापर गांव निवासी प्रेम कुमार की पत्नी बुचन कुमारी(24) के तौर पर हुई है। घटना बड़हरा थाना क्षेत्र की है। मृतका की मां मीरा देवी ने बताया कि 2024 में बेटी की शादी हुई थी। अपनी क्षमता के अनुसार दहेज दिया था। बेटी को सोने की चेन, कुलर, फ्रिज, बर्तन, मिक्सर मशीन समेत कैश दिया। लेकिन लड़का बाइक की डिमांड कर रहा था। हमलोगों ने कहा कि हमारे पास फिलहाल पैसा नहीं है। कुछ दिन के बाद जब आप बाइक खरीदेंगे तो उसमें कुछ मदद कर देंगे। इसके बाद भी पूरा पैसा मांग रहे थे। डेढ़ साल का नाती है।

**बाइक खरीदने के लिए 15 हजार दिया थाः** मीरा देवी ने आगे कहा कि शादी होने के छह महीने के बाद से बेटी के साथ मारपीट करने लगे। लड़के की भाभी और सास उकसाकर दामाद से बेटी को पिटवाती थी। पंद्रह दिन पहले दामाद ने मेरे बेटे भोला को फोन कर बाइक खरीदने के लिए पैसे मांगे थे। बड़ी मुश्किल से 15 हजार दिया था। उसके बाद भी बेटी के साथ मारपीट करता था। दो दिन पहले बेटी बुचन से बात हुई थी, उसने कहा कि अब इस घर में रहने के मन नहीं कर रहा है। तुम आकर ले चलो, यहां सभी हैवान है। दिन रात मारपीट करते हैं। गुरुवार देर शाम दामाद ने फोन करके कहा कि आपकी बेटी ने फांसी लगा ली है, हालत काफी खराब है। खबर सुनने के बाद जब हमलोग ससुराल पहुंचे तो वहां कोई नहीं था। फोन करने पर कहा कि हमलोग पटना लेकर जा रहे है। पांच घंटे तक टाल मटोल किया गया। अंत में पता चला कि आरा शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जाकर देखा तो मुंह में ऑक्सीजन लगा हुआ है। उसके शरीर में कोई हरकत नहीं है। उसकी मौत पहले ही हो चुकी थी।

**छानबीन में जुटी पुलिसः** सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। सदर अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराया। परिजनों के बयान के आधार पर पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

# 200 रुपए के लिए कारपेंटर की हत्या

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**आरा**। भोजपुर में महज 200 रुपए के विवाद ने एक परिवार की जिंदगी उजाड़ दी। पैसे के लेनदेन को लेकर शुरू हुआ मामूली झगड़ा खूनी वारदात में बदल गया। धारदार हथियार से हमला कर कारपेंटर शंकर शर्मा(45) की निर्मम हत्या कर दी गई। घर के पीछे खून से लथपथ शव मिला। मृतक के सिर पर करीब एक इंच गहरा जख्म पाया गया है। सूचना मिलते ही चौरी पुलिस मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए आरा सदर अस्पताल भेजा गया है। घटना दुल्लमचक गांव(वार्ड नंबर-11) की है।

**घर से बुलाकर ले गए थेः** भाई चांद देव शर्मा ने बताया कि शंकर ने गांव के ही एक व्यक्ति से 200 रुपए उधार लिए थे। गुरुवार की शाम करीब साढ़े छह बजे उसी पैसे की मांग को लेकर दोनों के बीच कहासुनी और झगड़ा हुआ था। हालांकि गांव के लोगों ने बीच-बचाव कर मामले को शांत करा दिया था। खाना खाने के बाद शंकर घर में सो रहे थे। देर रात कुछ लोग आए और उन्हें नींद से उठाकर अपने साथ बाहर ले गए। इसके बाद वह वापस घर नहीं लौटे। शुक्रवार सुबह पिताडी राम नरेश शर्मा घर के पीछे गए तो देखा कि शंकर खून से लथपथ जमीन पर पड़ा था। सिर से लगातार खून बह रहा था। इसके बाद परिवार के अन्य सदस्य मौके पर पहुंचे। पुलिस को सूचना दी गई।

**अभी तक आवेदन नहीं मिला हैः** पीरो एसडीपीओ के.के सिंह ने बताया कि मृतक के सिर पर गहरा घाव मिला है। प्रारंभिक जांच में आपसी विवाद की बात सामने आई है। हालांकि अभी तक कोई लिखित आवेदन नहीं मिला है। पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।

# इटाढ़ी क्रॉसिंग आरओबी से आवागमन शुरू, पर अब भी चल रहा काम

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बक्सर**। नगर की यातायात व्यवस्था को राहत देने के उद्देश्य से तैयार किया गया इटाढ़ी क्रॉसिंग रेलवे ओवरब्रिज अब बनकर तैयार हो चुका है और इस पर आवागमन भी शुरू हो गया है, लेकिन वर्तमान स्थिति में यह पुल खतरे से खाली नहीं माना जा रहा है। पुल पर अब भी निर्माण से जुड़ी सामग्री और गिट्टी बिखरी होने के कारण दुर्घटनाओं की आशंका बनी हुई है, जिससे स्थानीय लोग चिंता जता रहे हैं। करीब 26.40 करोड़ रुपये की लागत से बने इस ओवरब्रिज का निर्माण भारतीय रेलवे और बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड के संयुक्त सहयोग से किया गया है। लंबे समय से जाम की समस्या से जूझ रहे लोगों के लिए यह पुल एक बड़ी राहत के रूप में देखा जा रहा था, लेकिन अधूरी फिनिशिंग के बीच आवागमन शुरू होने से सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय लोगों ने संबंधित विभाग से मांग की है कि पुल पर बिखरी निर्माण सामग्री को तत्काल हटाया जाए और सड़क को पूरी तरह समतल व सुरक्षित बनाया जाए। साथ ही पर्याप्त रोशनी और सुरक्षा संकेतक भी लगाए जाएं, ताकि दुर्घटनाओं की आशंका को कम किया जा सके। कुल मिलाकर, इटाढ़ी गुमटी आरओबी का निर्माण जहां एक बड़ी उपलब्धि है, वहीं इसे पूरी तरह सुरक्षित बनाना अब प्रशासन और संबंधित एजेंसियों के लिए सबसे बड़ी प्राथमिकता बन गई है। स्थानीय राजन तिवारी ने बताया कि पुल का निर्माण पूरा होना निश्चित रूप से एक बड़ी उपलब्धि है और इससे लोगों को राहत मिलेगी। लेकिन उनका कहना है कि पुल को पूरी तरह सुरक्षित और व्यवस्थित करने के बाद ही इसे चालू किया जाना चाहिए था। क्ष उन्होंने कहा कि वर्तमान स्थिति में यदि कोई व्यक्ति रात के समय इस पुल से गुजरता है, तो दुर्घटना की संभावना काफी बढ़ जाती है। दिन में भी जिस तरह से निर्माण सामग्री बिखरी हुई है, वह किसी भी समय हादसे का कारण बन सकती है। अधूरी स्थिति में शुरू हुआ परिचालन स्थानीय स्तर पर पुल से आवाजाही शुरू हो चुकी है, जिससे लोगों को रेलवे फाटक पर लगने वाले जाम से आंशिक राहत मिली है। हालांकि पुल पर जगह-जगह गिट्टी, निर्माण सामग्री और असमतल सतह बनी हुई है, जो राहगीरों और वाहन चालकों के लिए जोखिम पैदा कर रही है। विशेष रूप से दोपहिया वाहन चालकों के लिए यह स्थिति ज्यादा खतरनाक बताई जा रही है।

# श्रीभगवान सिंह कुशवाहा और संजय सिंह मंत्री बने

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**आरा**। भोजपुर जिले के जगदीशपुर विधानसभा क्षेत्र से जदयू विधायक श्रीभगवान सिंह कुशवाहा को मंत्री बनाया गया है। राजनीतिक सफर करीब 40 वर्षों का रहा है। 10वीं पास श्रीभगवान भोजपुर जिले के जगदीशपुर प्रखंड के दुल्हिनगंज गांव के रहने वाले हैं। सचिवालय में कार्यरत रहीं पत्नी उषा सिंह का बीते साल दिसम्बर माह में निधन हो गया था। कुशवाहा को बिहार की राजनीति में दल बदल के लिए भी जाना जाता रहा है। वर्ष 1990 में पहली बार आईपीएफ से विधायक बनकर विधानसभा में प्रवेश किया। इसके बाद वर्ष 2000 में समता पार्टी से दूसरी बार विधायक बने। वर्ष 2005 में हुए दोनों विधानसभा चुनावों में वे जदयू के टिकट पर जीतकर विधायक बने और करीब तीन वर्षों तक मंत्री पद पर भी रहे। हालांकि 2010 का विधानसभा चुनाव वे हार गए थे। इसके बाद वर्ष 2014 में उन्होंने राजद के टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़ा, लेकिन हार का सामना करना पड़ा। बाद में वे रालोसपा और पप्पू यादव की जन अधिकार पार्टी से जुड़े। पिछला विधानसभा चुनाव उन्होंने चिराग पासवान की पार्टी से लड़ा था, इसके बाद वर्ष 2024 में उन्होंने एक बार फिर जदयू का दामन थामा। आरा | बिहार में नयी एनडीए सरकार में आरा सदर के भाजपा विधायक संजय सिंह उर्फ संजय टाइगर को दोबारा मंत्री बनाया गया है। छह माह पहले नीतीश सरकार कि मंत्रिमंडल में मंत्री बने थे। इस बार मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में मंत्रिमंडल में शामिल हुए हैं। इनकी उम्र-55 है। बिहिया प्रखंड में अमराई नवादा गांव के निवासी हैं। माधव सिंह के पुत्र हैं। इन्होंने पटना के एएन कॉलेज से स्नातकोत्तर तक शिक्षा प्राप्त किया है। अविवाहित और शाकाहारी हैं। - संजय सिंह भाजपा और इसके अनुषांगिक संगठनों से से लंबे समय से जुड़े हैं। वह भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री और भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता रहे हैं। बेबाक भाषणों के कारण लोग कॉलेज के दिनों से ही इन्हें टाइगर कहने लगे। ये पहली बार संदेश विधानसभा क्षेत्र से वर्ष 2010 में भाजपा के विधायक बने थे। उन्होंने राजद के तत्कालीन विधायक और प्रत्याशी विजयेंद्र यादव को हराया था। वर्ष 2015 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने संदेश क्षेत्र से फिर संजय को चुनाव लड़ाया। लेकिन ये विजयेन्द्र के भाई राजद के अरुण कुमार सिंह उर्फ अरुण यादव से चुनाव हार गए। वर्ष 2020 में संदेश सीट जदयू कोटा को मिल गई, जिससे संजय चुनाव नहीं लड़े। वर्ष 2025 के चुनाव में भाजपा से जीत कर महागठबंधन समर्थित भाजपा वाले प्रत्याशी कयामुद्दीन अंसारी को हराया था। संजय के बड़े भाई स्वर्गीय धर्मपाल सिंह भी बार विधायक थे।

# रोड क्रॉस कर रही गाय से टकराई बाइक



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा**। बक्सर-पटना फोरलेन पर गुरुवार को बाइक सड़क पार कर रही गाय से टकरा गई। हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि 2 लोग घायल हुए हैं। मृतक सुरेंद्र शर्मा(30) बबुरा के धुसरिया गांव का रहने वाला था। घटना बिहिया थाना क्षेत्र के अमराई नवादा गांव के पास की है। घायलों में हित नारायण सिंह(75) और गुला शर्मा(40) शामिल है। दोनों का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। हित नारायण ने बताया कि वह बेटी की शादी के लिए देखने गया था। वहां से तीनों एक ही बाइक पर घर लौट रहे थे। रास्ते में हादसे के शिकार हो गए। स्थानीय लोगों ने अस्पताल पहुंचाया। जहां भतीजे सुरेंद्र की जान चली गई।

**घर में मचा कोहरामः** सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया। छह भाई-बहन में पांचवें स्थान पर था। उसके परिवार में मां ज्ञानती देवी, पत्नी सपना देवी, दो पुत्र युवराज और कल्लू है। परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### घायल की इलाज के दौरान मौत, अस्पताल पर लापरवाही का आरोप, परिजनों ने लगाया जाम

**हाजीपुर।** वैशाली जिले में सड़क दुर्घटना में घायल एक व्यक्ति की मौत के बाद परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया है। गुरुवार को शव के पोस्टमार्टम के बाद आक्रोशित परिजनों ने सहदेई बुजुर्ग थाना क्षेत्र के अंधराबर चौक के पास सड़क जाम कर दी, जिससे यातायात बाधित हो गया। जानकारी के अनुसार, यह घटना बीते देर रात हुई जब सहदेई बुजुर्ग थाना क्षेत्र के अंधराबर चौक के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार दो भाइयों को कुचल दिया। इस हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए थे। स्थानीय लोगों ने तुरंत उन्हें एक निजी पिकअप वाहन से सहदेई स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। सहदेई स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें सदर अस्पताल रेफर किया गया था। हालांकि, अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही बड़े भाई सुरेश साहनी की मौत हो गई। छोटे भाई असेशर साहनी की हालत अभी भी नाजुक बनी हुई है और उनका इलाज जारी है। मृतक सुरेश साहनी के घर में इस घटना के बाद मातम पसरा हुआ है। स्थानीय निवासियों ने आरोप लगाया है कि सहदेई बुजुर्ग प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा चुकी है और स्वास्थ्यकर्मियों की लापरवाही आम बात है। इस घटना ने एक बार फिर बिहार की स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी हकीकत उजागर की है। सड़क जाम की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आक्रोशित परिजनों को समझा-बुझाकर जाम खुलवाया और स्थिति को शांत किया। इसके बाद शव को अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया।

### मुजफ्फरपुर में जल्द खुलेंगे आधुनिक मछली बाजार, चार जगह पर मिलेंगी ताजी-जिंदा फिश

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में मछली प्रेमियों के लिए जल्द ही आधुनिक मछली बाजारों की शुरुआत होगी। शहर में मछली कारोबार को व्यवस्थित और आधुनिक बनाने के लिए चार प्रमुख स्थानों पर नए बाजार विकसित किए जाएंगे। भगवानपुर चौक, नीम चौक, लक्ष्मी चौक और संजय सिनेमा चौक पर भूमि चिन्हित कर ली गई है, और निर्माण काम शीघ्र शुरू होगा। इस योजना से उन मछली विक्रेताओं को लाभ मिलेगा जो अब तक सड़क किनारे या खुले में मछली बेचते थे। नए बाजारों में उन्हें स्थायी दुकानें और निर्धारित स्थान मिलेंगे, जिससे उनका व्यवसाय सुरक्षित और व्यवस्थित हो सकेगा। इन बाजारों में सुधा आउटलेट की तर्ज पर आधुनिक डिजाइन वाले स्टॉलों में मछलियां बेची जाएंगी।



ग्राहकों को ताजी और जीवित मछली चुनने का अवसर मिलेगा, क्योंकि मछलियों को जिंदा रखने की विशेष व्यवस्था होगी। साथ ही, सही वजन और उचित कीमत की गारंटी भी दी जाएगी। नए बाजारों में पक्के प्लेटफॉर्म, साफ-सफाई, बिजली और पानी जैसी सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इससे गर्मी और बारिश में मछली खराब होने की समस्या कम होगी, और व्यापारियों को भी राहत मिलेगी। इन बाजारों में केवल कच्ची मछली ही नहीं, बल्कि विभिन्न प्रकार के फिश प्रोडक्ट भी उपलब्ध होंगे। इनमें फिश कटलेट, मछली कबाब, फिश फिंगर्स, झींगा फ्राई और मछली के अंडों से बना विशेष व्यंजन 'गबोली डांगर' जैसे आइटम शामिल होंगे। जिला मत्स्य पदाधिकारी रणधीर कुमार ने बताया कि यह परियोजना राज्य सरकार की 'सात निश्चय-3' के तहत मुख्यमंत्री मत्स्य विपणन योजना का हिस्सा है। पूरे बिहार में कुल 100 आधुनिक मछली बाजार विकसित किए जाने हैं। पहले चरण में मुजफ्फरपुर सहित 9 जिलों में 30 बाजारों का निर्माण किया जाएगा।

### चलती बस में छात्रा से छेड़खानी, एफआईआर दर्ज, पटना से एग्जाम देकर मुजफ्फरपुर लौट रही थी

**मुजफ्फरपुर।** पटना से परीक्षा देकर लौट रही एक छात्रा के साथ चलती बस में छेड़खानी का मामला सामने आया है। आरोप है कि बस के कंडक्टर ने सफर के दौरान छात्रा के साथ बदसलूकी की और कई बार 'बैड टच' किया। करीब ढाई घंटे तक छात्रा भय और तनाव में सफर करती रही। मुजफ्फरपुर पहुंचने के बाद उसने हिम्मत जुटाकर परिजनों को पूरी घटना बताई, जिसके बाद थाने में शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस को दिए आवेदन के अनुसार, पीड़िता मुजफ्फरपुर के सदर थाना क्षेत्र की रहने वाली है। बुधवार को वह पटना परीक्षा देने गई थी। परीक्षा खत्म होने के बाद शाम में एक निजी बस से मुजफ्फरपुर लौट रही थी। इसी दौरान वैशाली जिले के सराय थाना क्षेत्र के पास बस के कंडक्टर ने उसके साथ बदतमीजी शुरू कर दीं। छात्रा ने विरोध किया, लेकिन आरोपी कंडक्टर नहीं माना और पूरे रास्ते उसे परेशान करता रहा। आरोप है कि सफर के दौरान उसने कई बार छात्रा को गलत तरीके से छूने की कोशिश की, जिससे वह पूरी तरह सहम गई। मुजफ्फरपुर बस स्टैंड पहुंचने के बाद छात्रा किसी तरह घर पहुंचकर उसने परिजनों को पूरी घटना बताई। इसके बाद देर रात परिजन छात्रा को लेकर सदर थाने पहुंचे और लिखित शिकायत दर्ज कराई। घटना वैशाली जिले के सराय थाना क्षेत्र की होने के कारण मुजफ्फरपुर सदर थाना पुलिस ने तकनीकी प्रक्रिया के तहत 'जीरो FIR' दर्ज की है। इसके बाद मामले को आगे की कार्रवाई के लिए सराय थाना भेज दिया गया है। सदर थानाध्यक्ष नवलेश कुमार आजाद ने बताया कि चलती बस में छात्रा से छेड़खानी का मामला सामने आया है। छात्रा के बयान के आधार पर जीरो FIR दर्ज कर ली गई है और केस को सराय थाना स्थानांतरित किया गया है। पुलिस ने छात्रा द्वारा उपलब्ध कराए गए बस के विवरण और कंडक्टर के मोबाइल नंबर के आधार पर आरोपी की पहचान कर ली है। बताया जा रहा है कि आरोपी पटना के बड़ी पहाड़ी इलाके का रहने वाला है। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की तैयारी में जुट गई है।


### 'पहले रेप की कोशिश, अब गोली मारने की धमकी दे रहे', पूरा परिवार डरा हुआ है


**मुजफ्फरपुर।** "मैंने अपने कोच के खिलाफ डेढ़ महीने पहले रेप की कोशिश करने का केस दर्ज कराया था। अब कोच मुझे फोन कर धमकी दे रहा है कि जब भी मैं तुम्हें देखूंगा, तो गोली मार दिया। कोच को पुलिस ने अभी तक अरेस्ट नहीं किया है। अब पुलिस भी केस को मैनेज करने की कोशिश कर रही है।" दरअसल, मुजफ्फरपुर की एक 17 साल के नाबालिग रग्बी खिलाड़ी ने अपने ही कोच पर यौन उत्पीड़न, जबरन दुष्कर्म करने की कोशिश और मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाया है। एफआईआर दर्ज होने के डेढ़ महीने बाद पीड़िता का कहना है कि पहले कोच ट्रेनिंग के दौरान छेड़छाड़ करता था, करियर बर्बाद करने की धमकी देकर दबाव बनाता था। अब केस दर्ज होने के बाद उसे गोली मारने की धमकी दी जा रही है। मामला दर्ज होने के करीब डेढ़ महीने बाद भी आरोपी पुलिस की पकड़ से बाहर है। पीड़िता ने बताया कि जब वह रग्बी ट्रेनिंग के लिए मैदान जाती थी, तब आरोपी कोच राहुल कुमार महतो उसके साथ गलत हरकत करता था। वह अकेले में मिलने के लिए दबाव बनाता था और जबरन गलत काम करने की कोशिश करता था। विरोध करने पर टीम से निकालने और खेल करियर खत्म करने की धमकी देता था। 23 मार्च को पीड़िता ने पटना के कंकड़बाग थाने में जीरो FIR दर्ज कराई थी। बाद में मामला मुजफ्फरपुर के तुर्की थाना ट्रांसफर किया गया, जहां 25 मार्च को केस दर्ज हुआ। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ पुलिस को ऑडियो सबूत भी दिए हैं, जिसमें कोच उससे अश्लील बातें करता सुनाई दे रहा है। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी सिर्फ उसके साथ ही नहीं, बल्कि अन्य महिला खिलाड़ियों के साथ भी इसी तरह का व्यवहार करता था। कई लड़कियों ने यौन उत्पीड़न, मानसिक प्रताड़ना और अवैध उगाही को लेकर शिकायत की थी। डर और दबाव के कारण करीब 10-15 लड़कियों ने ट्रेनिंग के लिए मैदान आना तक छोड़ दिया। नाबालिग खिलाड़ी बिहार टीम की ओर से दो बार नेशनल स्तर पर रग्बी खेल चुकी है। लेकिन कोच की प्रताड़ना के कारण वह लगातार मानसिक तनाव में थी। मामले में नया मोड़ तब आया जब पीड़िता ने आरोप लगाया कि केस दर्ज होने के बाद अब आरोपी उसे गोली मारने की धमकी दे रहा है। पीड़िता का कहना है कि जिन लड़कियों ने उसके समर्थन में शिकायत की थी, उन्हें भी अलग-अलग माध्यमों से डराया जा रहा है। आरोपी कहता है कि वह पीड़िता को गोली मार देगा।

# तेज आंधी के साथ बारिश, ओले गिरे, कई जगहों पर पेड़ टूटे

## पेट्रोल पंप की दीवार ढही, 10 शहरों में छाए बादल

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता





**पटना।** पिछले 10 दिनों से बिहार में बारिश से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिल रही है। राज्य के सभी जिलों का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के नीचे बना हुआ है। मौसम विभाग ने आज भी 14 जिलों के लिए बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश, बिजली के साथ ही ओले भी गिर सकते। साथ ही 50km प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है। पटना में आज शाम तेज बारिश के बीच ओले भी गिरे। दिन में ही अंधेरा छाया है और तेज आंधी भी चल रही है। बारिश के बीच राजधानी में कई जगहों पर पेड़ टूट गए। जबकि आर ब्लॉक स्थित एक पेट्रोल पंप की दीवार ढह गई। वहीं 10 शहरों में बादल छाए हैं। मौसम विभाग ने अगले 5 दिनों तक आंधी-बिजली, बारिश और ओला गिरने को लेकर अलर्ट जारी किया है। राज्य में प्री-मानसून गतिविधियां सक्रिय हैं। बंगाल की खाड़ी से लगातार नमी आने और पश्चिमी विक्षोभ के असर से मौसम में बदलाव दिख रहा है।

विभाग ने 10 मई से एक और पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना जताई है, जिसके कारण अगले कुछ दिनों तक मौसम सामान्य बना रह सकता है। बीते 24 घंटे में जमुई, रोहतास, गयाजी समेत 5 जिलों में तेज बारिश हुई। गयाजी, रोहतास, लखीसराय में बारिश के साथ ओले भी गिरे और कई जिलों में बादल छाए रहे।

**पटना में कैसा रहेगा मौसमः** राजधानी में भी मौसम सुहावना बना रह सकता है। विभाग के अनुसार, शुक्रवार को पटना में बादल छाए रहने, हल्की बारिश और तेज हवा चलने की संभावना है। अधिकतम तापमान 35 से 36 डिग्री सेल्सियस के आसपास रह सकता है, जबकि न्यूनतम तापमान 24 से 25 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है। दिनभर उमस कम रहने और बीच-बीच में हवा चलने से लोगों को गर्मी से राहत मिलेगी। हालांकि शाम और रात के समय गरज के साथ बारिश की संभावना बनी हुई है।

# प्राचीन देवी मंदिर में चोरी, मूर्ति की सोने की नथिया ले उड़े चोर

## मंदिर परिसर में की तोड़फोड़, पुलिसिंग पर उठे सवाल

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**पटना।** पटना जिले के बिहटा थाना क्षेत्र के देवकुली गांव स्थित एक प्राचीन देवी मंदिर में देर रात चोरी की वारदात से इलाके में हड़कंप मच गया। अज्ञात चोरों ने NH-30 किनारे स्थित मंदिर का ताला काटकर देवी मां की सोने की नथिया चोरी कर ली और मंदिर के अंदर तोड़फोड़ भी की। घटना की जानकारी शुक्रवार सुबह तब हुई, जब मंदिर के पुजारी और कमेटी सदस्य पूजा के लिए पहुंचे। मंदिर का मुख्य गेट खुला मिला और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। मां की मूर्ति का मुकुट भी अस्त-व्यस्त था, जबकि सोने की नथिया गायब थी।

**50 हजार से अधिक की बताई जा रही कीमतः** मंदिर कमेटी सदस्य विनय कुमार सिंह ने बताया कि चोरी हुई सोने की नथिया की कीमत 50 हजार रुपये से अधिक है। उन्होंने बताया कि पास के एक अन्य मंदिर में भी चोरों ने ताला काटकर चोरी की कोशिश की, लेकिन वहां कोई कीमती सामान नहीं मिलने से वे सफल नहीं हो सके।

कमेटी सदस्यों के अनुसार, चोरी की घटना रात 1 बजे से 4 बजे के बीच हुई होगी। उन्होंने इलाके में पुलिस गश्त की कमी पर सवाल उठाते हुए कहा कि NH रोड पर लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाएं चिंता का विषय बनती जा रही हैं। घटना की सूचना मिलने पर डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। मंदिर कमेटी की ओर से अज्ञात चोरों के खिलाफ थाने में आवेदन दिया गया है। थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी। आसपास लगे CCTV कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और चोरों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# मानवता की सेवा के उद्देश्य से की गई रेडक्रॉस की स्थापना



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**मसौढ़ी!** नगर मुख्यालय के शिव शान्ति हॉल में रेडक्रॉस दिवस मनाया गया।मुख्य वक्ता पूर्व प्रखंड प्रमुख रमाकांत रंजन किशोर ने बताया कि रेडक्रॉस की स्थापना मानवता की सेवा के उद्देश्य से की गई थी।यह संस्था विश्वभर में प्राकृतिक आपदाओं, दुर्घटनाओं एवं स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के समय लोगों की सहायता करती है।उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि सेवा,दया एवं करुणा ही मानव जीवन के सबसे बड़े गुण हैं। यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन में दूसरों की सहायता करने का संकल्प लें, तो समाज और राष्ट्र दोनों अधिक सशक्त बन सकते हैं।वही फायर ब्रिगेड प्रभारी अमरेंद्र कुमार सिंहा एवं उनके टिम के द्वारा आग से बचाव के लिए लोगों को जागरूक किया गया।इस मौके पर रेड क्रॉस प्रभारी विश्वरंजन सिंह संतोष कुमार बिरेंद्र सिंह रितेश यादव मुन्ना सिंह मनोज कुमार प्रणव कुमार सिंह डॉ उपेंद्र कुमार सुबोध शर्मा धर्मवीर प्रसाद प्रसाद अरविंद नारायण सिंह उपेंद्र कुमार निराला जितेंद्र कुमार रीता शर्मा सत्या कुमारी आरती पीयूष कुमार अमृत आनंद सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे।

# फुलवारी शरीफ प्रखंड प्रमुख ज्योति कुमारी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव खारिज

## पर्याप्त समर्थन नहीं मिलने से पद पर बरकरार रहीं प्रमुख, समर्थकों में खुशी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**फुलवारी शरीफ।** फुलवारी शरीफ प्रखंड प्रमुख ज्योति कुमारी के खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव शुक्रवार को खारिज हो गया। इसके साथ ही ज्योति कुमारी अपने पद पर बनी रहेंगी। जानकारी के अनुसार, कुल 17 समिति सदस्यों ने अविश्वास प्रस्ताव के समर्थन में आवेदन दिया था, जिसके बाद प्रखंड कार्यालय में विशेष बैठक बुलाई गई। हालांकि बैठक के दौरान विरोधी खेमे को अपेक्षित समर्थन नहीं मिल सका। निर्धारित समय तक केवल दो समिति सदस्य ही बैठक में उपस्थित हुए। नियमानुसार अविश्वास प्रस्ताव पारित कराने के लिए दो-तिहाई बहुमत आवश्यक होता है। पर्याप्त संख्या में सदस्य उपस्थित नहीं होने के कारण प्रस्ताव स्वतः निष्प्रभावी हो गया।

बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय कुमार मिश्रा ने की। उन्होंने बताया कि किसी भी सदस्य ने ज्योति कुमारी के खिलाफ मतदान नहीं किया। समय समाप्ति के बाद ज्योति कुमारी को पुनः फुलवारी शरीफ प्रखंड प्रमुख बने रहने की आधिकारिक घोषणा कर दी गई। घोषणा के बाद प्रखंड कार्यालय परिसर में ज्योति कुमारी के समर्थकों ने खुशी जाहिर की। वहीं ज्योति कुमारी ने पूरे मामले को राजनीतिक साजिश बताया। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों द्वारा सुनियोजित तरीके से उनके खिलाफ माहौल बनाने की कोशिश की गई थी, लेकिन वह सफल नहीं हो सकी।

प्रखंड प्रमुख ने कहा कि अब उनका पूरा ध्यान क्षेत्र के विकास कार्यों पर रहेगा। उन्होंने सड़क, नाली, पेयजल और अन्य जनहित से जुड़ी अधूरी योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराने का भरोसा दिलाया। बीडीओ विजय कुमार मिश्रा ने कहा कि पूरी प्रक्रिया नियमानुसार और पारदर्शिता के साथ संपन्न कराई गई। उन्होंने स्पष्ट किया कि पर्याप्त संख्या में सदस्य उपस्थित नहीं होने के कारण अविश्वास प्रस्ताव स्वतः समाप्त माना गया और ज्योति कुमारी को पद पर बने रहने की घोषणा की गई।

# शैलेश कुमार उर्फ बुलो मंडल ने ऊर्जा मंत्री के रूप में कार्यभार संभाला

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**पटना।** बिहार सरकार के नये ऊर्जा मंत्री के रूप में शुक्रवार को श्री शैलेश कुमार उर्फ बुलो मंडल ने कार्यभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण के अवसर पर विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया। ऊर्जा विभाग के सचिव एवं बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी लिमिटेड के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार सिंह (भा. प्र. से.) ने माननीय मंत्री को विभाग एवं विद्युत कंपनियों के प्रमुख चल रही महत्वपूर्ण योजनाओं एवं परियोजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्री राहुल कुमार (भा. प्र. से.), निदेशक एवं अन्य वरीय पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

माननीय मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकताओं के साथ ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए विभाग पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगा। साथ ही उन्होंने किसान हित एवं कृषि क्षेत्र को भी प्राथमिकता देने की बात कही।

ऊर्जा विभाग के सचिव और बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी लिमिटेड के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री मनोज कुमार सिंह (भा. प्र. से.) ने कहा कि राज्य सरकार के नेतृत्व में ऊर्जा क्षेत्र में लगातार महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि ऊर्जा मंत्री के मार्गदर्शन में विभाग की योजनाओं एवं परियोजनाओं को और गति मिलेगी तथा उपभोक्ताओं को बेहतर एवं विश्वसनीय विद्युत सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा चल रही विभिन्न योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा उपभोक्ता सेवाओं में सुधार को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है।

# पटना नगर निगम जल्द लॉन्च करेगा अपना ऐप

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**पटना।** पटना नगर निगम जल्द ही अपना डिजिटल ऐप लॉन्च करने जा रहा है। इस प्लेटफॉर्म के जरिए लोगों को नगर निगम के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे और कई सुविधाएं एक क्लिक पर उपलब्ध होंगी। ऐप को संचालित करने के लिए निगम ने बिहार सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी विभाग से वर्चुअल प्राइवेट सर्वर (VPS) उपलब्ध कराने की मांग की है। इस ऐप के शुरू होने के बाद नागरिक घर बैठे वार्ड पार्षद और निगम अधिकारियों का नंबर प्राप्त कर सकेंगे। साथ ही अपनी समस्याओं की शिकायत दर्ज कर उसके समाधान की जानकारी भी ऑनलाइन ले सकेंगे।

इस ऐप में जियोस्पेशियल तकनीक का इस्तेमाल कर "गेट माय वार्ड" फीचर भी होगा। इसके माध्यम से नागरिक अपने वार्ड की पहचान कर संबंधित अधिकारियों की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। ऐप के माध्यम से शहर की सभी महत्वपूर्ण संपत्तियों और सेवाओं का डिजिटल नक्शा तैयार होगा। वहीं, "PMC डिजिटल एसेट्स" प्लेटफॉर्म के जरिए नगर निगम की सभी अचल संपत्तियों की जानकारी इंटरएक्टिव मैप पर उपलब्ध होगी।

# लोकनायक जयप्रकाश नारायण अस्पताल में 450 बेड का सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक तैयार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**पटना।** पटना के लोकनायक जयप्रकाश नारायण (LNJP) अस्पताल में 400 बेड का अत्याधुनिक सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक और ट्रामा सेंटर लगभग बनकर तैयार है। छह मंजिला यह हाईटेक भवन मई के अंत तक अस्पताल प्रशासन को सौंपे जाने की तैयारी है। इसके शुरू होने से बिहार के मरीजों को स्पाइन, जॉइंट रिप्लेसमेंट और स्पोर्ट्स इंजरी जैसे जटिल रोगों के इलाज के लिए अब दूसरे राज्यों में नहीं जाना पड़ेगा। लगभग 450 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित यह नया ब्लॉक आधुनिक चिकित्सा तकनीकों से सुसज्जित होगा। इसमें रोबोटिक और नेविगेशन आधारित स्पाइन सर्जरी, मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर, एडवांस एमआरआई और सीटी स्कैन जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इसके अलावा स्पोर्ट्स इंजरी यूनिट, पीडियाट्रिक ऑर्थोपेडिक्स और रिहैबिलिटेशन सेंटर भी एक ही छत के नीचे मिलेंगे। अस्पताल के निदेशक डॉ. राकेश चौधरी ने बताया कि, 'निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। यदि सब कुछ योजनानुसार रहा तो मई के अंत तक बिहार मेडिकल सर्विसेज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (BMSICL) द्वारा भवन अस्पताल प्रशासन को सौंप दिया जाएगा। भवन के हस्तांतरण के बाद अगले महीने से मरीजों के लिए नई सुविधाएं चरणबद्ध तरीके से शुरू कर दी जाएंगी।' डॉ. चौधरी के अनुसार, कुछ तकनीकी और इंटीरियर से जुड़े कार्य अभी बाकी हैं, जिन्हें हस्तांतरण के बाद भी पूरा किया जा सकेगा। उन्होंने इस भवन को बिहार के सरकारी स्वास्थ्य ढांचे के लिए एक मील का पत्थर बताया, जहां मरीजों को कम खर्च में विश्वस्तरीय चिकित्सा सुविधाएं मिलेंगी।

# आईजीआईएमएस में नर्सिंग छात्राओं का आंदोलन खत्म

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**पटना।** पटना के इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान (IGIMS) के नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं का आंदोलन 48 बाद आज शुक्रवार को खत्म हो गया। स्वास्थ्य विभाग और संस्थान निदेशक के हस्तक्षेप के बाद छात्राओं ने ये फैसला किया। छात्राओं का एक डेलिगेशन स्वास्थ विभाग के अधिकारी और संस्थान के निदेशक से मिलकर अपनी बातों को उनके समक्ष रखा। बातचीत करीब 1 घंटे तक संस्थान के निदेशक कक्ष में हुई।

प्रदर्शन कर रही छात्राओं के मुताबिक, बातचीत के दौरान सबसे बड़ा फैसला वाइस प्रिंसिपल रूपाश्री दासगुप्ता को लेकर लिया गया है। स्वास्थ्य विभाग ने सभी पांचों सेमेस्टर से जुड़े अकादमिक कार्यों से वाइस प्रिंसिपल को तत्काल प्रभाव से अलग कर दिया है। फिलहाल वे किसी भी प्रकार का अकादमिक कार्य नहीं देखेंगी। साथ ही छात्राओं के आरोपों की जांच के लिए टीम गठित किया गया है। छात्राओं का कहना है कि उनकी प्रमुख मांगों पर कार्रवाई का भरोसा मिलने के बाद वे वापस अपने हॉस्टल और कक्षाओं में लौट गई हैं।

छात्राओं के प्रदर्शन की वजह से अस्पताल का गेट नहीं खुल पा रहा था। ना तो अस्पताल में एंबुलेंस जा पा रही थी, ना ही डॉक्टर्स की एंट्री हो पा रही थी। छात्राओं का आरोप था कि कॉलेज की प्रिंसिपल अनुजा डैनियल और वाइस प्रिंसिपल रुपाश्री दासगुप्ता उनके साथ मारपीट करती हैं। उन्हें गालियां देती हैं। जानबूझकर उन्हें एग्जाम में फेल किया जाता है। कई बार शिकायत के बाद भी दोनों पर कोई एक्शन नहीं लिया गया। प्रदर्शन के दौरान छात्राएं हाथ में पोस्टर लेकर बैठी थी। जिनपर लिखा था- कॉलेज कोठा नहीं है। छात्राओं ने प्रिंसिपल और वाइस प्रिंसिपल को हाटने की मांग की। महिला टीचर्स भी छात्राओं के समर्थन में उतर गई थीं। आंदोलन कर रही छात्राओं ने बताया, साल 2018 से लंबित स्टाइपेंड की समस्या को भी विभाग ने गंभीरता से लिया है। स्वास्थ्य विभाग ने आश्वासन दिया है कि 7 कार्य दिवसों के अंदर स्टाइपेंड बहाल करने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। इस घोषणा के बाद छात्राओं में राहत देखी गई। छात्राओं ने यह भी मुद्दा उठाया था कि पिछले 6 महीनों से कई सेशन समय से पीछे चल रहे हैं, जिससे पढ़ाई और परीक्षा दोनों प्रभावित हो रहे। इस पर संस्थान प्रशासन ने भरोसा दिलाया कि सभी सेशन को जल्द ऑन टाइम किया जाएगा ताकि छात्राओं का भविष्य प्रभावित न हो।

**प्रदर्शन कर रही छात्राओं ने क्या आरोप लगाएः** छात्राओं का प्रदर्शन बुधवार यानी 6 मई से चल रहा था। गुरुवार को भी छात्राओं ने कैंपस के अंदर प्रदर्शन किया था। धरने में साल 2021 से 2025 तक की अलग-अलग बैच की लगभग 450 छात्राएं शामिल थीं।

छात्राओं ने सुबह से ही कक्षाओं का बहिष्कार कर दिया और कॉलेज के मुख्य गेट पर बैठकर विरोध प्रदर्शन किया। उनके हाथों में 'कॉलेज कोठा नही हैं', "मानसिक प्रताड़ना बंद करो", "हमें न्याय चाहिए" और "प्रिंसिपल व वाइस प्रिंसिपल को बर्खास्त करो" जैसे नारे लिखे पोस्टर और तख्तियां थीं। छात्राओं ने प्रिंसिपल और वाइस प्रिंसिपल के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक दोनों अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होती, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### मंडा पूजा आदिवासी आस्था और संस्कृति का प्रतीक, इसे रखें सहेज कर : विधायक



**खूंटी**। विधायक राम सूर्या मुंडा ने कहा कि मंडा पूजा आदिवासी समाज की आस्था, संस्कृति और परंपरा का महत्वपूर्ण प्रतीक है, जिसे सहेज कर रखना आवश्यक है। विधायक शुक्रवार को कर्रा प्रखंड के तस्की बिरदा गांव में आयोजित मंडा पूजा मेला और नागपुरी ऑर्केस्ट्रा कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इस दौरान विधायक बाबा बूढ़ा महादेव पूजा स्थल पहुंचे, जहां उन्होंने श्रद्धापूर्वक नमन कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। साथ ही उन्होंने श्रद्धालुओं और ग्रामीणों से मुलाकात कर मंडा पूजा की महत्ता पर चर्चा की। ग्रामीणों की मांग पर विधायक राम सूर्या मुंडा ने तस्की में भूत जल्द झूलन खूंटा निर्माण कार्य कराने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की धार्मिक एवं सांस्कृतिक पहचान को मजबूत करने के लिए हरसंभव सहयोग किया जाएगा। कार्यक्रम में जिला प्रवक्ता तौकिर आलम, फिरोज खान, लाल मुंडा, राजेश मुंडा, अजीत मुंडा, जिला सचिव सुशील पाहन, विधायक प्रतिनिधि अनूप लकड़ा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### प्रशासन ने की मेडिकल स्टोरों की जांच, वैध प्रिस्क्रिप्शन पर ही दवा बेचने का निर्देश



**पश्चिमी सिंहभूम**। जिले में नशीली दवाओं के दुरुपयोग पर रोक लगाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन की ओर से लगातार निगरानी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को दवा निरीक्षक सोनी बारा ने चाईबासा शहर के सदर बाजार स्थित सूर्या मेडिकल स्टोर और अग्रवाल मेडिकल स्टोर का निरीक्षण किया। जांच के दौरान मेडिकल दुकानों में दवाओं की खरीद-बिक्री से जुड़े अभिलेख, स्टॉक रजिस्टर और दवाओं के रखरखाव की व्यवस्था की गहन जांच की गई। साथ ही यह भी देखा गया कि दुकानदार औषधि एवं सौंदर्य प्रसाधन अधिनियम के नियमों का पालन कर रहे हैं या नहीं। निरीक्षण में दोनों दुकानों की व्यवस्था संतोषजनक पाई गई। दवा निरीक्षक ने विशेष रूप से कोडीन युक्त सिरप की उपलब्धता की जांच की, लेकिन किसी भी दुकान में इस तरह की दवा नहीं मिली। अधिकारियों ने मेडिकल संचालकों को स्पष्ट निर्देश दिया कि किसी भी दवा की बिक्री केवल चिकित्सक के वैध प्रिस्क्रिप्शन के आधार पर ही की जाए। निरीक्षण के दौरान मेडिकल दुकानदारों को यह भी कहा गया कि यदि कोई व्यक्ति संदिग्ध गतिविधियों या बार-बार अनियमित तरीके से दवा खरीदने का प्रयास करता दिखाई दे, तो इसकी सूचना तुरंत संबंधित अधिकारियों या नजदीकी थाने को दें। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि मादक पदार्थ के रूप में इस्तेमाल होने वाली दवाओं की अवैध बिक्री रोकने के लिए आगे भी जिलेभर में नियमित जांच अभियान चलाया जाता रहेगा।

### लोगों को दी गई आग से बचाव, सुरक्षा उपायों की जानकारी



**खूंटी**। कर्रा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में शुक्रवार को अग्नि सुरक्षा सप्ताह के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य अस्पताल कर्मियों और आम लोगों को आग से बचाव, सुरक्षा उपायों एवं आपातकालीन स्थिति में सतर्क रहने के प्रति जागरूक करना था। इस दौरान स्वास्थ्यकर्मियों को अग्निशमन यंत्र के सही उपयोग, आग लगने की स्थिति में प्राथमिक बचाव उपाय और मरीजों को सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने कहा कि छोटी सी लापरवाही भी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। इसलिए सभी को सुरक्षा नियमों का पालन गंभीरता से करना चाहिए। अस्पताल परिसर में मॉक ड्रिल का भी आयोजन किया गया, जिसमें कर्मचारियों ने आपातकालीन स्थिति से निपटने का अभ्यास किया। मॉक ड्रिल के माध्यम से आग लगने पर तत्काल प्रतिक्रिया, मरीजों की सुरक्षित निकासी और बचाव कार्यों का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में मौजूद कर्मियों ने अग्निशमन उपकरणों के प्रयोग की व्यावहारिक जानकारी भी प्राप्त की। कार्यक्रम में सभी उपस्थित लोगों ने अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने और दूसरों को भी जागरूक करने का संकल्प लिया। मौके पर डॉमंजीत तिर्की, नूतन कुमारी, अश्विनी साह, सरवर इकबाल, अभिजीत कुमार, बैजू कुमार, बिपुल कुमार, सीएचओ सच्चिदानंद कुमार सहित नर्स, स्वास्थ्यकर्मी सहित अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

### वाहन चोर गिरोह के चार आरोपित गिरफ्तार




**पूर्वी सिंहभूम**। सिदगोड़ा थाना क्षेत्र में पुलिस ने वाहन चोरी करने वाले गिरोह का खुलासा करते हुए चार युवकों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई एआईडब्लूसी स्कूल के पास देर रात गश्ती के दौरान की गई। पुलिस को देखते ही बाइक सवार युवक भागने लगे, जिसके बाद पीछा कर उन्हें दबोच लिया गया। तलाशी और पूछताछ में पुलिस ने दो बाइक और एक चोरी की स्कूटी बरामद की। मामले की जानकारी सिटी एसपी ललित मीणा ने शुक्रवार को पुलिस कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में दी। गिरफ्तार आरोपियों में मानगो ओल्ड पुरूलिया रोड निवासी रंजीत धीवर (27), बाबूडीह बस्ती निवासी शेखर प्रमाणिक (27), कान्हू भट्ठा निवासी संतोष भुइयां उर्फ गोलू (21) तथा बाबूडीह लालभट्ठा निवासी राज खान उर्फ अयुब अंसारी उर्फ फिरोज खान शामिल हैं। पुलिस पूछताछ में आरोपितों ने स्वीकार किया कि वे शहर में वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने बारीडीह हाई स्कूल के पास स्थित एक खंडहर मकान में छापेमारी की, जहां से चोरी की एक बाइक और स्कूटी बरामद की गई। जांच के दौरान पता चला कि गिरोह चोरी किए गए वाहनों के पार्ट्स अलग कर बेचने का काम करता था। पुलिस ने सभी आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज कर शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

# झारखंड उत्पाद सिपाही भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले में 168 आरोपितों को जमानत

**एजेंसी। रांची**



झारखंड में हुए उत्पाद सिपाही भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले में गिरफ्तार 168 आरोपितों को शुक्रवार को राहत मिल गई। रांची स्थित अपर न्यायायुक्त योगेश की अदालत ने सभी आरोपितों को 20-20 हजार रुपये के दो-दो निजी मुचलकों पर जमानत दे दी। इससे पहले बुधवार को सुनवाई पूरी होने के बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। दरअसल, इसी वर्ष 11 अप्रैल को उत्पाद सिपाही भर्ती परीक्षा में पेपर लीक के आरोप में 168 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। इनमें अधिकांश परीक्षार्थी शामिल थे। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने सभी आरोपितों को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया था। पुलिस को सूचना मिली थी कि तमाड़ थाना क्षेत्र के रड़गांव में एक अर्धनिर्मित भवन में बड़ी संख्या में लोग जमा हैं। सूचना के आधार पर विशेष छापेमारी दल ने 11 अप्रैल की देर रात वहां छापा मारा। पुलिस टीम को देखते ही मौके पर मौजूद लोग भागने लगे, लेकिन कार्रवाई के दौरान पुलिस ने 168 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपितों में अंतरराज्यीय पेपर लीक और पेपर सॉल्व कराने वाले गिरोह के पांच कथित सरगना अतुल वत्स, विकास कुमार, शेर सिंह, आशीष कुमार और योगेश प्रसाद भी शामिल हैं। इसके अलावा सात महिला आरोपितों को भी गिरफ्तार किया गया था। पुलिस जांच में सामने आया कि गिरोह के एजेंटों ने अभ्यर्थियों को तमाड़ के रड़गांव में ठहराया था, जहां उन्हें प्रश्नों के उत्तर रटाए जा रहे थे। गिरोह ने अभ्यर्थियों के मोबाइल फोन और एडमिट कार्ड अपने कब्जे में रख लिए थे। बताया गया कि अभ्यर्थियों से नौकरी दिलाने के नाम पर 10-10 लाख रुपये में सौदा किया गया था। कुछ अभ्यर्थियों ने गिरोह के सदस्यों के नाम पर बैंक चेक भी दिए थे। इस मामले में तमाड़ थाना में कांड संख्या 21/2026 दर्ज की गई थी। प्राथमिकी में 152 पुरुष अभ्यर्थी, सात महिला अभ्यर्थी, पांच गैंग सरगना समेत अन्य लोगों को आरोपित बनाया गया है। सभी गिरफ्तार आरोपितों को 13 अप्रैल को अदालत में पेश किया गया था, जिसके बाद उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया था।

## विधायक सरयू राय ने राज्यपाल संतोष गंगवार को 'गंगा दशहरा' कार्यक्रम के लिए किया आमंत्रित



**एजेंसी। रांची**

झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से शुक्रवार को झारखंड विधानसभा के सदस्य सरयू राय ने रांची स्थित लोक भवन में शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान विधायक सरयू राय ने राज्यपाल को 25 मई को चूल्हापानी में आयोजित होने वाले गंगा दशहरा कार्यक्रम में शामिल होने के लिए औपचारिक आमंत्रण दिया। मुलाकात के दौरान कार्यक्रम की रूपरेखा और आयोजन से जुड़े विभिन्न विषयों पर भी चर्चा हुई। 'गंगा दशहरा' के अवसर पर क्षेत्र में धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाने की संभावना है।

## खादगड़ा जमीन विवादः हाई कोर्ट ने याचिकाकर्ता पर जताई नाराजगी, अवमानना नोटिस जारी

**एजेंसी। रांची**




रांची के खादगड़ा शिव दुर्गा मंदिर रोड स्थित मुंडारी प्रकृति की जमीन पर बने 12 घरों को तोड़े जाने के मामले में झारखंड उच्च न्यायालय में शुक्रवार को सुनवाई हुई। मामले में महादेव उरांव द्वारा दायर अवमानना याचिका पर अदालत ने कड़ी टिप्पणी करते हुए प्रार्थी को अवमानना नोटिस जारी किया है। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति राजेश शंकर की अदालत में हुई। अदालत के आदेश के आलोक में प्रतिवादियों (पीड़ितों) की ओर से दायर हस्तक्षेप याचिका पर प्रार्थी महादेव उरांव की ओर से जवाब दाखिल किया गया। प्रार्थी के जवाब से असंतुष्ट अदालत ने कहा कि शपथ पत्र में झूठे तथ्य प्रस्तुत किए गए हैं और न्यायालय को गुमराह करने का प्रयास किया गया है। अदालत ने यह भी कहा कि हस्तक्षेपकर्ताओं से कथित पैसे के लेन-देन की जानकारी छिपाई गई है। इस पर अदालत ने महादेव उरांव से पूछा है कि उनके खिलाफ अवमानना और अन्य फौजदारी कानूनों के तहत कार्रवाई क्यों नहीं की जाए। अदालत ने इस संबंध में उनसे जवाब मांगा है। सुनवाई के दौरान अदालत ने हस्तक्षेपकर्ताओं यानी पीड़ित परिवारों को पूर्व में दी गई अंतरिम राहत को अगले आदेश तक जारी रखने का निर्देश दिया। इसके तहत उनके खिलाफ किसी प्रकार की पीड़क कार्रवाई पर रोक बरकरार रहेगी। मामले की अगली सुनवाई 19 जून को होगी। हस्तक्षेपकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता गौरव राज ने पक्ष रखा। पूर्व की सुनवाई में हेहल अंचल कार्यालय की ओर से अदालत में जवाब दाखिल किया गया था। इसमें बताया गया था कि हस्तक्षेपकर्ताओं को तीन बार नोटिस जारी किया गया, लेकिन उन्होंने आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए। इसके बाद संरचनाओं को तोड़ने की कार्रवाई शुरू की गई थी। इस पर अदालत ने नाराजगी जताते हुए पूछा था कि केवल कब्जा हटाने के बजाय मकानों को ध्वस्त करने की कार्रवाई क्यों की गई। अदालत ने यह भी सवाल उठाया था कि रिट याचिका दायर करते समय हस्तक्षेपकर्ताओं से एग्रीमेंट और पैसे लेने की बात क्यों छिपाई गई। यह मामला सुखदेवनगर क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई से जुड़ा हुआ है। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन ने खादगड़ा शिव दुर्गा मंदिर रोड स्थित मुंडारी प्रकृति की जमीन पर बने 12 मकानों को तोड़ने का आदेश दिया था। इसके बाद बुलडोजर कार्रवाई शुरू की गई, जिसका स्थानीय निवासियों ने विरोध किया। स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्होंने प्रति कट्ठा 5.25 लाख रुपये की दर से जमीन खरीदी थी और वर्षों से वहां घर बनाकर रह रहे हैं। लोगों के अनुसार, 38.25 डिसमिल जमीन के लिए उन्होंने कुल लगभग 1 करोड़ 8 लाख 93 हजार 750 रुपये का भुगतान किया था, लेकिन अब उन्हें बेदखल किया जा रहा है।

**झारखण्ड बिजली वितरण निगम लि०**
**कार्यालय**
**विद्युत कार्यपालक अभियंता**
**विद्युत आपूर्ति प्रमण्डल, गढ़वा–1**
Email- eegarhwa@yahoo.in Mobile No.:- 9431707405

**आम सूचना**

विद्युत आपूर्ति प्रमण्डल, गढ़वा–1 विद्युत व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालन हेतु एवं आकस्मिक स्थिति के लिए विद्युत विभाग हमेशा तत्पर है। किसी भी आकस्मिक स्थिति एवं विद्युत संबंधित शिकायत के लिए संबंधित दूरभाष संख्या पर संपर्क किया जा सकता है:–

| कम सं0 | पदाधिकारी / कार्यालय का नाम | दूरभाष संख्या |
|---|---|---|
| 1 | जन शिकायत केन्द्र | 9942822373 |
| 2 | विद्युत कार्यपालक अभियंता | 9431707405 |
| 3 | सहायक विद्युत अभियंता, गढ़वा–1 | 9431707414 |
| 4 | सहायक विद्युत अभियंता, गढ़वा–2(रंका) | 9431707414 |
| 5 | कनीय विद्युत अभियंता, मझिऑव | 7739608059 |
| 6 | कनीय विद्युत अभियंता, गढ़वा | 9431707413 |
| 7 | कनीय विद्युत अभियंता, रंका | 9431707423 |
| 8 | विद्युत भाक्ति उपकेन्द्र, गढ़वा (ओल्ड) | 9006879090 |
| 9 | विद्युत भाक्ति उपकेन्द्र, गढ़वा (न्यू) | 7209572580 |
| 10 | विद्युत भाक्ति उपकेन्द्र, रंका | 9523782579 |
| 11 | विद्युत भाक्ति उपकेन्द्र, मझिऑव | 8235424251 |
| 12 | विद्युत भाक्ति उपकेन्द्र, मेराल | 9102219241 |
| 13 | विद्युत भाक्ति उपकेन्द्र, फरठिया | 9955910880 |
| 14 | विद्युत भाक्ति उपकेन्द्र, डंडई | 8235503995 |
| 15 | विद्युत भाक्ति उपकेन्द्र, बरडीहा | 9546587166 |
| 16 | विद्युत भाक्ति उपकेन्द, तिलदाग | 9162862848 |
| 17 | विद्युत भाक्ति उपकेन्द्र, कुण्डी | 7970642173 |
| 18 | विद्युत भाक्ति उपकेन्द्र, डंडा | 9693965911 |
| 19 | विद्युत भाक्ति उपकेन्द्र, तसरार | 9162742962 |
| 20 | विद्युत भाक्ति उपकेन्द्र, करकोमा | 9546522554 |
| 21 | विद्युत भाक्ति उपकेन्द्र, काण्डी | 9661817081 |
| 22 | विद्युत भाक्ति उपकेन्द्र, सरकोनी | 9523005885 |
| 23 | विद्युत भाक्ति उपकेन्द्र, रमकाण्डा | 7654768293 |
| 24 | विद्युत भाक्ति उपकेन्द्र, हूरदाग | 8789027979 |
| 25 | विद्युत भाक्ति उपकेन्द्र, भण्डरिया | 6265333159 |
| 26 | विद्युत भाक्ति उपकेन्द्र, चिनियां | 9905246241 |
| 27 | विद्युत भाक्ति उपकेन्द्र, सालो | 7909014012 |

ह०/– (महेश्वर कुमार)
विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत आपूर्ति प्रमण्डल, गढ़वा–1

PR.NO.379310
Energy(26-27):D

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**Drinking Water & Sanitation Mechanical Division,**
**Medininagar (Palamau)**

**Very Short E-Quotation No. 01/2026-27**

Rates through e-quotations are invited for "Material" category for Repairing of 50 H.P. V.T. Pump Set with all accessories at Intake Well Pump House and Repairing of C/F Pump Sets at difference capacity and its allied works at WTP for Lesliganj Rural W/S Scheme, Daltonganj Under D.W. & S. Mech. Division Medininagar (Palamau). work to drinking Water supply from reputed Manufacturers /experience /Authorized Dealers/ Registered departmental contractor having valid G.S.T.I.N for respective items conforming to the specifications for inclusion in the Estimates under D.W.&. S. Mech. Division. Medininagar (Palamau), Government of Jharkhand, to be used in Lesliganj Pumping Plant replacement operation maintenance works shall be submitted online in the website http://jharkhandtenders.gov.in . Details and list of materials are available on the above e-tender Portal. The Quotationer may download the documents from the website and quote their firm item rate excluding taxes for the Materials online from 09.05.2026 at 3.30 hrs. to 16.05.2026 at 2.00 hrs. The quotation will be opened on 18.05.2026 at 3.30pm Hours

The quotation is invited to ascertain and assess the Rate of Materials at par with lowest market rate for framing of Estimates under D. W. &.S. Mech. Division, Medininagar (Palamau).

Executive Engineer,
D.W. & S. Mechanical Division,
Medininagar (Palamau)

PR 379277 District(26-27)#D

**कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद,पलामू**
Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com

**अतिअल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**
**ई– संख्या– DOPR/DE/ZP/Palamu 27/2025-26 (Retender)**

उपायुक्त, पलामू के स्वीकृत्यादेश ज्ञापांक 574/जि0प0, दिनांक 09.03.2026 द्वारा प्राप्त प्रशासनिक स्वीकृति के आलोक में वित्तीय वर्ष 2025–26 में विभिन्न भवनों, परिसम्पतियों का निर्माण, मरम्मति एवं नवीनीकरण मद अन्तर्गत निम्नांकित स्वीकृत योजनाओं में वर्णित कार्य के लिए झारखण्ड सरकार के समुचित श्रेणी में निविदा की शर्त–1 के अनुसार जिला परिषद, पलामू में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदकों से $F_2$ प्रपत्र पर ई–निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| | | |
|---|---|---|
| विज्ञापन दाता का नाम | :– | जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू। |
| Website पर निविदा प्रकाशन की तिथि | :– | दिनांक 11.05.2026 (पूर्वाह्न 10:00 बजे) |
| ई–निविदा प्राप्त करने की तिथि | :– | दिनांक 11.05.2026 (पूर्वाह्न 10:00 बजे) से दिनांक 18.05.2026 (अपराह्न 5:00 बजे तक) |
| निविदा खोलने की तिथि एवं समय | :– | दिनांक 20.05.2026 (पूर्वाह्न 11:00 बजे ) |
| निविदा खोलने का स्थान | :– | कार्यालय जिला परिषद, पलामू। |
| कार्य की विस्तृत विवरणी :– | | |

| क्र0 | प्रखण्ड | पंचायत | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | निविदा शुल्क | कार्य पूर्ण करने की अवधि | एन0आई0टी0 रेफरेंस सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | तरहसी | नवगढ़ | नया पंचायत भवन नवगढ़ का निर्माण कार्य। | 9989000 | 199780 | 10000 | 12 माह | NIT-27/2025-26/ Gr-01 RT |
| 2 | पाँकी | पकरिया | नया पंचायत भवन पकरिया का निर्माण कार्य। | 9989000 | 199780 | 10000 | 12 माह | NIT-27/2025-26/ Gr-05 RT |

नोट–
1. केवल ई–निविदा ही स्वीकार होंगे।
2. निविदा डबल बीड पद्धति से होगी।
3. जिला परिषद, पलामू में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगे।
4. परिमाण विपत्र की राशि घट बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही निविदादाता की होगी।

निविदा की तकनिकी एवं सामान्य शर्तें www.palamu.nic.in एवं कार्यालय जिला परिषद, पलामू के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। विस्तृत जानकारी के लिए Website- www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

ह0/–
जिला अभियंता,
जिला परिषद, पलामू

PR 379279 District(26-27).D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, पलामू**
Email:- palamunrep@gmail.com

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**
ई0निविदा संख्या– **RDD/NREP/Palamu 05/2025-26 (3rd Call Retender)**

विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, पलामू।
Website पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– दिनांक 11.05.2026 (पूर्वाह्न 10:00 बजे)
ई–निविदा प्राप्त करने की तिथि :– दिनांक 11.05.2026 (पूर्वाह्न 10:00 बजे) से दिनांक 18.05.2026 (अपराह्न 5:00 बजे तक)
निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 20.05.2026 (पूर्वाह्न 11:00 बजे )
निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, पलामू।
कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्र. | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | निविदा शुल्क | कार्य पूर्ण करने की अवधि | आईडेन्टी फिकेशन संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | छतरपुर | पंचायत डाली, ग्राम डाली में टोला कुसुमटांड़ में उदय सिंह के घर से विजय सिंह के घर तक पथ निर्माण। | 1259100.00 | 25182.00 | 5000.00 | 03 माह मात्र | 08/2025-26/ EE/RDD/NREP /PALAMU |

नोट–
1. केवल ई0–निविदा ही स्वीकार होंगे।
2. निविदा डबल बीड पद्धति से होगी।
3. आर0ई0ओ0 एवं भवन प्रमण्डल, पलामू में समुचित श्रेणी के निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगे।
4. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही निविदादाता की होगी।

निविदा की तकनिकी एवं सामान्य शर्तें www.palamu.nic.in एवं कार्यालय कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, पलामू के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। वितृत जानकारी के लिए Website- www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

ह0/– कार्यपालक अभियंता,
राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम,
मेदिनीनगर पलामू

PR 379344 District (26-27)_D

# ममता बनर्जी से मिले अखिलेश यादव, चुनाव पर उठाए सवाल

**कोलकाता, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने गुरुवार को ममता बनर्जी से मुलाकात की। पश्चिम बंगाल विधनसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस की करारी हार के बाद ममता बनर्जी से अखिलेश की यह अहम मुलाकात हुई है। मीटिंग के बाद सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि की [illegible] की आंखों में दीदी खटकती हैं। ये लोग नारी को कभी बढ़ते हुए नहीं देख सकते।

अखिलेश यादव ने हालिया विधानसभा चुनावों का जिक्र करते हुए यह भी आरोप लगाया कि बंगाल में जो कुछ हुआ है, लोकतंत्र को नष्ट करने का रास्ता निकाला है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को इतना नुकसान किसी ने नहीं पहुंचाया होगा, जितना भाजपा ने पहुंचाया। अखिलेश यादव ने कहा कि यहां मतदान हुआ जरूर है, लेकिन लोगों ने अपनी इच्छा से कम, दबाव में ज्यादा वोटिंग किया है।



अखिलेश यादव ने कहा कि मैंने पश्चिम बंगाल के चुनाव को बहुत करीब से देखा है। भाजपा की भाषा देखिए और जो उन्होंने बंगाल में किया है, उससे कम उत्तर प्रदेश में किया। लेकिन ट्रायल वहीं पर किया है।

अखिलेश यादव ने एक तस्वीर दिखाते हुए कहा कि यह उत्तर प्रदेश में उपचुनाव की तस्वीर है। मुझे यकीन है कि पश्चिम बंगाल में इससे भी ज्यादा खतरनाक तस्वीरें आई होंगी। सपा प्रमुख ने आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश के उस उपचुनाव में फोर्स लगाकर लोगों को वोट डालने से रोका गया। उन्होंने कहा कि लोगों को चिह्नित करके वोट नहीं डालने दिया गया था। जो सपा के वोटर थे, उनको वोट डालने से रोका गया।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा की आंखों में दीदी खटकती हैं, क्योंकि वो आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करती हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सामंती सोच की है और इनके सोच पुरुषवादी है, यह कभी नारी को आगे बढ़ते नहीं देख सकते। उन्होंने कहा कि हमने पहले ही ये देखा है। याद कीजिए राजस्थान में एक पूर्व मुख्यमंत्री को इन्होंने मुख्यमंत्री नहीं बनने दिया, इस दौरान इनका इशारा वसुंधरा राजे की ओर था। अखिलेश ने कहा कि दिल्ली में जो मुख्यमंत्री बनी हैं, वो आधी अधूरी मुख्यमंत्री हैं।

### चुनाव आयोग पर उठाए सवाल

सपा प्रमुख ने ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि इतनी नफरत भरी, नकारात्मक, जहर घुली हुई राजनीति बीजेपी बंगाल में करेगी, यह किसी ने सोचा नहीं था। उन्होंने कहा कि यहां मल्टी लेयर इलेक्शन माफिया की तरह काम हुआ। जिनका काम निष्पक्ष चुनाव कराना था।

## गुरुग्राम में बैंक्वेट हॉल के एंट्री गेट पर लगी आग, मची अफरा-तफरी



**गुरुग्राम, एजेंसी।** गुरुग्राम शहर के एक बैंक्वेट हॉल के मुख्य गेट पर सोमवार देर रात अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग गेट पर की गई लाइटिंग सजावट में लगी थी। सूचना मिलते ही सेक्टर-37, सेक्टर-29 और भीमनगर फायर स्टेशन से तीन दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया। हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। जानकारी के अनुसार, रात करीब 11 बजे दमकल केंद्र को अतुल कटारिया चौक कैसे में बने नटराज गार्डन बैंक्वेट हॉल के प्रवेश द्वार पर आग लगने की सूचना मिली थी। आग तेजी से सजावटी लाइटों और अन्य विद्युत सामग्री में फैलने लगी, जिससे मौके पर मौजूद लोगों में दहशत फैल गई। बैंक्वेट हॉल कर्मचारियों ने शुरुआती स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन लपटें बढ़ने पर फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंचते ही क्षेत्र को खाली कराया और पानी की बौछारों के जरिए आग पर नियंत्रण शुरू किया। दमकल की टीम ने मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। समय रहते आग पर काबू पा लेने से बड़ा हादसा टल गया। प्राथमिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट-सर्किट माना जा रहा है। आशंका है कि गेट पर लगी सजावटी लाइटों की वायरिंग में तकनीकी खराबी के चलते चिंगारी निकली और आग भड़क गई। फायर विभाग की टीम मामले की जांच कर रही है।

## फरीदाबाद में अब ईस्ट-वेस्ट कनेक्टिविटी पूरा रूट नहीं होगा एलिवेटेड, सर्वे में आईं अड़चनें; नया प्लान तैयार

**फरीदाबाद, एजेंसी।** औद्योगिक नगरी के पूर्वी-पश्चिम क्षेत्र की कनेक्टिविटी वाली 1531.26 करोड़ की परियोजना पर जल्द काम शुरू होने वाला है। बड़खल रूट का सर्वे पूरा हो गया है। अंतिम प्रपोजल तैयार किया जा रहा है। प्रपोजल में खास बात यह है कि यह पूरा रूट एलिवेटेड नहीं क्योंकि कई जगह कुछ अड़चनें हैं। इतना ही नहीं एक ही सड़क की एक लेन एलिवेटेड तो दूसरी सामान्य सड़क रहेगी। कुछ इस तरह की योजना बनाई जा रही है। इस प्रपोजल को स्वीकृति मिलने के बाद कार्रवाई आगे बढ़ेगी। फरीदाबाद महानगर विकास प्राधिकरण इस योजना पर काम कर रहा है। पहले इस परियोजना में पूरा रूट एलिवेटेड था लेकिन अब सैनिक कालोनी मोड़ से लेकर बड़खल गांव तक एलिवेटेड है। बड़खल गांव के सामने से लेकर अनखीर चौक तक रूट एलिवेटेड नहीं है। इसके बाद बड़खल स्मार्ट रोड की एक लेन एलिवेटेड तो दूसरी सामान्य रहेगी। अनखीर चौक पर जंक्शन बनेगा। इस परियोजना पर 848.78 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इस कनेक्टिविटी से कुंडली-गाजियाबाद-पलवल एक्सप्रेसवे, मंझावली पुल तक जाना-आना सुगम होगा। जल्द फरीदाबाद-नोएडा-गाजियाबाद कनेक्टिविटी पर भी काम शुरू होने वाला है।

## 14 से 20 मई के बीच भारी बारिश का अलर्ट, कई जिलों में ओलावृष्टि और तेज हवाओं की चेतावनी

**मुंबई, एजेंसी।** राज्य में अगले सप्ताह 14 मई से 20 मई के बीच जोरदार बारिश होने की संभावना जताई जा रही है। इसे लेकर कहा जा रहा है कि इस दौरान मानसून जैसी बारिश देखने को मिल सकती है। मौसम विभाग ने कोंकण क्षेत्र के पालघर, ठाणे, मुंबई, रायगड़ और रत्नागिरी जिलों में कुछ स्थानों पर गर्म और उमस भरे मौसम की संभावना जताई है। सिंधुदुर्ग जिले में गर्म और उमस भरे मौसम के साथ हल्की बारिश की संभावना है। वहीं विदर्भ के चंद्रपुर, गड़चिरोली, गोंदिया और यवतमाल जिलों में कुछ स्थानों पर तेज हवाओं, बिजली की कड़कड़ाहट और गरज के साथ बारिश हो सकती है। मराठवाड़ा के धाराशिव और लातूर जिलों में कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि के साथ बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। नांदेड, हिंगोली और परभणी जिलों में भी हल्की बारिश की संभावना जताई गई है। मध्य महाराष्ट्र के सोलापुर जिले में तेज हवाओं, बिजली और ओलावृष्टि के साथ बारिश का अनुमान है, जबकि कोल्हापुर जिले में हल्की बारिश हो सकती है। आम के सीजन के बीच सिंधुदुर्ग में तेज हवाओं और बारिश का खतरा बढ़ गया है। जिले में आम और काजू उत्पादकों के लिए यह साल पहले से ही निराशाजनक रहा है। मंजर झुलसने के कारण आम और काजू उत्पादन पहले ही 15 से 20 प्रतिशत तक सीमित रह गया है। लगातार बादल छाए रहने के कारण फलों का गिरना और फसल को नुकसान बढ़ गया।

# राजस्थान में फसल बीमा के नाम पर 9 करोड़ का खेल ! मंत्री किरोड़ी की रेड में खुला बड़ा फर्जीवाड़ा

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के नाम पर कथित तौर पर करोड़ों रुपये की बंदरबांट का सनसनीखेज मामला सामने आया है। कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा की अचानक कार्रवाई में हनुमानगढ़ जिले की पल्लू स्थित [illegible] शाखा में करीब 9 करोड़ रुपये के फर्जी बीमा क्लेम की साजिश का खुलासा हुआ है। जांच में 162 ऐसे लोगों के नाम सामने आए हैं, जिन्हें कागजों में 'ऋणी किसान' बनाकर फसल बीमा का लाभ दिलाने की तैयारी की गई थी, जबकि राजस्व रिकॉर्ड में उनके नाम पर कोई कृषि भूमि ही दर्ज नहीं मिली।

फर्जी खसरा नंबरों से तैयार हुआ करोड़ों का बीमा क्लेम

प्राथमिक जांच में सामने आया कि बाहरी व्यक्तियों के बैंक खाते खोलकर उन्हें किसान दिखाया गया। इसके बाद खरीफ 2025 की मुंगफली फसल का बीमा कराया गया और फर्जी खसरा व मुरब्बा नंबरों के आधार पर बीमा क्लेम तैयार कर दिया गया। आरोप है कि पूरा खेल दस्तावेजों में हेराफेरी और सिस्टम की कमजोरियों का फायदा उठाकर किया गया।

जांच में यह भी सामने आया कि जिन लोगों के नाम पर बीमा किया गया, उनके नाम पर संबंधित गांवों और चकों में कोई जमीन दर्ज नहीं है। इसके बावजूद उन्हें 'ऋणी किसान' मानते हुए बीमा प्रक्रिया पूरी कर दी गई। कृषि मंत्री



के निर्देश पर हुई जांच में गजनेर तहसील प्रशासन ने स्पष्ट रिपोर्ट दी कि सूची में शामिल व्यक्तियों के नाम पर किसी भी प्रकार की कृषि भूमि दर्ज नहीं है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि बीमा प्रक्रिया में इस्तेमाल किए गए कई खसरा और मुरब्बा नंबर पूरी तरह फर्जी पाए गए। इस खुलासे के बाद प्रशासनिक महकमों में हड़कंप मच गया है। सवाल यह भी उठ रहे हैं कि आखिर बिना जमीन सत्यापन के इतनी बड़ी बीमा प्रक्रिया कैसे पूरी हो गई।

सूत्रों के मुताबिक कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा खुद एसबीआई पल्लू शाखा पहुंचे और शाखा प्रबंधन से सीधे जवाब तलब किया। मंत्री ने पूछा कि क्या 162 लोगों का फसल बीमा शाखा के माध्यम से किया गया और क्या उन्हें ऋणी किसान माना गया है। शाखा प्रबंधन द्वारा इसकी पुष्टि किए जाने के बाद मंत्री ने संबंधित किसानों की जमाबंदी और भूमि रिकॉर्ड मांगे, लेकिन मौके पर स्पष्ट दस्तावेज पेश नहीं किए जा सके। बताया जा रहा है कि मंत्री की सख्ती के बाद पूरे मामले की परतें खुलनी शुरू हुईं।

## काम छोड़कर हड़ताल पर बैठे डिपो के कर्मचारी

**ग्रेटर नोएडा, एजेंसी।** बढ़े हुए वेतन की मांग को लेकर ग्रेटर नोएडा डिपो परिसर में कर्मचारी हड़ताल पर बैठ गए हैं। यह सभी कर्मचारी डिपो परिसर में श्यामा कंपनी से जुड़कर काम कर रहे हैं। कर्मचारियों की मांग है कि लागू किए गए वेतन के आधार पर उनको भी वेतन दिया जाए। हड़ताल पर बैठे कर्मचारी डिपो में मेंटेनेंस से लेकर मैकेनिक तक का काम करते हैं। कर्मचारियों की मांग है कि जो हाल ही में बढ़ा हुआ वेतन लागू किया गया है, उसी के आधार पर उनका वेतन मिलना चाहिए। आज सुबह से ही कर्मचारी हड़ताल पर बैठ गए हैं।

# असम चुनाव हारते ही भिड़े विपक्षी दल, अखिल गोगोई का कांग्रेस पर तंज- गायब रहे राहुल-प्रियंका

**गुवाहाटी, एजेंसी।** असम विधानसभा चुनाव में मिली करारी हार के कुछ ही दिनों बाद विपक्षी गठबंधन में कलह खुलकर सामने आ गई है। कांग्रेस के सहयोगी और रायजोर दल के प्रमुख अखिल गोगोई ने हार का ठीकरा सीधे तौर पर कांग्रेस के सिर फोड़ा है। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी के 'विजय रथ' को रोकने के लिए कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्ष के पास कोई ठोस रणनीति नहीं थी। गोगोई ने कांग्रेस के चुनाव प्रचार को 'बेतरतीब' और 'आधे-अधूरे मन से' किया गया प्रयास करार दिया।

असम की 126 विधानसभा सीटों में से एनडीए ने 102 सीटों पर बंपर जीत दर्ज की है। वहीं, विपक्षी गठबंधन की ओर से मैदान में उतरे केवल 21 उम्मीदवारों को ही जीत मिल सकी। इनमें से कांग्रेस ने 100 में से 19 सीटें जीती हैं, जबकि अखिल गोगोई के रायजोर दल ने 13 में से 2 सीटों पर कब्जा जमाया। अन्य सहयोगी दलों- असम जातीय परिषद, एएचपीएलसी और सीपीएम का खाता तक नहीं खुल सका। शिवसागर सीट से दोबारा चुनाव जीतने वाले अखिल गोगोई ने विपक्ष की विफलता के कारणों पर



विस्तार से बात की है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक, गोगोई ने कहा, 'बीजेपी के पास एक बहुत ही बेहतरीन योजना थी, जबकि हमारी तरफ से आखिरी समय में बिना किसी योजना और आधे-अधूरे मन से प्रचार किया गया। हार का यही मुख्य कारण है।' उन्होंने कहा कि विपक्ष इसलिए रणनीति नहीं बना पाया क्योंकि उनका ज्यादातर समय गठबंधन को अंतिम रूप देने के लिए बैठकें करने में ही निकल गया। आपको बता दें कि चुनाव से सिर्फ 20 दिन पहले ही कांग्रेस और रायजोर दल के बीच गठबंधन पर मुहर लगी थी।

गोगोई के मुताबिक, बीजेपी सालों से एक बहुआयामी रणनीति पर काम कर रही थी, जिसका विपक्ष के पास कोई जवाब नहीं था। उन्होंने बीजेपी की जीत के ये कारण गिनाए:

**परिसीमन:** परिसीमन के जरिए मुस्लिम बहुल सीटों को घटाकर 22 कर दिया गया और बाकी को हिंदू सीटों में बदल दिया गया।

**ध्रुवीकरण:** बीजेपी लगातार 5 साल तक हिंदू-मुस्लिम करती रही। उन्होंने अतिक्रमण हटाने के नाम पर 'मियां-मियां' और 'पाकिस्तान-पाकिस्तान' का मुद्दा उठाया। लाभार्थी योजनाएं, विकास की राजनीति, 'अति-राष्ट्रवाद' और मीडिया का सही इस्तेमाल भी बीजेपी की जीत का बड़ा कारण रहा। गोगोई ने कहा कि विपक्ष के पास इसका मुकाबला करने के लिए कोई रणनीति नहीं थी और कांग्रेस नेता विधानसभा में सिर्फ मुंह बंद करके बैठे रहे। अखिल गोगोई की इन तीखी टिप्पणियों के बाद कांग्रेस नेता भी चुप नहीं बैठे हैं।

### राहुल और प्रियंका गांधी के प्रचार पर उठाए सवाल

रायजोर दल के प्रमुख ने कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। गोगोई ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जैसे बीजेपी के बड़े नेताओं ने कई बार असम का दौरा किया, लेकिन कांग्रेस के नेता प्रचार से गायब दिखे। गोगोई ने पूछा, 'कांग्रेस के नेता कितनी बार आए? राहुल गांधी सिर्फ दो दिन के लिए आए थे। इसी तरह प्रियंका गांधी भी केवल दो दिन के लिए ही आईं।'

## असम में हिमंत सरमा का सीएम बनना लगभग तय, रविवार को विधायक दल की बैठक

**गुवाहटी, एजेंसी।** असम में नई सरकार के गठन की प्रक्रिया तेज हो गई है। रविवार को भारतीय जनता पार्टी और एनडीए के विधायक दल की एक महत्वपूर्ण बैठक होने जा रही है, जिसमें नए नेता का चुनाव किया जाएगा। पूरी संभावना है कि हिमंत बिस्वा सरमा को एक बार फिर विधायक दल का नेता चुना जाएगा। नवनिर्वाचित सरकार का शपथ ग्रहण समारोह मंगलवार यानी कि 12 मई को खानपाड़ा के वेटरनरी कॉलेज खेल मैदान में आयोजित होगा। इस समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और एनडीए शासित राज्यों के कई मुख्यमंत्री शामिल होंगे। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दिलीप सैकिया ने बताया कि इस कार्यक्रम में एक लाख से अधिक लोगों के शामिल होने की उम्मीद है।

रविवार की बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी केंद्रीय पर्यवेक्षक के रूप में



मौजूद रहेंगे। मुख्यमंत्री का नाम लगभग तय होने के बाद, सबसे बड़ी कवायद मंत्रिमंडल के चयन को लेकर होगी। असम विधानसभा की कुल 126 सीटों के गणित के हिसाब से अधिकतम 19 मंत्री बनाए जा सकते हैं।

एनडीए के पास कुल 102 विधायक हैं। इन 102 विधायकों में से भाजपा को अपने 18 सहयोगियों को चुनना है। असम की विविधता को देखते हुए कैबिनेट में अहोम, कोच राजबोंग्शी, अनुसूचित जाति, चाय जनजाति, मोरन, मोटोक, चुटिया और नाथ योगी जैसे समुदायों को प्रतिनिधित्व देना अनिवार्य है। दिलचस्प बात यह है कि नाथ योगी समुदाय से केवल एक ही विधायक (बरखला से भाजपा के किशोर नाथ) जीतकर आए हैं, जिससे उनके चयन की संभावना प्रबल मानी जा रही है। मंत्रिमंडल के अलावा दो विधायकों को विधानसभा अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के रूप में भी नियुक्त किया जाएगा। असम में एनडीए ने लगातार तीसरी बार सत्ता में वापसी कर इतिहास रचा है। 126 सदस्यीय विधानसभा में गठबंधन ने 102 सीटों पर शानदार जीत दर्ज की है। पार्टी नेतृत्व ने स्पष्ट किया है कि शपथ ग्रहण समारोह के लिए तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और अनुशासन बनाए रखने के लिए वरिष्ठ पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## एमएलसी अक्षय प्रताप पर केस का आदेश, राजा भैया की पत्नी भानवी ने लगाया है धोखाधड़ी का आरोप

**लखनऊ, एजेंसी।** कुंडा विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भइया की पत्नी भानवी कुमारी सिंह की याचिका पर कोर्ट ने एमएलसी अक्षय प्रताप सिंह व अन्य पर मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिए हैं। भानवी सिंह ने एमएलसी अक्षय प्रताप सिंह के अलावा रोहित सिंह, अनिल सिंह, रामदेव यादव व अन्य के खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी और कंपनी हड़पने का आरोप लगाकर कोर्ट में अर्जी दाखिल की



थी। अर्जी पर एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट तृतीय ने इंस्पेक्टर हजरतगंज को मुकदमा दर्ज कर विवेचना के आदेश दिए हैं।

भानवी सिंह की ओर से दी गई अर्जी में कहा गया कि उन्होंने व अक्षय प्रताप सिंह आदि ने मिलकर 10 फरवरी 2014 को एक साझेदारी फर्म का पंजीकरण कराया था। उनके और साझेदारों द्वारा करोड़ों रुपये का निवेश कर फर्म के नाम से कई कीमती चल एवं अचल संपत्तियां अर्जित की गई थीं। संपत्तियों का मूल्य करीब पांच करोड़ रुपये से अधिक है। ये संपत्तियां उनके कब्जे में हैं। कुछ साल पहले जानकारी हुई कि अक्षय प्रताप एवं उनके अन्य सहयोगी फार्म की मूल्यवान संपत्तियों को हड़पने के लिए पंजीकरण के अभिलेखों में हेराफेरी कर फर्जी दस्तावेज तैयार कर रहे हैं। भानवी के मुताबिक उनके फर्जी हस्ताक्षर बनाकर 15 नवंबर 2020 कूटरचित दस्तावेज बना लिए हैं। भानवी ने यह भी आरोप लगाया गया है कि फर्म का पंजीकरण बदलकर इन लोगों द्वारा अक्षय प्रताप सिंह के लखनऊ स्थित निजी आवास का दर्ज करा लिया गया है। इसके पूर्व भानवी कुमारी सिंह की ओर से दाखिल इस अर्जी पर विशेष एसीजेएम अदालत ने मुकदमा दर्ज करने का आदेश न देकर उसे परिवाद के रूप में पंजीकृत किए जाने का आदेश दिया था। आदेश के विरुद्ध भानवी ने सत्र न्यायालय के समक्ष निगरानी याचिका दायर की थी। याचिका का निस्तारण करते हुए एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश द्वारा विशेष सीजेएम की अदालत के आदेश को रद्द करते हुए गत 18 फरवरी को आदेश किया था। इसके बाद एमपी एमएलए कोर्ट के आदेश के खिलाफ अक्षय प्रताप सिंह द्वारा उच्च न्यायालय के समक्ष निगरानी याचिका दायर की गई। एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश द्वारा पारित आदेश को रद्द किए जाने की अनुरोध किया था। परंतु उच्च न्यायालय ने अक्षय प्रताप सिंह की ओर से दायर इस याचिका को 26 मार्च को खारिज करते हुए सत्र अदालत के आदेश की पुष्टि कर दी थी।

# जम्मू-कश्मीर: श्रीनगर पुलिस ने नशा तस्करों की 2 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त की

**श्रीनगर। जम्मू, एजेंसी।** कश्मीर के श्रीनगर जिले की पुलिस ने गुरुवार को कहा कि उसने कुख्यात नशीले पदार्थों के तस्करों से संबंधित 2 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त कर ली है। पुलिस की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि '100-दिवसीय नशा मुक्त जम्मू-कश्मीर अभियान' के तहत नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ अपनी लगातार जारी कार्रवाई को आगे बढ़ाते हुए पुलिस ने श्रीनगर के चनापोरा और कमरवारी इलाकों में कुख्यात नशा तस्करों की 2 करोड़ रुपए से अधिक की अचल संपत्तियों को जब्त कर लिया है। पहली कार्रवाई में, चनापोरा पुलिस स्टेशन ने आरोपी हुजैफ शब्बीर डार (शब्बीर अहमद डार का बेटा, निवासी बुदशाहनगर, चनापोरा) के लगभग 1 करोड़ रुपए के एक दो-मंजिला रिहायशी मकान (जिसमें एक अटारी भी शामिल है) को जब्त कर लिया। यह आरोपी चनापोरा पुलिस स्टेशन में 'नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंसेस एक्ट' की धारा 8/20 के तहत दर्ज एफआईआर संख्या 01/2024 में शामिल है।

जांच के दौरान, यह सामने आया है कि यह प्रॉपर्टी ड्रग की तस्करी से हुई गैर-कानूनी कमाई से हासिल की गई थी। इसलिए, प्रॉपर्टी को नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट के सेक्शन 68-एफ के तहत अटैच कर दिया गया। अटैचमेंट की कार्रवाई पूरी तरह से कानूनी प्रक्रिया के अनुसार और अलग गवाहों की मौजूदगी में की गई। अटैचमेंट ऑर्डर के अनुसार, मालिक को अगले ऑर्डर तक प्रॉपर्टी को बेचने, लीज पर देने, ट्रांसफर करने या उसमें



कोई थर्ड-पार्टी इंटरेस्ट बनाने से मना किया गया है।

एक अन्य कार्रवाई में, कमरवारी पुलिस चौकी ने कुख्यात नशा तस्कर बासित अहमद बाबा उर्फ ??ऐकान (पुत्र मोहम्मद यूसुफ बाबा, निवासी बरथाना, कमरवारी) के दो-मंजिला रिहायशी मकान को 'नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंसेस एक्ट, 1985' की धारा 68(एफ)(1) के प्रावधानों के तहत कुर्क कर लिया है। यह अचल संपत्ति, जो उनके पिता मोहम्मद यूसुफ बाबा (गुलाम अहमद बाबा के बेटे) के नाम पर दर्ज है, खसरा नंबर 100 के अंतर्गत आती है और इसका अनुमानित बाजार मूल्य 1 करोड़ रुपए से अधिक है। यह कार्रवाई श्रीनगर पुलिस के उन लगातार प्रयासों का हिस्सा है, जिनका उद्देश्य अवैध नशीले पदार्थों के व्यापार से अर्जित संपत्तियों को निशाना बनाकर, नशीले पदार्थों के तस्करों के वित्तीय नेटवर्क को ध्वस्त करना है। श्रीनगर पुलिस ने नशीले पदार्थों के दुरुपयोग और तस्करी की बुराई को जड़ से खत्म करने की अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता को दोहराया है। इसके लिए पुलिस न केवल अपराधियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करेगी, बल्कि अवैध नशीले पदार्थों के व्यापार से अर्जित संपत्तियों और परिसंपत्तियों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस ने कहा कि आम जनता से एक बार फिर अपील की गई है कि वे पुलिस के साथ सहयोग करें और नशीले पदार्थों की बिक्री तथा दुरुपयोग से संबंधित जानकारी साझा करें, ताकि एक सुरक्षित और नशामुक्त समाज के निर्माण में मदद मिल सके।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

*गुजरात सोमनाथ मंदिर (प्रथम ज्योतिर्लिंग) जिले में पर्यटन और आस्था के केंद्र होने के साथ-साथ कई महत्वपूर्ण सामाजिक और नागरिक समस्याएं भी विद्यमान हैं। इस क्षेत्र में दलित समुदाय के खिलाफ अत्याचार की घटनाएं और हाशिए पर स्थित समुदायों के उत्पीड़न की समस्या रही है। जमीन के अधिकारों को लेकर विवाद और अवैध संरचनाओं को हटाने के दौरान लोगों का विस्थापन और पुनर्वास न होना एक प्रमुख समस्या है।*

## दिल्ली आग हादसा- सुरक्षा इंतजाम ही बने मौत की वजह

रविवार तड़के हुई आग की इस घटना के दौरान इमारत की बिजली आपूर्ति बंद हो जाने से 'सेंट्रल लॉक' प्रणाली ने भी काम करना बंद कर दिया और दरवाजा नहीं खुलने से लोग अंदर ही फंसे रह गए। जब बचाव कार्य शुरू हुआ, तो बंद बालकनी और इमारत में पीछे की ओर लगी लोहे की मोटी ग्रिल की वजह से लोगों को तत्काल बाहर नहीं निकाला जा सका। बाद में ग्रिल को काटकर रास्ता बनाया गया, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी।राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के विवेक विहार इलाके में एक रिहाइशी इमारत में आग से नौ लोगों की मौत की घटना को लेकर जो बातें सामने आई हैं, उनसे सुरक्षा प्रबंधों पर ही सवाल खड़े हो गए हैं। इमारत में सेंधमारी से बचाव के लिए लगाई गई 'सेंट्रल लॉक' प्रणाली, लोहे की मोटी ग्रिल और निकास के लिए वैकल्पिक बंदोबस्त न होना जानलेवा साबित हुआ। सुरक्षा के नाम पर की गई इस व्यवस्था ने आग और धुएं से घिरे लोगों के बचाव के रास्ते को ही बंद कर दिया।सवाल है कि बड़े शहरों में बनने वाले आवासीय परिसरों में सुरक्षा इंतजामों की समय-समय पर जांच क्यों नहीं की जाती? जब किसी इमारत में एक खतरे के मद्देनजर कोई सुरक्षात्मक प्रबंध किए जाते हैं, तो दूसरे जोखिमों को नजरअंदाज क्यों कर दिया जाता है! क्या भवन निर्माताओं के साथ-साथ स्थानीय प्रशासन की यह जिम्मेदारी नहीं है कि नागरिकों की सुरक्षा के लिए आवासीय परिसरों में सभी जरूरी व्यवस्थाएं की जाएं?गौरतलब है कि रविवार तड़के हुई आग की इस घटना के दौरान इमारत की बिजली आपूर्ति बंद हो जाने से 'सेंट्रल लॉक' प्रणाली ने भी काम करना बंद कर दिया और दरवाजा नहीं खुलने से लोग अंदर ही फंसे रह गए। जब बचाव कार्य शुरू हुआ, तो बंद बालकनी और इमारत में पीछे की ओर लगी लोहे की मोटी ग्रिल की वजह से लोगों को तत्काल बाहर नहीं निकाला जा सका। बाद में ग्रिल को काटकर रास्ता बनाया गया, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी।यही नहीं, इमारत में आने-जाने के लिए केवल एक ही सीढ़ी थी, आपात स्थिति में निकासी के लिए वैकल्पिक मार्ग की कोई व्यवस्था नहीं थी। हैरत की बात है कि वाहनों और इमारतों में आग की घटना के दौरान 'सेंट्रल लॉक' प्रणाली की वजह से जान जाने की खबरें अक्सर आती रहती हैं, इसके बावजूद सुरक्षा के स्तर पर कहीं कोई गंभीरता नजर नहीं आती है। आवासीय इमारतों में सुरक्षा उपायों की गहन जांच-पड़ताल के बिना ही बिजली-पानी के कनेक्शन दे दिए जाते हैं। सरकार और स्थानीय प्रशासन को चाहिए कि इस तरह की अनियमितता और लापरवाही बरतने वालों की जवाबदेही तय की जाए, ताकि नागरिकों की सुरक्षा से खिलवाड़ न हो।

## नाम में क्या रखा है

नाम में क्या रखा है। अंग्रेज़ी के मशहूर लेखक विलियम शेक्सपीयर ने पांच सौ साल पहले यह लिखा पर सवाल आज भी प्रासंगिक बना हुआ है। राजस्थान के मामले को ही देख लें, जहां सरकार मानती है कि नाम में बहुत कुछ रखा है। इसलिए उसने सार्थक नाम अभियान शुरू किया है, जिसके तहत कजोड़मल, घसीटालाल, शैतान जैसे अजीबोगरीब नामों के बदले नए नामों की लिस्ट जारी की है। मकसद छात्रों कोनाम में क्या रखा है। अंग्रेज़ी के मशहूर लेखक विलियम शेक्सपीयर ने पांच सौ साल पहले यह लिखा पर सवाल आज भी प्रासंगिक बना हुआ है। राजस्थान के मामले को ही देख लें, जहां सरकार मानती है कि नाम में बहुत कुछ रखा है। इसलिए उसने सार्थक नाम अभियान शुरू किया है, जिसके तहत कजोड़मल, घसीटालाल, शैतान जैसे अजीबोगरीब नामों के बदले नए नामों की लिस्ट जारी की है। मकसद छात्रों को उनके अजीब नामों की वजह से होने वाली शर्मिंदगी से बचाना है। लेकिन शिक्षा विभाग की लिस्ट पर ही विवाद हो गया है, जिसमें दहीभाई, दगड़ूराम, अहंकार, बेचारदास, भयंकर, मक्खी जैसे अनेक उटपटांग नाम सुझाए गए हैं। गुस्साए अभिभावक बोल रहे कि आप शिक्षा की गुणवत्ता पर ही ध्यान दें, नाम हम पर छोड़ दें। हालांकि सरकार की सोच सही है कि कई बार अपमानजनक नामों से बच्चे उपहास का कारण बनते हैं और स्कूल जाने से कतराने लगते हैं। पर नए नाम तय करते वक्त देखना तो चाहिए था कि आप सुझा क्या रहे हैं।

# विकास में भेदभाव का शिकार हो रहे हैं प्रमुख तीर्थस्थल

**(योगेंद्र योगी)**

काशी के अलावा देश के अन्य प्रमुख तीर्थ स्थल वाले जिलों में विकास चींटी की रफ्तार से रेंग रहा है या फिर उसकी सुध नहीं ली जा रही है। काशाी के अलावा देश के प्रमुख हिन्दू तीर्थ स्थलों में आधारभूत सुविधाओं की बेहद कमी है। वैष्णों देवी के लिए प्रसिद्ध कटरा जिले में मूसलाधार बारिश के दौरान भूस्खलन की गंभीर समस्या है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का ससंदीय क्षेत्र होने के कारण काशी में जहां तरक्की और घोषणाओं की बरसात हो रही है, वहीं देश के दूसरे प्रमुख हिन्दू तीर्थ स्थल विकास की बाट जोह रहे रहे हैं। मोदी का निर्वाचन क्षेत्र होने के कारण केंद्र सरकार और उत्तर प्रदेश की योगी सरकार का पूरा जोर काशी तक सीमिट कर रहा गया है। यदि यह मान भी लिया जाए कि काशी हिन्दुओं का प्रमुख तीर्थ स्थल है, इसलिए इसके विकास की दरकार है, तो ऐसे में देश के प्रमुख राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त अन्य तीर्थ स्थल विकास की दौड़ में काशी से काफी पीछे क्यों हैं। कारण साफ नजर आता है कि पीएम मोदी के संसदीय क्षेत्र होने के कारण काशी में विकास की गंगा बह रही, वहीं अन्य प्रमुख धार्मिक स्थल वाले जिले बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। वर्ष 2014 से मार्च 2025 तक काशी में विकास के तहत कुल 48,459 करोड़ रुपय की लागत से 580 परियोजनाओं पर काम शुरू किया गया है। काशी के विकास की घोषणाओं की शुरुआत मोदी के पहली बार सांसद बनने के साथ ही शुरु हो गई थी। यह सिलसिला लगातार जारी है। हाल ही में पीएम मोदी ने अपने दो दिवसीय वाराणसी दौरे के दौरान 6332 करोड़ रुपये की कुल 163 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इनमें गंगा पर सिग्नेचर ब्रिज सबसे बड़ी परियोजना है। जिसकी लागत करीब 2464.46 करोड़ है। यह ब्रिज काशी की कनेक्टिविटी और ट्रैफिक व्यवस्था को नई दिशा देगा। प्रधानमंत्री के हाथों 1054.69 करोड़ की 50 परियोजनाओं का लोकार्पण और 5277.39 करोड़ की 113 परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया। काशी के अलावा देश के अन्य प्रमुख तीर्थ स्थल वाले जिलों में विकास चींटी की रफ्तार से रेंग रहा है या फिर उसकी सुध नहीं ली जा रही है। काशाी के अलावा देश के प्रमुख हिन्दू तीर्थ स्थलों में आधारभूत सुविधाओं की बेहद कमी है। वैष्णों देवी के लिए प्रसिद्ध कटरा जिले में मूसलाधार बारिश के दौरान भूस्खलन की गंभीर समस्या है। जम्मू और कटरा के बीच सड़क और रेल संपर्क अक्सर टूट जाता है। विशेष रूप से, 2025 की बाढ़ के बाद से ट्रेनों का रद्दीकरण और पुलों (जैसे कठुआ, उधमपुर के पास) को नुकसान ने यात्रा और स्थानीय अर्थव्यवस्था को गंभीर झटका दिया है। कटरा में स्मार्ट सड़कों, सुव्यवस्थित पार्किंग, और आधुनिक बुनियादी ढांचे की कमी है। यात्रियों की बढ़ती संख्या को संभालने के लिए मौजूदा सुविधाएं नाकाफी हैं। बढ़ती भीड़ के कारण गर्मियों में पेयजल और निरंतर बिजली आपूर्ति की समस्या बनी रहती है। लगातार निर्माण, वनों की कटाई और भीड़भाड़ के कारण पर्यावरण संवेदनशील क्षेत्र पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। राम मंदिर के विख्यात अयोध्या में बाल विकास विभाग की एक रिपोर्ट ने जिले में कुपोषण की चिंताजनक स्थिति को उजागर की है। जिले के 2,381 आंगनबाड़ी केंद्रों में पंजीकृत 2,28,018 बच्चों की जांच में 7,520 बच्चे कुपोषित पाए गए हैं। इनमें 1,199 बच्चे अति कुपोषित (सैम) और 6,321 बच्चे मध्यम गंभीर कुपोषित (मैम) श्रेणी में हैं। वित्तीय वर्ष 2023-24 में 264 और 2024-25 में 286 अति कुपोषित बच्चों को पुनर्वास केंद्र भेजा गया। विकास परियोजनाओं के कारण हजारों लोग, विशेषकर छोटे व्यापारी और गरीब, अपने पुश्तैनी आवासों और व्यवसायों से विस्थापित हो गए हैं। परियोजनाओं के कारण उड़ने वाली धूल और निर्माण सामग्री से स्थानीय लोगों को सांस संबंधी बीमारियां हो रही हैं। जल भराव और सीवर के गंदे पानी के घरों में घुसने की समस्या से लोग लंबे समय से परेशान हैं। पुरानी अयोध्या (फैजाबाद) और अयोध्या धाम के बीच आवागमन में मुश्किल हो रही है। देश के 12 ज्योतिर्लिंग में शामिल केदारनाथ के रुद्रप्रयाग जिले के कई सुदूरवर्ती गांव अभी भी प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं के अभाव से जूझ रहे हैं, जहाँ आपदा प्रभावित क्षेत्रों में संपर्क मार्ग बाधित होने और स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी के कारण लोगों को स्वास्थ्य उपचार के लिए भटकना पड़ता है। भारी बारिश के कारण संपर्क मार्ग बाधित होना भी प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच में एक बड़ी बाधा है। जिले भर में लगभग 25 जल स्रोत सूख चुके हैं, जिससे पानी की आपूर्ति प्रभावित हुई है। पानी की कमी से नाराज लोग जल संस्थान के खिलाफ प्रदर्शन कर चुके हैं। इसी तरह उत्तराखंड के हरिद्वार जिले में तेजी से बढ़ते शहरीकरण, धार्मिक पर्यटन के दबाव और प्रशासनिक चुनौतियां मौजूद हैं। नालों और सार्वजनिक भूमि पर अवैध निर्माण के कारण जल निकासी बाधित हो रही है। मानसून से पहले नालों पर अतिक्रमण के कारण जलभराव का खतरा बना रहता है। हरकी पैड़ी और आसपास के क्षेत्रों में भिक्षावृत्ति एक बड़ी समस्या है। चारधाम यात्रा के सुचारू न रहने या व्यवस्थाओं के कारण स्थानीय होटलों और पर्यटन व्यवसाय पर भी असर पड़ रहा है। कृष्ण की जन्मभूमि मथुरा में 30,000 करोड़ से अधिक की ब्रज मास्टर प्लान परियोजनाओं और नई आवासीय योजनाओं के लिए 850 करोड़ के बावजूद, कई विकास कार्य फाइलों में अटके हैं। वर्ष 2026-2030 के मास्टर प्लान के अंतर्गत शहर को हाई-स्पीड कनेक्टिविटी और आधुनिक सुविधाओं से जोड़ने का विज़न है, लेकिन प्रशासनिक प्रक्रियाओं के चलते जमीनी स्तर पर गति धीमी है। मथुरा-वृंदावन में वर्षभर धार्मिक आयोजनों की लंबी श्रृंखला चलती रहती है। प्रमुख आयोजनों में होलिकोत्सव, मुड़िया मेला, जन्माष्टमी, राधाष्टमी, झूलन उत्सव, कार्तिक मास, गोवर्धन पूजा और ब्रज की विभिन्न परिक्रमाएं शामिल हैं। आयोजनों के दौरान श्रद्धालुओं की संख्या 8 से 10 लाख तक पहुंच जाती है। भीड़ प्रबंधन अब भी मुख्यतः पुलिस के भरोसे ही संचालित हो रहा है। कई बार मास्टर प्लान और विस्तृत प्रस्ताव तैयार किए गए, लेकिन जमीन पर उतरते हुए नजर नहीं आए। हिन्दुओं के प्रमुख तीर्थस्थल में शुमार प्रयागराज शहर वर्तमान में कई गंभीर सामाजिक और बुनियादी समस्याओं से जूझ रहा है। मुख्य समस्याओं में गंगा-यमुना की बाढ़ से फसल व जनजीवन का नुकसान, बजबजाती नालियां व कूड़े के ढेर के कारण गंदगी, सीवर लाइन का अभाव, यातायात जाम और अवैध अतिक्रमण शामिल हैं। इसके अलावा, बाढ़ के बाद बीमारियां और मच्छरों का प्रकोप भी एक बड़ी चुनौती है। गुजरात के देवभूमि द्वारका जिले में विकास और पर्यटन के बावजूद कई प्रमुख सामाजिक और नागरिक समस्याएं मौजूद हैं।

# नितिन नवीन ने बंगाल के जिस क्षेत्र से शुरू किया अभियान, वहां की सभी सीटों पर खिला 'कमल'

**(अशोक कुमार शर्मा)**

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने अपने नेतृत्व की पहली बड़ी परीक्षा 'गोल्ड मेडल' के साथ पास कर ली है। उनके रणनीतिक कौशल का ही परिणाम है कि पश्चिम बंगाल के जिस किले को फतह करना नामुमकिन माना जा रहा था भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने अपनी पहली परीक्षा 'गोल्ड मेडल' के साथ पास कर ली। उनके नेतृत्व में भाजपा ने पश्चिम बंगाल के उस किले को फतह कर लिया, जिसे जीतना लगभग नामुमकिन माना जा रहा था। असम में भाजपा ने पहली बार दो तिहाई बहुमत प्राप्त कर सत्ता को बरकरार रखा। दक्षिण भारत के पुडुचेरी में भाजपा ने चार सीटें जीत कर एनडीए की बढ़त कायम रखी। तमिलनाडु में खाता खुला और केरल में तीन सीटें जीतीं। हालांकि केरल, तमिलनाडु में अभी भी बहुत मेहनत की जरूरत है। कुल मिला कर बिहार के इस परिश्रमी और लो प्रोफाइल नेता (नितिन नवीन) ने बहुत कम समय में पार्टी की बड़ी जीत में अहम भूमिका निभायी। कभी पश्चिम बंगाल को भी भाजपा के लिए बेहद मुश्किल राज्य माना जाता था। जैसे कि आज केरल और तमिलनाडु हैं। लेकिन 46 साल बाद भाजपा ने बंगाल में 'कमल' खिला ही दिया। कहा जाता था कि पश्चिम बंगाल में हिंदुत्व के लिए जगह नहीं है। लेकिन भाजपा ने अपनी मेहनत और सत्तारूढ़ दलों की गलतियों से इस मिथक को तोड़ दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पांच राज्यों के चुनाव के ठीक पहले भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में नितिन नवीन को चुन कर सबको आश्चर्य में डाल दिया। उन्होंने पार्टी अध्यक्ष के रूप में युवा और नया चेहरा इसलिए चुना, ताकि बंगाल भाजपा को मजबूत और एक सूत्र में बांधा जा सके। नितिन नवीन ने इस काम को बखूबी अंजाम दिया। 20 जनवरी को जब नितिन नवीन भाजपा के विधिवत राष्ट्रीय अध्यक्ष बने तो उनका पहला लक्ष्य पश्चिम बंगाल ही था। पद संभालते ही उन्होंने सबसे पहले 27 जनवरी को पश्चिम बंगाल का रुख किया। लेकिन उन्होंने अभियान के लिए पश्चिम बंगाल के उस हिस्से को चुना जो बिहार से नजदीक हो और जहां बिहार के लोगों का प्रभाव हो। वे आसनसोल और दुर्गापुर पहुंचे। इन दोनों जगहों पर बिहार के लोगों की अच्छी खासी आबादी है। इसी के चलते बिहार के शत्रुघ्न सिन्हा तृणमूल के टिकट पर आसनसोल से सांसद चुने गये थे। दुर्गापुर में भी बिहार के ही एक और नेता कीर्ति आजाद तृणमूल के टिकट पर सांसद चुने गये थे। नितिन नवीन के कंधे पर यह जिम्मेदारी थी कि आसनसोल और दुर्गापुर के बिहारी वोटरों को तृणमूल के प्रभाव से निकाल कर भाजपा की तरफ लाएं। इस जिले में कुल 9 सीटें हैं। इन सभी 9 सीटों पर भाजपा के उम्मीदवारों की जीत हुई। पंडेश्वर से भाजपा के जितेन्द्र तिवारी जीते। वे बिहार के सीवान के रहने वाले हैं। दुर्गापुर पूर्वी से चंद्रशेखर बनर्जी, दुर्गापुर पश्चिम से लक्ष्मण चंद्र घोरुई, रानीगंज से पार्थो घोष, जमुरिया से बिपिन मुखर्जी, आसनसोल दक्षिण से अग्निपॉल मित्रा, आसनसोल उत्तर से कृष्णेंदु मुखर्जी, कुल्टी से अजय पोद्दार और बाराबनी से अरिजीत रॉय भाजपा उम्मीदवार के रूप में जीते। नितिन नवीन एक कुशल संगठनकर्ता हैं।

## आज का राशिफल

### मेष
आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। शाम को आपके घर में अतिथि आ सकते हैं। बच्चों की उपलब्धियों पर आपको गर्व की अनुभूति होगी। व्यापार में आर्थिक लाभ होने से कर्ज चुकाने में आसानी होगी। आज आप दूसरों की सहायता अवश्य करेंगे। शासन-प्रशासन से जुड़े लोगों के ऊपर आरोप लग सकते हैं। अधूरे कार्यों को पूर्ण करने में लगे रहेंगे।

### वृष
कार्यक्षेत्र में आपको वाणी पर संयम रखना चाहिये। परिवार के लोग आपसे असन्तुष्ट हो सकते हैं। विवाह तय करने को लेकर जल्दबाजी न करें। व्यवसाय में भी आपको अचानक निर्णय लेने से बचना चाहिये। भविष्य के निर्णयों को लेकर आत्मविश्वास में कमी महसूस कर सकते हैं। आज आप दूसरों की सहायता अवश्य करेंगे।

### मिथुन
कमीशन सम्बन्धी कार्यों से लाभ हो सकता है। पुराने मित्रों से आज काफी दिनों बाद फोन पर बात हो सकती है। विद्यार्थी पढ़ाई में लापरवाही कर सकते हैं। खरीदारी करते समय अपने बजट का ध्यान अवश्य रखें। समाज कल्याण के कार्यों में आपका मन लगेगा।

### तुला
नयी योजनाओं के प्रति आपके मन में रुचि बढ़ेगी। लोगों की समस्याओं को सुलझाने में आपकी भूमिका महत्त्वपूर्ण हो सकती है। विद्वान लोगों के साथ आपका सम्पर्क मजबूत होगा। आपकी आय में बढ़ोत्तरी होने के योग बन रहे हैं। पति-पत्नी के बीच आपसी सम्बन्धों में मधुरता बढ़ेगी।

### वृश्चिक
अपनी जिम्मेदारियों से पीछे न हटें। बच्चे पढ़ाई में शानदार प्रदर्शन करेंगे। अपनी महत्वपूर्ण वस्तुओं को सम्भालकर रखें। अपनी कार्यशैली में आप परिवर्तन ला सकते हैं। आज आप दूसरों की सहायता अवश्य करेंगे। शासन-प्रशासन से जुड़े लोगों के ऊपर आरोप लग सकते हैं। नयी नौकरी मिलने की सम्भावना बन रही है। युवा जातक अपने प्रेमीजन को प्रपोज कर सकते हैं।

### धनु
अधिकारियों के साथ अपने सम्बन्ध खराब न करें। किसी परिजन के साथ अनबन हो सकती है। आवारा जानवरों से सावधान रहें। वैवाहिक जीवन को समय अवश्य दें। आज आप दूसरों की सहायता अवश्य करेंगे। शासन-प्रशासन से जुड़े लोगों के ऊपर आरोप लग सकते हैं। घर के किसी बुजुर्ग सदस्य के स्वास्थ्य की चिन्ता रहेगी।

### कर्क
करियर को लेकर मन में दुविधा की स्थिति रहेगी। छोटे बच्चों को मौसमी बीमारियाँ घेर सकती हैं। आज आप दूसरों की सहायता अवश्य करेंगे। शासन-प्रशासन से जुड़े लोगों के ऊपर आरोप लग सकते हैं। घर के सदस्यों के साथ महत्वपूर्ण बैठकों में सम्मिलित होना पड़ सकता है। रियल एस्टेट से जुड़े प्रकल्पों को पूरा करने में कठिनाई होगी। क्रोध पर नियन्त्रण रखें।

### सिंह
दाम्पत्य जीवन में आ रही गलतफहमियों को दूर करने के लिये काफी अच्छा दिन है। धर्म और अध्यात्म के प्रति आपकी आस्था में वृद्धि होगी। भविष्य को लेकर योजनाओं पर कार्य आरम्भ कर सकते हैं। आज आप दूसरों की सहायता अवश्य करेंगे। शासन-प्रशासन से जुड़े लोगों के ऊपर आरोप लग सकते हैं। चतुरायी से आप परेशानियों का समाधान ढूँढ लेंगे।

### कन्या
आज आपका मन कुछ कारणों से अशान्त रहेगा। बच्चों को गलत संगत से दूर रखें। अपनी क्षमता और योग्यता का सार्थक उपयोग नहीं कर पायेंगे। गुप्त शत्रुओं से आपको सावधान रहना चाहिये। नशे और अनैतिक कार्यों की ओर आप आकर्षित हो सकते हैं।

### मकर
कार्यक्षेत्र में लोग आपको पर्याप्त महत्त्व नहीं देंगे। अच्छे साहित्य का अध्ययन करें। परिवार में किसी बात को लेकर झगड़ा हो सकता है। बच्चों के क्रियाकलापों पर नजर बनाकर रखें। स्त्रियों को स्वास्थ्य की समस्या हो सकती है। यदि स्वास्थ्य समस्या है तो डॉक्टर से सम्पर्क करने में देरी न करें।

### कुंभ
नये कार्यों को आप सीख सकते हैं। व्यवसाय में परिवर्तन करने का विचार बनायेंगे। आज आप दूसरों की सहायता अवश्य करेंगे। शासन-प्रशासन से जुड़े लोगों के ऊपर आरोप लग सकते हैं। जीवनसाथी के प्रति प्रेम भाव बढ़ेगा। मित्रों के माध्यम से आपको शुभ समाचार मिल सकते हैं।

### मीन
विद्यार्थियों को पढ़ाई में कुछ अधिक मेहनत करने की आवश्यकता है। राजनीतिक विषयों पर विचार-विमर्श में समय बीतेगा। विदेश में नौकरी की इच्छा रखने वाले लोगों को जॉब के अवसर मिल सकते हैं। अपनी प्रतिभा को और विकसित करने के लिये दिन अच्छा है। आज आप दूसरों की सहायता अवश्य करेंगे। शासन-प्रशासन से जुड़े लोगों के ऊपर आरोप लग सकते हैं।

## सुडोकू पहेली — क्रमांक- 6086

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | | | | 9 | | 8 | 5 |
| 9 | 4 | | | | 6 | | | 2 |
| | 8 | 1 | | | 4 | | | 3 |
| 6 | | | | | | 1 | | 8 |
| | | | | 3 | | | | |
| 2 | | 8 | | | | | | 9 |
| 3 | | | 1 | | | 8 | 4 | |
| 8 | | | 6 | | | | 5 | 7 |
| 4 | 7 | | 2 | | | | 3 | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 6085

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 1 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 8 |
| 9 | 3 | 6 | 2 | 8 | 4 | 1 | 7 | 5 |
| 8 | 4 | 2 | 5 | 1 | 7 | 6 | 3 | 9 |
| 7 | 8 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 1 |
| 2 | 6 | 5 | 1 | 4 | 9 | 7 | 8 | 3 |
| 3 | 1 | 4 | 7 | 6 | 8 | 5 | 9 | 2 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 7 | 6 | 8 | 2 | 4 |
| 4 | 9 | 7 | 8 | 5 | 2 | 3 | 1 | 6 |
| 6 | 2 | 8 | 4 | 3 | 1 | 9 | 5 | 7 |

## वर्ग पहेली 6086

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | ■ | 5 |
| 6 | | ■ | 7 | 8 | | 9 | |
| | ■ | 10 | | | ■ | 11 | |
| 12 | 13 | ■ | | ■ | 14 | ■ | |
| 15 | | ■ | 16 | 17 | ■ | 18 | ■ |
| ■ | ■ | ■ | 19 | | 20 | | |
| 21 | 22 | 23 | | ■ | 24 | | ■ |
| 25 | | | ■ | 26 | | ■ | ■ |

**संकेतः बाएं से दाएं**
1. आजाद हिंद फौज की स्थापना यहां की गई थी (4)
6. दो बार उतनी ही, दुगुना, दोगुना (2)
7. विकास संबंधी काम (5)
10. संदेह, शक, खटका, भय (3)
11. भाग्य को अंग्रेजी में यह कहते है (2)
12. स्वेच्छा से दिया जाने वाला धन (2)
14. गेंहू की तरह एक प्रसिद्ध अन्न जिससे मदिरा निर्माण भी होता है (1)
15. आंसू, नेत्र-जल, पानी (2)
16. आवाज, शब्द, शोरगुल (2)
19. कृतज्ञता, धन्यवाद, शुक्रिया (5)
21. एक जैसी सूरत या शक्ल वाले, एकरूप, समाकार (4)
24. आपस में गुंथी हुई चीजों का विस्तृत रूप जो एक जालीदार रचना बनाती है (2)
25. हिंदी साहित्य में एक अलंकार जिसमें एक ही शब्द बार-आकर उसका भिन्न-भिन अर्थ देता है (3)
26. पृथ्वी, धरती (2)

**संकेतः ऊपर से नीचे**
1. सिंदूर रखने की डिबिया (5)
2. गीत प्रस्तुत करने की क्रिया, कविता (2)
3. ये मध्यप्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री थे (7)
4. विशिष्ट, विशेष रूप से (2)
5. कार्य करने वाला (4)
8. पिता का भाई (2)
9. वक्त, समय (2)
13. वह प्राणी जो पुरूष जाति का हो (2)
17. कुटिल, टेढ़ा, तिरछा (2)
18. शक्तिमत्ता, सामर्थ्य, हिम्मत (3)
20. निर्वाह हेतु दी जाने वाली आर्थिक मदद, गुजर, निर्वाह (3)
21. घोड़ा, अश्व (2)
22. मेरा या मेरी (2)
23. वह राजा जिसके नाम से कोई संवत् चले, भ्रम (2)

### वर्ग पहेली 6085 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सि | ड | नी | ■ | ना | मी | बि | या |
| प | ल | ■ | व | त | न | ■ | म |
| ह | ■ | मो | ■ | ■ | ■ | स्पे | ■ |
| सा | हि | र | लु | धि | या | न | वी |
| ला | मा | ■ | क | न | क | ■ | ■ |
| र | क | म | ■ | ■ | ■ | र | त |
| ■ | त | न | ■ | फ | र | ज | ■ |
| ■ | ■ | स्वी | ड | न | ■ | क | र्म |

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा सोमांक प्रिंटर्स, बी-17 और बी-18 (भाग), ग्रोथ सेंटर जसोइया, औरंगाबाद, बिहार - 824101 में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, समाचार संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009



### वैभव नंबर 1 पर कायम, पारी में 8 छक्के लगा कूपर कोनोली नहीं निकल पाए उनसे आगे

# टूटा डिकॉक का 10 साल पुराना रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 के 49वें मैच में पंजाब किंग्स के युवा बल्लेबाज कूपर कोनोली ने हैदराबाद के खिलाफ जमकर लड़ाई की और नाबाद 107 रन की शतकीय पारी खेली। कूपर बेशक अपनी टीम को जीत दिलाने में सफल नहीं हो पाए, लेकिन उन्होंने क्विंटन डिकॉक का 10 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया। अपनी पारी में कूपर ने 8 छक्के भी लगाए, लेकिन वो वैभव सूर्यवंशी के इस रिकॉर्ड को तोड़ने में कामयाब नहीं हो पाए।

**वैभव से पीछे रह गए कूपर कोनोली–** कूपर ने हैदराबाद के खिलाफ अपनी नाबाद 107 रन की पारी के दौरान कुल 8 छक्के लगाए और वो आईपीएल में अपनी पहली 9 पारियों के बाद सबसे



#### कूपर ने की प्रभसिमरन की बराबरी

कूपर कोनोली पंजाब किंग्स के लिए 22 साल की उम्र में आईपीएल में शतक लगाने वाले दूसरे बैटर भी बने। इससे पहले पंजाब के लिए 22 साल की उम्र में इस लीग में शतक लगाने का कमाल प्रभसिमरन सिंह ने साल 2023 में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ किया था। अब कूपर कोनोली ने ऐसा कमाल किया और उनकी बराबरी पर आ गए।

ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में तीसरे नंबर पर आ गए। वैभव का रिकॉर्ड टूटने से बच गया और वो पहले नंबर पर बने हुए हैं। आईपीएल की पहली 9 पारियों के बाद सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड उनके नाम दर्ज है।

#### छक्के लगाने वाले टॉप-3 बैटर

- 30 छक्के : वैभव सूर्यवंशी
- 28 छक्के : जैक फ्रेजर मैकगर्क
- 26 छक्के : कूपर कोनोली

#### कूपर ने तोड़ा 10 साल पुराना रिकॉर्ड

कूपर ने आईपीएल करियर का पहला शतक हैदराबाद के खिलाफ लगाया और वो अब इस लीग में सबसे कम उम्र में शतक लगाने वाले विदेशी बैटर भी बन गए। कूपर ने ये कमाल 22 साल 257 दिन की उम्र में किया और उन्होंने क्विंटन डिकॉक का 10 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया। डिकॉक इससे पहले आईपीएल में सबसे कम उम्र में शतक लगाने वाले विदेशी बल्लेबाज थे। उन्होंने ये कमाल साल 2016 में 23 साल 122 दिन की उम्र में आरसीबी के खिलाफ किया था।

#### सबसे कम उम्र के विदेशी शतकवीर

- 22 साल 257 दिन – कूपर कोनोली बनाम SRH, हैदराबाद, 2026
- 23 साल 122 दिन – क्विंटन डिकॉक बनाम RCB, बेंगलुरु, 2016
- 23 साल 153 दिन – डेविड वॉर्नर बनाम KKR, दिल्ली, 2010
- 23 साल 330 दिन – डेविड मिलर बनाम RCB, मोहाली, 2013
- 23 साल 352 दिन – कैमरन ग्रीन बनाम SRH, वानखेड़े, 2023

## RCB की नेटवर्थ CSK, MI से भी ज्यादा

- पंजाब किंग्स सबसे नीचे; वैभव की टीम है लिस्ट में इस नंबर पर



**नई दिल्ली।** आरसीबी डिफेंडिंग चैंपियन है और आईपीएल 2026 में भी इस टीम का प्रदर्शन अच्छा हो रहा है। इंडियन प्रीमियर लीग के 19वें सीजन के बीच अब आरसीबी ने अपनी नेटवर्थ के आधार पर सभी फ्रेंचाइजियों की रैंकिंग में टॉप स्थान हासिल कर लिया है। कमाल की बात ये है कि आरसीबी की नेटवर्थ चेन्नई सुपर किंग्स और मुंबई इंडियंस से भी ज्यादा है।

#### आरसीबी की नेटवर्थ सबसे ज्यादा

आईपीएल 2026 सीजन के शुरू होने से पहले इस लीग की दो फ्रेंचाइजियों की नीलामी हुई थी। इनमें से एक डिफेंडिंग चैंपियन आरसीबी थी जबकि दूसरी टीम राजस्थान रॉयल्स थी। नीलामी के बाद आरसीबी इस समय सबसे ज्यादा नेटवर्थ वाली टीम बन गई है। आरसीबी की नेट वर्थ इस वक्त 16,706 करोड़ रुपये है जबकि दूसरे नंबर पर वैभव की टीम राजस्थान है जिसकी नेटवर्थ 15,300 करोड़ है।

#### तीसरे स्थान पर है मुंबई इंडियंस

आरसीबी और राजस्थान के बाद तीसरे नंबर पर मुकेश अंबानी के स्वामित्व वाली मुंबई इंडियंस है जिसकी नेटवर्थ इस वक्त 13,500 करोड़ रुपये है। चेन्नई सुपर किंग्स अब टॉप तीन टीमों की लिस्ट में नहीं है और अब ये आईपीएल की सबसे ज्यादा नेट वर्थ वाली टीमों की लिस्ट में चौथे नंबर पर है। सीएसके की नेटवर्थ अब 11,300 करोड़ रुपये है। इसके बाद यानी 5वें नंबर पर लखनऊ सुपर जायंट्स है जिनकी नेटवर्थ 10,000 करोड़ रुपये है।

#### पंजाब किंग्स की नेटवर्थ सबसे कम

आईपीएल की सभी 10 टीमों में जिस टीम की नेटवर्थ सबसे कम है यानी जो टीम आखिरी पायदान पर है वो पंजाब किंग्स है जिसकी नेटवर्थ इस वक्त 8,000 करोड़ रुपये है जबकि 9वें स्थान पर दिल्ली कैपिटल्स है जिसकी नेटवर्थ इस वक्त 8,600 करोड़ है। छठे स्थान पर गुजरात टाइटंस है जिसकी नेटवर्थ 9,600 करोड़ है तो वहीं कोलकाता नाइट राइडर्स की नेटवर्थ 9,500 करोड़ रुपये है और वो लिस्ट में 7वें स्थान पर है। (ये आंकड़े स्ह्लश्ष्ह्नद्दश्च के हैं जो मुंबई स्थित शीर्ष 10 स्टॉक सलाहकार कंपनियों में से एक है)

# वैभव को खेलता देख आई सचिन तेंदुलकर की याद

### ...लेकिन माईकल क्लार्क ने कहा- टेस्ट के लिए जल्दबाजी न करने की चेतावनी भी दी



**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क ने 15 साल के युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी की तारीफ की है। माइकल क्लार्क ने कहा है कि उन्होंने इतनी कम उम्र में किसी खिलाड़ी को इस तरह खेलते पहले नहीं देखा। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में वैभव सूर्यवंशी के प्रदर्शन ने हर किसी को हैरान कर दिया है।

बातचीत के दौरान माइकल क्लार्क ने वैभव सूर्यवंशी के आसपास बन रहे माहौल की तुलना महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के शुरुआती दिनों से की। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि इतनी जल्दी वैभव सूर्यवंशी से टेस्ट क्रिकेट में बड़े चमत्कार की उम्मीद करना सही नहीं होगा।

माइकल क्लार्क ने कहा, ''खैर, मैंने पहले ऐसा कभी नहीं देखा। मैंने किसी 15 साल के बच्चे को ऐसा करते हुए नहीं देखा।'' माइकल क्लार्क ने हालांकि, वैभव के मामले में जल्दबाजी नहीं दिखाने की चेतावनी देते हुए कहा, ''आप जानते हैं दोनों बहुत अलग खिलाड़ी हैं और हां आप तुलना नहीं कर सकते। जब मैं पीछे मुड़कर सोचता हूं तो मुझे याद आता है कि जब सचिन तेंदुलकर ऑस्ट्रेलिया आए थे और उनके बारे में जो चर्चा थी, उस समय सच में वैसी चर्चा थी। मुझे लगता है कि वह 16 साल के थे। हां, 16 के ही थे। और वह चर्चा उन्होंने अपनी काबिलियत से हासिल की थी। उनकी वह विरासत आज भी सबके सामने है।'' वैभव सूर्यवंशी इस सीजन के सबसे ज्यादा चर्चा वाले खिलाड़ियों में से एक बन गए हैं। उनकी निडर बल्लेबाजी और शांत स्वभाव ने भारत के बाहर भी लोगों का ध्यान खींचा है। वैभव सूर्यवंशी ने IPL 2026 में राजस्थान रॉयल्स के लिए 10 मैचों में 237.64 के स्ट्राइक रेट से 404 रन बनाए हैं, जिसमें दो अर्धशतक और एक शतक शामिल है। इस युवा खिलाड़ी की तेजी से हुई तरक्की ने इस बात को लेकर उत्सुकता जगा दी है कि वह वह भविष्य में क्या बन सकते हैं, लेकिन माइकल क्लार्क ने जोर देकर कहा कि इस चर्चा को वर्तमान पर ही केंद्रित रखना चाहिए।

माइकल क्लार्क ने कहा, ''मुझे नहीं लगता कि कोई यह कह रहा होगा कि वह सीधे टेस्ट क्रिकेट में जाकर तुरंत ही महान खिलाड़ियों में से एक बन जाएगा। मुझे लगता है कि जिस तरह से वह खेलते हैं, अभी मैं जो देख रहा हूं, वह इस फ़ॉर्मेट के लिए बहुत ज़्यादा उपयुक्त है।''

इसके साथ माइकल क्लार्क ने यह भी साफ किया कि इतनी कम उम्र में इस तरह का प्रदर्शन स्वाभाविक रूप से उन्हें क्रिकेट की दुनिया में और भी ऊंचे मुकाम हासिल करने की राह पर आगे बढ़ाता है।



# सहवाग के नाम है आईपीएल प्लेऑफ का सबसे बड़ा स्कोर

### 5 मैचों में लगातार 5 अर्धशतक लगाने वाले थे पहले भारतीय

**नई दिल्ली।** वीरेंद्र सहवाग दुनिया के उन आक्रामक बल्लेबाजों में शुमार हैं जिनके सामने बड़े से बड़ा गेंदबाज भी खौफ खाता था। सहवाग ने जिस तरह से इंटरनेशनल क्रिकेट में धूम मचाई थी ठीक उसी तरह से उन्होंने आईपीएल में भी कमाल की बैटिंग की थी और कुछ ऐसे रिकॉर्ड अपने नाम किए जो आज भी नहीं टूटे हैं। सहवाग ने साल 2008 से लेकर 2015 तक यानी 8 साल इस लीग में खेला और इस दौरान दो टीमों का प्रतिनिधित्व किया।

**सहवाग ने दिल्ली और पंजाब का किया था प्रतिनिधित्व** – वीरेंद्र सहवाग साल 2008 में जब आईपीएल की शुरुआत हुई थी उस सीजन में दिल्ली डेयरडेविल्स (अब दिल्ली कैपिटल्स) के साथ जुड़े थे। वो इस टीम के आइकन प्लेयर थे और पहले ही सीजन में उनकी कप्तानी में दिल्ली की टीम सेमीफाइनल में पहुंची थी। वो दिल्ली के साथ साल 2013 तक यानी 6 साल तक खेले। इसके बाद वो साल 2014 में किंग्स इलेवन पंजाब के साथ (अब पंजाब किंग्स) जुड़ गए और 2015 तक यानी दो साल तक इस टीम के लिए खेले।

- **प्लेऑफ का बेस्ट स्कोर सहवाग के नाम** – वीरेंद्र सहवाग के नाम पर आईपीएल का एक बड़ा रिकॉर्ड दर्ज है जो अब तक नहीं टूटा है। साल 2014 में उन्होंने दूसरे क्वालीफायर मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 122 रन बनाए थे। ये आज भी आईपीएल प्लेऑफ इतिहास का सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर है जो अब तक नहीं टूटा है। ये सहवाग का आईपीएल में सबसे बड़ा स्कोर भी था। इसके अलावा सहवाग आईपीएल के उन कुछ खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्होंने दो अलग-अलग टीमों के लिए शतक लगाए थे। उन्होंने 2011 में दिल्ली डेयरडेविल्स के लिए और 2014 में किंग्स इलेवन पंजाब के लिए शतक लगाया था।
- **5 मैचों में लगातार 5 अर्धशतक लगाने वाले पहले भारतीय थे सहवाग** – वीरेंद्र सहवाग आईपीएल में 5 मैचों में 5 अर्धशतक लगाने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज थे। उनसे पहले ये कमाल किसी ने भी नहीं किया था। उन्होंने ये कमाल साल 2012 में दिल्ली के लिए खेलते हुए किया था। साल 2011 में सहवाग ने अपना पहला आईपीएल शतक लगाया था जो उन्होंने 48 गेंदों पर पूरा किया था और उस समय ये किसी भी भारतीय द्वारा आईपीएल में लगाए गए सबसे तेज शतकों में से एक था।



#### वीरेंद्र सहवाग का आईपीएल करियर

वीरेंद्र सहवाग का आईपीएल करियर काफी अच्छा रहा था। उन्होंने इस लीग के 8 सीजन में शिरकत की थी और इस दौरान कुल उन्होंने कुल 104 मैच खेले थे। इन मैचों में वो सिर्फ 5 बार नॉटआउट रहे थे और कुल 2728 रन बनाए थे। सहवाग का स्ट्राइक रेट इस दौरान 155.44 का रहा था जबकि उन्होंने कुल 2 शतक और 16 अर्धशतक भी लगाए थे। सहवाग का बेस्ट स्कोर इस लीग में 122 रन था जबकि उनके बल्ले से 334 चौके और 106 छक्के भी निकले थे। सहवाग ने इस लीग में कुल 1755 गेंदों का सामना किया था साथ ही 34 कैच भी पकड़े थे।

## टीम के डग-आउट में अनाधिकृत लोगों की मौजूदगी से खफा BCCI

#### बुलाई गई फ्रेंचाईजी के सीईओ की मीटिंग

**नई दिल्ली।** बीसीसीआई की एंटी-करप्शन यूनिट (एसीयू) ने आईपीएल 2026 के दौरान टीम के डग-आउट में बिना इजाजत अनाधिकृत लोगों की मौजूदगी और कुछ दूसरी गड़बड़ियों की तरफ इशारा किया है जिनके बारे में आम लोगों को जानकारी नहीं है। इस जानकारी के आधार पर भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने इस हफ्थे के आखिर में सभी फ्रेंचाईजी के सीईओ की एक मीटिंग बुलाई है, ताकि उन्हें तय नियमों (प्रोटोकॉल) की याद दिलाई जा सके साथ ही बोर्ड उन टीमों और लोगों के खिलाफ सही कार्रवाई करने का फैसला भी करेगा जिन्होंने नियमों का पालन नहीं किया है।

**बीसीसीआई ने बुलाई फ्रेंचाईजी के सीईओ की मीटिंग** – इंडियन एक्सप्रेस के मुताबिक टीम बसों, टीम होटलों और यहां तक कि डगआउट एरिया में भी ऐसे लोग घूम रहे हैं जिनके पास इसकी अनुमति नहीं है। कुछ लोगों को ऐसी जगहों पर देखा गया है जहां उन्हें नहीं होना चाहिए। इस मामले पर बीसीसीआई के सेक्रेटरी देवजीत सैकिया ने द इंडियन एक्सप्रेस को बताया कि खिलाड़ियों और टीमों के बर्ताव को लेकर नियम और एडवाइजरी 2008 से ही लागू हैं, लेकिन उनका पालन नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आजकल लोग काफी लापरवाह होते जा रहे हैं। हम उन्हें इस तरह की लापरवाही करने की इजाजत नहीं देंगे। सैकिया ने कहा कि हम उन्हें याद दिला रहे हैं कि अगर नियमों का कोई भी उल्लंघन हुआ, तो हम किसी भी तरह की नरमी नहीं बरतेंगे। किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। सैकिया ने बताया कि रिटायर्ड आईपीएस अधिकारी शरद कुमार की अगुवाई वाली इस निगरानी संस्था ने उन्हें ऐसी जानकारी दी थी जो भारतीय बोर्ड द्वारा आधिकारिक तौर पर पुष्टि की गई दो घटनाओं से कहीं ज्यादा थी। बीसीसीआई द्वारा आधिकारिक तौर पर स्वीकार किए गए दोनों मामलों में राजस्थान रॉयल्स शामिल है। पहले मामले में उनके मैनेजर को डगआउट में फोन इस्तेमाल करने के लिए फटकार लगाई गई थी, जो नियमों के खिलाफ था।

## लोकप्रियता या पैसे की बात नहीं, हर खेल की छोटी-बड़ी सफलता का जश्न मनाया जाना चाहिए: सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी ने उन लोगों को जवाब दिया है जिन्होंने थॉमस कप में कांस्य पदक जीतने वाली टीम के लिए सार्वजनिक रूप से स्वागत में कमी पर दिए उनके बयान का गलत मतलब निकाला था। 2022 में चैंपियन रही भारतीय टीम ने 2026 थॉमस कप में कांस्य पदक जीता, लेकिन घर वापसी के बाद इस उपलब्धि का जश्न नहीं मनाया गया। सात्विक ने थॉमस कप में हिस्सा लेने के लिए हॉर्सेंस गई टीम और घर लौटने की दो तस्वीरें शेयर की थीं, साथ में कैप्शन लिखा था, 'यह कैसे शुरू हुआ, यह कैसे चल रहा है। ऐसा देखा गया कि टीम के लिए कोई बड़ी विदाई या स्वागत नहीं हुआ।' सोशल मीडिया पर उनके इस टिप्पणी को निजी उपलब्धि के लिए माना गया। इस पर रंकीरेड्डी ने कहा, 'पिछले कुछ दिनों में हमारे थॉमस कप कांस्य पदक के लिए रिसेप्शन न होने के बारे में मेरे हाल के कमेंट्स पर बहुत ध्यान गया है। हालांकि मैं इतने ज्यादा समर्थन और हिम्मत के लिए शुक्रगुजार हूं। मैं अपना इरादा साफ करना चाहता हूं क्योंकि मैं देख रहा हूं कि बहुत से लोग असली बात से भटक रहे हैं।'



उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, 'मेरे शब्द निजी शोहरत पाने या किसी और की कामयाबी का श्रेय लेने के लिए नहीं था। मैं हर उस एथलीट की बहुत इज्जत करता हूं जो भारत का नाम रोशन करता है, चाहे वह किसी भी खेल का हो।'

रंकीरेड्डी ने लिखा, 'मेरा संदेश बिल्कुल साधारण था। हमें एक ऐसी संस्कृति बनानी होगी, जो हर जीत को बढ़ावा दे और उसका जश्न मनाए, चाहे वह बड़ी हो या छोटी, चाहे वह विश्व कप पदक हो या थॉमस कप जैसी वैश्विक चैंपियनशिप में पोडियम पर आना। ऐसे पल वर्षों की कुर्बानी और कड़ी मेहनत के बाद आते हैं। जब ऐसी उपलब्धियों पर चुप्पी न सिर्फ हमारे लिए, बल्कि भारतीय एथलीटों की आने वाली पीढ़ियों के लिए भी निराशाजनक है।'

उन्होंने लिखा, 'हमें पैसा या बड़ी परेड नहीं चाहिए। हम बस यह जानना चाहते हैं कि हमारा देश देख रहा है और हमारी कोशिशों को देखा जा रहा है। आइए, सभी खेलों को एक ही जुनून और एंगल के साथ सपोर्ट करने के लिए एक साथ आएं। अगली बार, यह इस बारे में न हो कि किसने ज्यादा या कम जीता, बल्कि भारत की जर्सी पहनने वाले हर किसी का जश्न मनाया जाए। मेरे साथ खड़े रहने के लिए धन्यवाद।

#### छठा एमिली मेमोरियल बैडमिंटन टूर्नामेंट :

## मेजबान सेंट जेवियर्स स्कूल का डबल धमाका, दोनों श्रेणियों के खिताब जीते

**चंडीगढ़, एजेंसी।** सेक्टर 44-सी स्थित सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल के परिसर में आयोजित 'छठे एमिली मेमोरियल बैडमिंटन टूर्नामेंट' में मेजबान स्कूल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दोनों श्रेणियों (लड़के और लड़कियां) में खिताबी जीत हासिल की। ट्राईसिटी (Tricity) के प्रमुख स्कूलों के बीच आयोजित इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में खिलाड़ियों के बीच कड़ा और रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। लड़कियों का वर्ग (अंडर-14): सेंट जेवियर्स एकतरफा मुकाबले में जीतालड़कियों की अंडर-14 श्रेणी के फाइनल मैच में मेजबान सेंट जेवियर्स स्कूल की टीम ने अपनी प्रतिद्वंद्वी टीम को संभलने का कोई मौका नहीं दिया। फाइनल मुकाबलाः सेंट जेवियर्स स्कूल ने अजीत करम सिंह इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल-41 (AKSIPS-41) को सीधे गेम में 21-15, 21-9 से करारी शिकस्त देकर ट्रॉफी अपने नाम की।



तीसरा स्थानः इससे पहले खेले गए तीसरे स्थान के मुकाबले में चितकारा इंटरनेशनल स्कूल ने कार्मेल कॉन्वेंट स्कूल को एकतरफा गेम में 21-8, 21-9 से हराकर तीसरा स्थान हासिल किया।

**लड़कों का वर्ग (अंडर-17):** सेंट जेवियर्स की धमाकेदार वापसीलड़कों के अंडर-17 वर्ग के फाइनल में दर्शकों को बेहद रोमांचक और सांसें रोक देने वाला मुकाबला देखने को मिला, जहाँ सेंट जेवियर्स ने पहला गेम हारने के बाद गजब की वापसी की।

**फाइनल मुकाबलाः** सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने अजीत करम सिंह इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल-41 (AKSIPS-41) को 2-1 से हराया।

**रोमांचक टर्निंग पॉइंटः** पहला गेम 10-21 से गंवाने के बाद सेंट जेवियर्स ने जबरदस्त मानसिक मजबूती दिखाई और अगले दोनों गेम 21-18 और 21-19 के करीबी अंतर से जीतकर चैंपियनशिप पर कब्जा जमाया।

**तीसरा स्थानः** लड़कों की श्रेणी में तीसरा स्थान शेमरॉक स्कूल के खाते में गया, जिसने सेंट जेवियर्स हाई स्कूल (पंचकुला) को 21-13, 21-15 से पराजित किया।

विजेताओं का सम्मानटूर्नामेंट के समापन समारोह पर स्कूल के अध्यक्ष श्री आई. विलियम ने विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी व पुरस्कार वितरित किए। उन्होंने सभी खिलाड़ियों के बेहतरीन खेल की सराहना की।

वहीं, स्कूल के अतिरिक्त प्रधानाचार्य श्री चंदन एस. पटवाल ने खेल विभाग को इस सफल और भव्य आयोजन के लिए बधाई दी और खिलाड़ियों में दिखी खेल भावना (Sportsmanship) की जमकर तारीफ की।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com



## न्यूज बाइट्स

### रामाबांध बस स्टैंड का डीएम-एसपी ने किया निरीक्षण

**औरंगाबाद (एसवीवी. सं.)।** शहर को जाममुक्त बनाने और यातायात व्यवस्था को बेहतर करने के उद्देश्य से जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल ने बुधवार को रामाबांध बस स्टैंड का संयुक्त निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों ने बस स्टैंड परिसर एवं आसपास की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सदर एसडीएम संतन कुमार सिंह, जिला परिवहन पदाधिकारी सुनंदा कुमारी, ट्रैफिक डीएसपी मनोज कुमार, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। जिला पदाधिकारी ने नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी को बस स्टैंड परिसर की नियमित सफाई, रंग-रोगन एवं रखरखाव सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि बस स्टैंड को व्यवस्थित और स्वच्छ बनाकर आम लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। वहीं जिला परिवहन पदाधिकारी को राष्ट्रीय उच्च पथ-139 के किनारे भारी वाहनों की अवैध पार्किंग पर सख्ती से कार्रवाई करने और जुर्माना लगाने का निर्देश दिया गया। साथ ही अनुपयोगी एवं पुराने वाहनों के निबंधन रद्द करने की प्रक्रिया में तेजी लाने को कहा गया। निरीक्षण के दौरान प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया कि सभी बसों का परिचालन केवल बस स्टैंड परिसर से ही किया जाएगा। सड़क किनारे बस खड़ी कर सवारी बैठाने पर रोक लगाने का निर्देश दिया गया है, ताकि शहर में लगने वाले जाम की समस्या से लोगों को राहत मिल सके। डीएम एवं एसपी ने संयुक्त रूप से कहा कि बस स्टैंड और आसपास के क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार की जा रही है। प्रशासन लगातार निगरानी रखेगा, ताकि आम लोगों को सुरक्षित एवं सुगम यातायात सुविधा उपलब्ध हो सके।

# गोली लगने से रिकवरी एजेंट की हुई मौत

## मदनपुर थाना क्षेत्र स्थित इंडियन बैंक में हुई घटना सिक्योरिटी गार्ड से पुलिस कर रही पूछताछ



**निज संवाददाता | मदनपुर (औरंगाबाद)**

जिले के मदनपुर थाना क्षेत्र स्थित इंडियन बैंक शाखा में शुक्रवार की सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। ड्यूटी के दौरान सिक्योरिटी गार्ड की दोनाली बंदूक से अचानक गोली चल जाने से बैंक के रिकवरी एजेंट की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान माधोखाप गांव निवासी 38 वर्षीय राजेंद्र पासवान के रूप में हुई है। घटना ऊंचौली गांव स्थित बैंक शाखा की बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बैंक परिसर में तैनात सिक्योरिटी गार्ड धीरेंद्र अपनी बंदूक की सफाई कर रहा था। इसी दौरान अचानक गोली चल गई, जो वहां मौजूद रिकवरी एजेंट राजेंद्र पासवान के पेट में जा लगी। गोली लगते ही वह गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़े। आनन-फानन में उन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

घटना की सूचना मिलते ही मदनपुर थानाध्यक्ष राजेश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने बैंक मैनेजर संजीत कुमार निराला तथा सिक्योरिटी गार्ड से पूछताछ कर घटना की जानकारी ली। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और सभी पहलुओं पर छानबीन जारी है।

बैंक मैनेजर संजीत कुमार निराला ने बताया कि सिक्योरिटी गार्ड पानी पीने के बाद जैसे ही बंदूक उठाया, उसी दौरान अचानक गोली चल गई और पास में खड़े रिकवरी एजेंट को लग गई। प्रारंभिक जांच में घटना को मिसफायर माना जा रहा है, हालांकि पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। घटना के बाद इलाके में शोक का माहौल है। वहीं स्थानीय लोगों ने बैंक की सुरक्षा व्यवस्था की जांच कराने तथा लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि यह महज हादसा था या इसमें किसी प्रकार की लापरवाही हुई है।

## औरंगाबाद-डाल्टेनगंज मुख्य मार्ग पर तेज रफ्तार बाइक दुर्घटनाग्रस्त, एक की मौत



**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

बिहार-झारखंड बॉर्डर से सटे हरिहरगंज थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। इस दर्दनाक हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना औरंगाबाद-डाल्टेनगंज मुख्य मार्ग पर ढाब गांव के समीप हुई। मृतक की पहचान झारखंड के पलामू जिला निवासी बब्बन भुइयां के 25 वर्षीय पुत्र बबलू रिकियासन के रूप में की गई है। वहीं घायल युवक आकाश कुमार का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। बताया जा रहा है कि दोनों एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। घायल आकाश कुमार ने बताया कि बाइक की रफ्तार काफी तेज थी। इसी दौरान बाइक अचानक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और दोनों युवक सड़क पर जा गिरे। हादसे के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और दोनों को इलाज के लिए सामुदायिक अस्पताल पहुंचाया गया। वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद बबलू को मृत घोषित कर दिया, जबकि आकाश की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए भेजा गया। घटना की सूचना मिलने के बाद परिजन अस्पताल पहुंचे, जहां चीख-पुकार मच गई। हरिहरगंज थाना पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बाइक को जब्त कर लिया है तथा शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

## रोहतास में सड़क हादसे में औरंगाबाद के ज्वेलर्स की मौत, भांजा गंभीर

**औरंगाबाद (एसवीवी.सं.)।** औरंगाबाद के एक स्वर्ण व्यवसायी की रोहतास जिले में हुए सड़क हादसे में मौत हो गई, जबकि उनका भांजा गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान औरंगाबाद शहर के पुरानी गुंजी मोहल्ला निवासी जितेंद्र सोनी के रूप में हुई है। घटना एनएच-19 पर दरिगांव थाना क्षेत्र के कोटा गांव के समीप हुई। जानकारी के अनुसार, जितेंद्र सोनी अपने भांजे देव सोनी के साथ वाराणसी से सोने-चांदी के आभूषण लेकर बाइक से औरंगाबाद लौट रहे थे। इसी दौरान ताराचंडी के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि जितेंद्र सोनी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल देव सोनी को बेहतर इलाज के लिए बीएचयू ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया है। घटना की सूचना मिलते ही दरिगांव थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने घटनास्थल से सोना-चांदी से भरा बैग सुरक्षित बरामद कर लिया है। अज्ञात वाहन और उसके चालक की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। शुक्रवार सुबह जैसे ही जितेंद्र सोनी का शव औरंगाबाद स्थित उनके घर पहुंचा, परिजनों में कोहराम मच गया।

# जिले में दिव्यांगजनों के लिए विशेष शिविरों का आयोजन



**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

जिले में दिव्यांगजनों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार जिले के सभी प्रखंडों के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में यह अभियान संचालित किया जा रहा है। इस विशेष अभियान के तहत दिव्यांगजनों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन, यूडीआईडी कार्ड, आयुष्मान भारत कार्ड, ट्राई साइकिल सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं का लाभ उपलब्ध कराया जा रहा है, ताकि पात्र लाभुकों तक योजनाओं का लाभ समय पर पहुंच सके।

इसी क्रम में शुक्रवार को हसपुरा प्रखंड स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, हसपुरा में विशेष शिविर आयोजित किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में दिव्यांगजन पहुंचे और सामाजिक सुरक्षा पेंशन, यूडीआईडी कार्ड, आयुष्मान कार्ड एवं ट्राई साइकिल जैसी योजनाओं के लिए आवेदन जमा किए। शिविर में मौजूद संबंधित विभागों के पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने लाभुकों को योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी तथा आवेदन प्रक्रिया में आवश्यक सहयोग प्रदान किया। जिला प्रशासन की ओर से बताया गया कि यह विशेष अभियान 2 मई 2026 से जिले के विभिन्न प्रखंडों के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में लगातार चलाया जा रहा है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कुटुम्बा में 8 मई, मदनपुर में 9 मई, नवीनगर में 11 मई, ओबरा में 12 मई तथा रफीगंज में 14 मई 2026 को शिविर आयोजित किए जाएंगे। जिला पदाधिकारी के निर्देश पर सभी शिविर स्थलों पर संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है, ताकि शिविरों का सुचारू संचालन सुनिश्चित किया जा सके और अधिक से अधिक दिव्यांगजनों को योजनाओं से लाभान्वित किया जा सके। जिला प्रशासन ने सभी पात्र दिव्यांगजनों से अपील की है कि वे अपने नजदीकी निर्धारित शिविर में पहुंचकर सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ अवश्य प्राप्त करें।

## जनता दरबार में सुनी गई आमजन की समस्याएं, त्वरित समाधान के निर्देश

**औरंगाबाद(नि.सं.)।** जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा शुक्रवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में सात निश्चय-3 अंतर्गत "सबका सम्मान – जीवन आसान" पहल के तहत जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे नागरिकों ने



अपनी समस्याएं एवं शिकायतें जिला पदाधिकारी के समक्ष रखीं। जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों में दाखिल-खारिज, अतिक्रमण, राशन कार्ड, नाली-गली निर्माण, भूमि विवाद, सड़क निर्माण, आंगनबाड़ी सेविका बहाली, जमाबंदी, इंदिरा आवास, भूमि मापी, अवैध कब्जा, एलपीसी निर्गत करने, पैक्स से संबंधित मामले, मानदेय भुगतान एवं अनुग्रह अनुदान सहित कई जनहित से जुड़े विषय शामिल रहे। जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने सभी मामलों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों को आवेदन अग्रसारित करने तथा निर्धारित समय-सीमा के भीतर निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मामले का गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष एवं न्यायसंगत समाधान सुनिश्चित किया जाए तथा इसकी नियमित समीक्षा भी की जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आम लोगों की समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाए और शिकायतों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। जिला प्रशासन ने कहा कि आम नागरिकों की समस्याओं के शीघ्र समाधान एवं सुशासन की व्यवस्था को मजबूत करने के लिए प्रशासन लगातार प्रतिबद्ध है।

## तेज रफ्तार वाहन ने मारी टक्कर , बाइक सवार बहनोई की मौत, साला गंभीर

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



जिले में तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। हादसे में बाइक सवार बहनोई की मौत हो गई, जबकि साला गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना कसमा-रफीगंज मुख्य मार्ग पर बक्सी बिगहा मोड़ के पास की है। मृतक की पहचान गया जिले के जकरिया निवासी 22 वर्षीय रूपेश कुमार के रूप में हुई है। घायल आतिश कुमार ने बताया कि दोनों एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए सोनारचक गांव जा रहे थे। बहनोई के बड़े भाई की ससुराल में शादी थी, जिसको लेकर परिवार में खुशी का माहौल था। दोनों उत्साह के साथ बाइक से समारोह में शामिल होने निकले थे, लेकिन रास्ते में हादसे का शिकार हो गए। बताया जा रहा है कि तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवक बाइक समेत सड़क पर दूर जा गिरे। हादसे के समय सड़क सुनसान होने के कारण तत्काल किसी को घटना की जानकारी नहीं मिल सकी। कुछ देर बाद वहां से गुजर रहे राहगीरों ने दोनों को घायल अवस्था में देखा और ग्रामीणों की मदद से अस्पताल पहुंचाया। इलाज के दौरान डॉक्टरों ने रूपेश कुमार को मृत घोषित कर दिया, जबकि घायल आतिश कुमार की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। थानाध्यक्ष अक्षयवर सिंह ने बताया कि सड़क हादसे में एक युवक की मौत हुई है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। अज्ञात वाहन और उसके चालक की पहचान के लिए पुलिस छानबीन कर रही है। दुर्घटनाग्रस्त बाइक को जब्त कर लिया गया है। परिजनों के अनुसार, रूपेश आठ भाइयों में पांचवें नंबर पर था। उसकी शादी पिछले वर्ष ही हुई थी और अभी उसकी कोई संतान नहीं थी। वह मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता था। शादी की खुशियों के बीच हुए इस हादसे से परिवार में मातम पसर गया है।

# शादी की स्टीकर लगी स्कॉर्पियो से भारी मात्रा में शराब बरामद, तस्कर गिरफ्तार

**निज संवाददाता | अंबा (औरंगाबाद)**



जिले में शराब तस्करी के खिलाफ पुलिस लगातार अभियान चला रही है। इसी क्रम में अंबा थाना पुलिस ने शादी समारोह का स्टीकर लगी एक काले रंग की स्कॉर्पियो से भारी मात्रा में शराब बरामद करते हुए एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई गुरुवार देर रात थाना क्षेत्र के उदयगंज गांव के समीप गुप्त सूचना के आधार पर की गई। अंबा थानाध्यक्ष राहुल राज ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि झारखंड से वैकल्पिक रास्तों के जरिए शराब की बड़ी खेप लेकर एक स्कॉर्पियो वाहन इलाके में प्रवेश करने वाला है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने ढूंढा से उदयगंज जाने वाले मार्ग पर सघन वाहन जांच अभियान शुरू कर दिया। जांच के दौरान दक्षिण दिशा से एक काले रंग की स्कॉर्पियो आती दिखाई दी, जिस पर शादी समारोह का स्टीकर लगा हुआ था। पुलिस ने वाहन चालक को रुकने का इशारा किया, लेकिन चालक गाड़ी की रफ्तार बढ़ाकर उदयगंज गांव की ओर भागने लगा।

इधर गांव में पहले से तैनात पुलिस बल को देखकर चालक ने वाहन मोड़कर वापस भागने की कोशिश की। इस दौरान ग्रामीणों की जान जोखिम में पड़ सकती थी। आक्रोशित ग्रामीणों ने स्कॉर्पियो पर पथराव कर दिया, जिससे वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए चालक को पकड़ लिया। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें छुपाकर रखी गई भारी मात्रा में शराब बरामद हुई। पुलिस ने स्कॉर्पियो से झारखंड निर्मित 300 एमएल की 1050 बोतल टनाका देसी शराब तथा 500 एमएल की 66 बोतल बीयर जब्त की। कुल मिलाकर 315 लीटर देसी और 33 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई। इसके अलावा वाहन से एक लाख 15 हजार 800 रुपये नकद भी जब्त किए गए।

गिरफ्तार तस्कर की पहचान झारखंड के पलामू जिला अंतर्गत हरिहरगंज थाना क्षेत्र के अररुआ खुर्द निवासी मिथुन कुमार के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार मिथुन कुमार पहले भी शराब तस्करी के मामले में अंबा थाना से जेल जा चुका है। पुलिस ने इस मामले में अंबा थाना कांड संख्या 77/26 दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया है। साथ ही यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि शराब की यह खेप कहां पहुंचाई जानी थी और इस अवैध कारोबार में और कौन-कौन लोग शामिल हैं।

## अग्नि सुरक्षा को लेकर लोगों को किया गया जागरूक

**औरंगाबाद (एसवीवी.सं.)।** वरीय जिला समादेष्टा सह जिला अग्निशमन पदाधिकारी प्रभा कुमारी ने अग्नि सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां साझा करते हुए लोगों को आग से बचाव एवं सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूक किया।



उन्होंने कहा कि थोड़ी सी सतर्कता और सावधानी अपनाकर आगजनी की घटनाओं को रोका जा सकता है तथा जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकती है। उन्होंने लोगों से अपील की कि घर, कार्यालय एवं सार्वजनिक स्थलों पर अग्नि सुरक्षा के आवश्यक उपायों को अपनाएं और किसी भी आपात स्थिति में घबराने के बजाय तुरंत संबंधित विभाग को सूचना दें। प्रभा कुमारी ने कहा कि गर्मी के मौसम में आग लगने की घटनाओं की संभावना अधिक रहती है। ऐसे में बिजली के उपकरणों का सावधानीपूर्वक उपयोग करें, गैस सिलेंडर एवं ज्वलनशील पदार्थों को सुरक्षित स्थान पर रखें तथा बच्चों को आग से दूर रहने के लिए जागरूक करें। उन्होंने कहा कि सामूहिक जागरूकता और सतर्कता से ही अग्निकांड जैसी घटनाओं से बचाव संभव है।

### रेड क्रॉस सोसाइटी के स्थापना दिवस पर रक्तदान शिविर आयोजित, रक्तदाताओं को किया सम्मानित

# मानवता की सेवा है रेड क्रॉस का मूल कार्य : डीएम

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**




औरंगाबाद रेड क्रॉस सोसाइटी के सभागार में विश्व रेड क्रॉस दिवस सह स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला पदाधिकारी सह रेड क्रॉस प्रेसिडेंट अभिलाषा शर्मा, रेड क्रॉस अध्यक्ष सतीश कुमार सिंह, ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. रवि रंजन, उपाधीक्षक डॉ. आशुतोष कुमार सिंह, डीपीएम अनवर आलम, प्रबंध समिति सदस्य डॉ. शोभा रानी, डॉ. राजीव कुमार, डॉ. अभिषेक एवं एनटीपीसी के सीएमओ किरण शर्मा द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर सभी अतिथियों ने रेड क्रॉस के संस्थापक सर जीन हेनरी ड्यूनेंट के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में आगत अतिथियों का स्वागत बुके एवं अंगवस्त्र देकर किया गया।

जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि रेड क्रॉस संस्था मानवता की मिसाल है और आपदा-विपदा के समय सदैव लोगों के साथ खड़ी रहती है। उन्होंने कहा कि जब भी संस्था को उनकी आवश्यकता होगी, वह हमेशा रेड क्रॉस के साथ खड़ी रहेंगी। रेड क्रॉस अध्यक्ष सतीश कुमार सिंह ने कहा कि रक्तदान जीवनदान के समान है। रक्तदान के माध्यम से किसी व्यक्ति और उसके परिवार को नया जीवन दिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि रेड क्रॉस कोरोना काल से लेकर अग्निपीड़ितों की सहायता तक हर परिस्थिति में जरूरतमंदों के साथ खड़ा रहा है और अपने संसाधनों से लगातार सेवा कार्य करता आ रहा है। कार्यक्रम का संचालन कर रहे रेड क्रॉस के उपाध्यक्ष मरगूब आलम ने उन सभी संस्थाओं का आभार व्यक्त किया, जो वर्षभर रक्तदान कर रक्त की कमी को दूर करने में सहयोग करती हैं। वहीं रेड क्रॉस सचिव दीपक कुमार ने कहा कि विश्व रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर वैसे लोगों को सम्मानित किया गया, जो वर्ष में तीन से चार बार रक्तदान कर समाज के लिए प्रेरणा बनते हैं। कार्यक्रम के दौरान सदर अस्पताल में भर्ती सैकड़ों मरीजों के बीच फल वितरण भी किया गया। समारोह के अंत में आए हुए सभी अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

इस अवसर पर प्रबंध समिति के सदस्य मुकेश कुमार गुप्ता, पंकज वर्मा, मनोज कुमार सिंह, पिंटू कुमार गुप्ता, धर्मेंद्र सिंह, सिकंदर हयात, डॉ. राजीव कुमार, चंदन कुमार सिंह, उज्ज्वल कुमार सिंह, अजीत चंद्र सहित कई लोग उपस्थित रहे। वहीं रक्तदान करने वालों में सुनील कुमार, सोनू कुमार योगी, चंदन कुमार, प्रशांत कुमार तिवारी, अमित गुप्ता, विवेक सिंह चौहान, रोशन पाठक, उत्कर्ष कुमार सिंह समेत अन्य लोगों ने रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की।

वहीं अंबा दधपा निवासी विवेक कुमार मिश्रा एवं उनकी पत्नी कविता मिश्रा को बिहार में सर्वाधिक बार संयुक्त रूप से रक्तदान करने के लिए सम्मानित किया गया। विवेक कुमार मिश्रा अब तक 42वीं बार और कविता मिश्रा 31वीं बार रक्तदान कर चुके हैं। वहीं पठान टोली निवासी शाहनवाज रहमान उर्फ सल्लू खान को 42वीं बार रक्तदान करने के लिए सम्मानित किया गया। इसके अलावा 'रक्तदान जनसेवा' के अध्यक्ष राहुल राज को दर्जनों रक्तदान शिविर आयोजित करने एवं लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करने के लिए सम्मानित किया गया। रेड क्रॉस अध्यक्ष सतीश कुमार सिंह ने संस्था की एक वर्ष की उपलब्धियों की जानकारी देते हुए बताया कि अप्रैल 2025 से मार्च 2026 तक कुल 23 रक्तदान शिविर आयोजित किए गए, जिनसे 961 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। इसके

# डीएम और एसपी ने किया उत्तर कोयल परियोजना का निरीक्षण, निर्माण कार्य में तेजी लाने का निर्देश

**निज संवाददाता | मदनपुर (औरंगाबाद)**



जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल ने संयुक्त रूप से मदनपुर प्रखंड अंतर्गत उत्तर कोयल परियोजना के पैकेज-09 के चैनल संख्या-86 का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण का उद्देश्य परियोजना के अंतर्गत संचालित निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करना तथा कार्य की गुणवत्ता का आकलन करना था। निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी ने विभिन्न स्थलों पर चल रहे खुदाई कार्य, सबग्रेड सामग्री बिछाव, सीएनएस कार्य, नहर लाइनिंग एवं पीसीसी कार्य का अवलोकन किया। समीक्षा में निर्माण कार्यों की प्रगति संतोषजनक पाई गई। अधिकारियों ने बताया कि पैकेज-09 के अंतर्गत 82.32 किलोमीटर से 90.02 किलोमीटर तक कुल 7.70 किलोमीटर क्षेत्र में निर्माण कार्य कराया जा रहा है। अब तक 3.20 किलोमीटर कार्य पूर्ण किया जा चुका है तथा 12 में से तीन संरचनाओं का निर्माण पूरा हो गया है। वर्तमान में खुदाई, सीएनएस, लाइनिंग एवं अन्य संरचना निर्माण कार्य प्रगति पर हैं। परियोजना की कुल भौतिक प्रगति 41.60 प्रतिशत दर्ज की गई है।

निरीक्षण के दौरान कुछ स्थलों पर जलभराव एवं जल रिसाव की समस्या भी सामने आई, जिसके कारण निर्माण कार्य प्रभावित हो रहा है। अधिकारियों ने बताया कि समस्या के समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है तथा बेंच कटिंग का कार्य भी प्रगति पर है। जिला पदाधिकारी ने परियोजना के तकनीकी एवं प्रशासनिक पहलुओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए निर्माण कार्य की गुणवत्ता एवं गति बनाए रखने का निर्देश दिया। उन्होंने संबंधित कार्य एजेंसी को निर्देशित किया कि शेष सभी स्ट्रक्चर निर्माण कार्य इस माह के अंत तक हर हाल में पूरा कर लिया जाए, ताकि नहर में पानी छोड़े जाने के बाद जल का अपव्यय न हो और किसानों को सिंचाई के लिए सुचारु रूप से पानी उपलब्ध कराया जा सके। निरीक्षण के दौरान सीएनएस निर्माण कार्य में झारखंड राज्य की ओर से उत्पन्न समस्याओं को लेकर भी संबंधित एजेंसी से चर्चा की गई।

## मछुआरों के सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा कदम लाभुकों के बीच वितरित किए गए वाहन और नाव

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा शुक्रवार को समाहरणालय परिसर में डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग अंतर्गत संचालित मछुआ कल्याण योजनाओं के तहत लाभुकों के बीच मत्स्य परिवहन वाहन एवं नाव पैकेज योजनाओं का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान मत्स्य परिवहन वाहन योजना के अंतर्गत सात थ्री-व्हीलर आईस बॉक्स वाहनों का वितरण किया गया, जबकि नाव-जाल पैकेज योजना के तहत दो फिशिंग वुडेन बोट लाभुकों को प्रदान की गई।

इस अवसर पर जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में उत्पादित मछलियों को ताजे रूप में बाजार तक पहुंचाने के लिए यह पहल अत्यंत महत्वपूर्ण है। इससे मत्स्य व्यवसायियों को सुविधा मिलेगी और उपभोक्ताओं को भी ताजी मछलियां उपलब्ध हो सकेंगी। उन्होंने कहा कि सरकार मछुआरों एवं मत्स्य पालकों के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए लगातार कार्य कर रही है। मगध परिक्षेत्र के उप मत्स्य निदेशक विपिन ने योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि थ्री-व्हीलर आईस बॉक्स वाहन की प्रति इकाई लागत तीन लाख रुपए निर्धारित है, जिस पर लाभुकों को 50 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है। वहीं फिशिंग वुडेन बोट की प्रति इकाई लागत 1.244 लाख रुपए है, जिस पर 90 प्रतिशत तक अनुदान का प्रावधान किया गया है। उन्होंने बताया कि दोनों योजनाओं के अंतर्गत कुल 12.74 लाख रुपए की अनुदान राशि प्रदान की जा रही है।

## नदी में डूब कर दो मासूम बच्चों की मौत

**औरंगाबाद (एसवीवी.सं.)।** औरंगाबाद के मुफस्सिल थाना क्षेत्र में शुक्रवार की शाम एक हादसे में दो मासूम बच्चों की नदी में डूबने से मौत हो गई। घटना पवई गांव के पास बटाने नदी में हुई। हादसे के बाद तिताई बिगहा गांव में मातम पसरा हुआ है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतकों की पहचान तिताई बिगहा निवासी अनीश कुमार के छह साल के बेटे शिवम कुमार और राजकुमार के 10 साल के बेटे आर्या कुमार के रूप में की गई है। बताया जाता है कि तिताई बिगहा और पवई गांव के बीच खाली मैदान में कई बच्चे गेंद खेल रहे थे। इसी दौरान खेलते-खेलते गेंद बटाने नदी में जा गिरी। गेंद निकालने के लिए तीन बच्चे नदी में उतर गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बच्चों को नदी की गहराई का अंदाजा नहीं था। गेंद निकालने के दौरान वे धीरे-धीरे गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे।